www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com
पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
बिलासपुर, शनिवार, 21 जून 2025 । वर्ष – 35 । अंक– 52 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु



योग दिवस आज
अभिमत
■ कबाड़ से जुगाड़ ही उनकी पहचान है — पृष्ठ 4
■ पाकिस्तान के आग्रह पर सऊदी अरब ने कराया सीजफायर
■ ट्रंप दो सप्ताह में ईरान पर कार्रवाई का फैसला करेंगे : कैरोलिन — पृष्ठ 9
सीपीएल 2025 से पहले ट्रिनबागो नाइट राइडर्स ने ब्रावो को मुख्य कोच नियुक्त — पृष्ठ 10

# तेल अवीव से लेकर हाइफा तक धमाके

## इरान-इजराइल जंग के आठवें दिन ईरानी मिसाइलों ने मचाया कहर



- इजराइल के बीर्शेबा में माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस के पास गिरी ईरानी मिसाइल
- कई कारों में लगी आग व आस-पास के घरों को पहुंचा नुकसान
- ईरान में मौत का आंकड़ा 657 पहुंचा

**तेहरान/तेल अवीव,** 20 जून (एजेंसियां)। ईरान और इजराइल के बीच जंग के आठवें दिन शुक्रवार सुबह ईरान ने इजराइल के बीर्शेबा शहर में माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस के पास बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया। इससे कई कारों में आग लग गई। आस-पास के घरों को भी नुकसान पहुंचा। ईरान ने गुरुवार को बीर्शेबा के एक अस्पताल पर मिसाइल दागी थी, जिसमें 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका का मानना है कि ईरान अब परमाणु हथियार बनाने की पूरी क्षमता रखता है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि अगर ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई आदेश दे दें, तो ईरान कुछ ही हफ्तों में परमाणु बम बना सकता है। लेविट ने कहा कि ईरान के पास परमाणु हथियार बनाने के लिए जरूरी हर चीज मौजूद है। अब बस उन्हें अपने नेता के हां कहने भर की देर है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर ईरान ऐसा करता है, तो इससे सिर्फ इजराइल नहीं, ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### नाटो समिट में उठेगा ईरान का मुद्दा

जर्मन सरकार के प्रवक्ता ने शुक्रवार को कहा कि अगले सप्ताह होने वाले नाटो शिखर सम्मेलन में ईरान पर चर्चा होने की संभावना है। प्रवक्ता ने इजराइल-ईरान युद्ध में संभावित अमेरिकी सैन्य भागीदारी का जिक्र करते हुए कहा कि हम सहयोगियों की संभावित हमले की योजनाओं पर टिप्पणी नहीं करते हैं। बता दें, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को कहा था कि वह दो सप्ताह के भीतर तय करेंगे कि उनका देश इजराइली हमलों में शामिल होगा या नहीं।

### ईरान ने भारत के लिए अपना एयरस्पेस खोला

इजराइल के साथ हफ्ते भर से जारी जंग के बीच ईरान ने भारत के लिए अपना एयरस्पेस खोल दिया है। ऑपरेशन सिंधु के तहत भारत सरकार अगले दो दिनों के दौरान 3 स्पेशल चार्टर्ड फ्लाइट्स से करीब 1 हजार भारतीय छात्रों का वहां से रेस्क्यू करेगी। छात्रों को लेकर एक फ्लाइट शुक्रवार रात और दो फ्लाइट्स शनिवार दोपहर तक भारत पहुंचेगी। इन फ्लाइट्स की व्यवस्था भारत सरकार ने की है। ये फ्लाइट्स ईरान के मशहद से उड़ान भरेंगी और दिल्ली में उतरेंगी। इससे पहले 110 भारतीय छात्र 19 जून को ईरान से भारत पहुंचे थे। हालांकि, इन्हें लैंड बॉर्डर के रास्ते ईरान से निकाला गया था। क्योंकि 13 जून को इजराइली हमले के बाद से ईरान का एयरस्पेस इंटरनेशनल फ्लाइट्स के लिए बंद था।

# मार्च 2026 तक नक्सलवाद का जड़ से होगा खात्मा : मुख्यमंत्री

## शांति और विकास राह पर बढ़ रहा है बस्तर



■ शासन की योजनाओं से बदली गांवों की तस्वीर : साय

**रायपुर**, 20 जून (देशबन्धु)। इच्छाशक्ति, संवेदना और समावेशी नीति से हमने बस्तर में बदलाव की नई शुरुआत की है। बस्तर के युवाओं का आत्मबल ही हमारी प्रेरणा है और हम सब मिलकर नया बस्तर गढ़ेंगे। आप सभी ने पहली बार राजधानी रायपुर को देखा है, आप सभी का यहां स्वागत है और आपकी यह यात्रा सुखद और चिरस्मरणीय हो। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज अपने निवास में प्रदेश के सुदूर और नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले के नियद नेल्ला नार ग्राम पंचायतों के 96 युवक-युवतियों के दल से आत्मीय संवाद कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार नियद नेल्ला नार जैसी योजनाओं के माध्यम से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति और विकास की नई राह खोल रही है। उन्होंने कहा कि आप छत्तीसगढ़ के भविष्य हैं और आप सभी की भागीदारी से ही हम बस्तर क्षेत्र और प्रदेश को आगे लेकर जायेंगे। साय ने कहा कि %नियद नेल्ला नार' योजना से जुड़कर जहां गांवों की तस्वीर बदल रही है, वहीं युवाओं को भी आत्मनिर्भरता और सम्मानजनक जीवन मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने युवाओं से कहा कि हमारी सरकार आपके क्षेत्र में शांति व्यवस्था स्थापित करने में जुटी हुई है और केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने ठान लिया है कि मार्च 2026 तक नक्सलवाद को जड़ से समाप्त करना है। उन्होंने कहा कि माओवादी आपके क्षेत्र में विकास नहीं चाहते, लेकिन विकास के रास्ते आने वाली सभी बाधाओं को हम दूर करेंगे। बस्तर का मनोबल हमें नक्सलवाद जैसी कुरीतियों को जड़ से समाप्त करने की ऊर्जा दे रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर आपके क्षेत्र में घने जंगल, मनमोहक झरने और ऊँचे पहाड़ हैं। वहां भूमि उपजाऊ है और अच्छी ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## सार संक्षेप

### राज्यपाल-मुख्यमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की दी शुभकामनाएं

**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा है कि योग हमारे देश की प्राचीन विद्या है और उत्तम स्वास्थ्य के लिए एक जीवन दर्शन है।

### कनाडा में भारतीय छात्रा की मौत

**नई दिल्ली।** कनाड़ा में वैंकूवर स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने कहा है कि कैलगरी विश्वविद्यालय में पढ़ने वाली एक भारतीय छात्रा तान्या त्यागी की मौत हो गई है। दूतावास ने छात्रा की मौत का कारण नहीं बताया लेकिन कहा है कि वह अधिकारियों के संपर्क में है और शोक संतप्त परिवार को सभी सहायता प्रदान करेगा। दूतावास ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा हम कैलगरी विश्वविद्यालय की भारतीय छात्रा सुश्री तान्या त्यागी के आकस्मिक निधन से दुखी हैं।

### बैंक धोखाधड़ी मामले में रतुल पुरी आरोप मुक्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली की दो अलग-अलग अदालतों ने उद्योगपति रतुल पुरी और अन्य आरोपियों को कुल 1,1 करोड़ रुपए के बैंक धोखाधड़ी के दो मामलों में आरोप मुक्त कर दिया है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीई) के आरोपपत्र में किसी भी प्रकार की आपराधिक मंशा साबित न होने पर अदालत ने यह फैसला सुनाया। यह दोनों मामले मोजर बेयर सोलर लिमिटेड और मोजर बेयर इंडिया लिमिटेड से जुड़े थे, जिनमें एक मामले में 747 करोड़ रुपए और दूसरे मामले में 354 करोड़ रुपए की बैंक धोखाधड़ी के आरोप लगाए गए थे।

### डीएनए मिलान से अब तक 220 शवों की पहचान

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया प्लेन क्रैश के एक सप्ताह बाद भी डीएनए मिलान से शवों की पहचान की जा रही है। शुक्रवार को गुजरात के स्वास्थ्य मंत्री रुशिकेश पटेल ने बताया कि अब तक 22 शवों की पहचान हो गई है और उनमें से 22 के पार्थिव शरीर उनके परिजनों को सौंप दिए गए हैं। अहमदाबाद में हुई इस दुर्घटना में 27 लोगों की मौत हो गई थी।

# डिजिटल अरेस्ट कर 28 लाख उड़ाए, गुजरात से तीन गिरफ्तार



- किरन्दुल के एनएमडीसी कर्मी को बनाया शिकार
- वाट्सएप कॉल में मुंबई में एफआईआर होने की दी थी झूठी जानकारी

**दंतेवाड़ा**, 20 जून (देशबन्धु)। किरन्दुल के एनएमडीसी कर्मी को डिजिटल अरेस्ट कर 28 लाख की धोखाधड़ी करने वाले तीन आरोपियों को गुजरात के जामनगर से गिरफ्तार किया गया है। यह घटना अब से करीब 20 दिन पहले हुई थी। दंतेवाड़ा साइबर टीम और किरन्दुल पुलिस को यह सफलता मिली है।

किरन्दुल एनएमडीसी कर्मी को 30 मई की शाम पौने 8 बजे एक वाट्सएप काल आया, जिसमें एक व्यक्ति द्वारा कहा गया कि मुंबई में उनके नाम से बैंक अकाउंट खोला गया है जिसमें अवैध लेन-देन हुआ है। मुंबई में आप के विरूद्ध मनी लाड्रिंग का केस दर्ज कर एफआईआर की गई है। इसी कॉल में आरोपी ने अपने एक और साथी को शामिल कर मामला रफा-दफा करने 28 लाख ट्रांसफर करने कहा। एनएमडीसी कर्मी घबरा गया और डर कर आरोपी के खाते में 28 लाख ट्रांसफर कर दिये। एनएमडीसी कर्मी को लगा कि उसके साथ धोखाधड़ी हुई है। फिर मामले की शिकायत किरन्दुल थाने में दर्ज करायी गई। एसपी गौरव राय ने मामले को गंभीरता से लिया और सायबर टीम दंतेवाड़ा और किरन्दुल पुलिस की संयुक्त दल गठित कर मामले की जांच शुरू की गई। तकनीकी शाखा दंतेवाड़ा के नोडल अधिकारी गौरव सिंह के नेतृत्व में वित्तीय लेन-देन और साइबर फारेन्सिक टूल्स उपयोग कर पतासाजी की गई। निरीक्षण विमल राय के नेतृत्व में टीम गठित करते हुए तीन आरोपी आफताब समा, किशन वाडेर और पारिया अजय को गुजरात के जामनगर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इन आरोपियों के बैंक खाते में जमा राशि को भी जप्त किया जाएगा। मामले में लिप्त अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दूसरे राज्य टीम रवाना की जाएगी।

# एअर इंडिया की नौ उड़ानें रद्द



- हवाई अड्डे पर मेंटेनेंस व ऑपरेशनल कारणों का दिया हवाला
- अहमदाबाद विमान हादसे के बाद 9 दिनों में 84 उड़ानें हुई रद्द
- 21 जून से 15 जुलाई तक सेवाएं होंगी प्रभावित

**नई दिल्ली**, 20 जून (एजेंसियां)। एअर इंडिया ने शुक्रवार को 9 फ्लाइट्स कैंसिल कर दी हैं। इनमें चार अंतरराष्ट्रीय और पांच घरेलू हैं। एअर इंडिया ने बताया कि एयरपोर्ट पर मेंटेनेंस और ऑपरेशनल वजहों से इन उड़ानों को रद्द किया गया है। घरेलू उड़ानों में पुणे से दिल्ली जा रही फ्लाइट एआई 874, अहमदाबाद से दिल्ली की फ्लाइट एआई 456, हैदराबाद से मुंबई की फ्लाइट एआई 2872 और चेन्नई से मुंबई की फ्लाइट एआई 571 रद्द हुई हैं। वहीं, अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में दुबई से चेन्नई आ रही फ्लाइट एआई 906, दिल्ली से मेलबर्न जा रही फ्लाइट एआई 308, मेलबर्न से दिल्ली आ रही फ्लाइट एआई 309 और दुबई से हैदराबाद आ रही फ्लाइट एआई 2204 शामिल हैं। वहीं, दिल्ली से पुणे जा रही फ्लाइट से पक्षी टकराया गया, जिसके चलते विमान की रिटर्न जर्नी कैंसिल कर दी गई। इस तरह अहमदाबाद प्लेन क्रैश के बाद 9 दिन में अलग-अलग वजह से अब तक 84 उड़ानें रद्द की गई हैं। 12 जून को हुए विमान हादसे में 270 लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद से हर हवाई अडड़े पर विमानों की ऑपरेशनल चेकिंग को सख्त कर दिया गया ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## बिहार को 6 हजार करोड़ की योजनाओं की सौगात

**पटना/भुवनेश्वर**, 20 जून (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को बिहार को 6000 करोड़ रुपए की योजनाओं की सौगात दी। मोदी बिहार के सीवान पहुंचे। जहां से उन्होंने करीब 10 हजार करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने प्रदेश के 51 हजार लोगों को पीएम आवास योजना की पहली किस्त जारी की। इसके अलावा पीएम मोदी ने वैशाली में नई रेल लाइन और पटना-गोरखपुर वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई।

**ओडिशा को भी दी करोड़ों की सौगात**-प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भुवनेश्वर में ओडिशा को 18,600 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

# प्रदेश के आईपीएस अफसर के खिलाफ जांच!

**रायपुर**, 20 जून (देशबन्धु)। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बीएसएफसे राज्य पुलिस में विलय होकर आईपीएस अफसर बने यशपाल सिंह को आईपीएस अवार्ड के खिलाफजांच के लिए मुख्य सचिव व संघ लोक सेवा आयोग के सचिव को पत्र लिखा है आईपीएस यशपाल वर्तमान में मोहला.मानपुर जिले के पुलिस अधीक्षक हैं आरोप है कि ईओडब्ल्यू में जांच लंबित होने के बाद भी उन्हें आईपीएस अवार्ड कर दिया गया है।

एक मीडिया रिपोर्ट में दावा करते हुए बताया गया है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा है कि आईपीएस अवार्ड में मंत्रालय की भूमिका सीमित होती है फिर भी आरोपों की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई की जरूरत है रायपुर के सामाजिक कार्यकर्ता विवेक कुमार सिंह ने यशपाल सिंह को आईपीएस अवार्ड के खिलाफप्रधामंत्री कार्यालय में शिकायत की थी पीएमओ ने यह पत्र केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेज दिया शिकायतकर्ता ने इसकी सीबीआई जांच कराने की मांग की है आरोप है कि इस प्रक्रिया में नियमों को दरकिनार कर गलत तरीके से वरिष्ठता दी गई है छत्तीसगढ़ राज्य आर्थिक अपराध शाखा भी यशपाल सिंह के खिलाफजांच कर रही है इसके बावजूद वर्ष 2019 में यूपीएससी ने उन्हें आईपीएस चयन समिति में शामिल लिया और बाद में केंद्र सरकार से भी आईपीएस अवार्ड को मंजूरी मिल गई छत्तीसगढ़ पीएससी व पुलिस अधिकारी संघ ने यशपाल सिंह की नियुक्ति को कैडर व्यवस्था के खिलाफ बताया था छत्तीसगढ़ पीएससी ने भी बीएसएफके अधिकारी के राज्य पुलिस में विलय पर आपत्तियां की थी शिकायत पर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 13 जून 2025 को एक पत्र जारी कर मुख्य सचिव व यूपीएससी सचिव को मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। साथ ही यह पता लगाने कहा है कि क्या नियुक्ति प्रक्रिया में अनियमितताएं हुईं और क्या यूपीएससी को यशपाल सिंह के खिलाफ ईओडब्ल्यू जांच की जानकारी थी।

**कलकत्ता हाईकोर्ट से ममता को झटका**

# बेरोजगार ग्रेड सी-डी स्कूल कर्मचारियों की आर्थिक मदद रोकी

**26 हजार शिक्षण व गैर-शिक्षण कर्मचारियों पर पड़ेगा असर**

**कोलकाता**, 20 जून (एजेंसियां)। कलकत्ता हाईकोर्ट ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल सरकार को 26 सितम्बर तक गैर-शिक्षण कर्मचारियों को आर्थिक सहायता प्रदान करने की योजना को लागू करने से रोक दिया है। कर्मचारियों ने सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले के बाद अपनी नौकरी खो दी थी, जिसमें चयन प्रक्रिया को गलत ठहराया गया था।

हाईकोर्ट ने 9 जून को उन याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिनमें राज्य द्वारा ग्रुप सी के प्रत्येक कर्मचारी को 25,000 रुपए और ग्रुप डी के प्रत्येक कर्मचारी को 20,000 रुपए का भुगतान करने का विरोध किया गया था। अंतरिम आदेश में न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने राज्य सरकार को 26 सितम्बर तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, गैर-शिक्षण कर्मचारियों को आर्थिक राहत प्रदान करने की योजना को आगे बढ़ाने से रोक दिया है। उन्होंने राज्य सरकार को चार सप्ताह में याचिकाकर्ताओं की दलीलों के विरोध में अपना हलफनामा दाखिल करने और उसके बाद एक पखवाड़े के भीतर याचिकाकर्ताओं की ओर से जवाब देने का निर्देश दिया। पश्चिम बंगाल सरकार ने समूह सी और डी श्रेणियों में गैर-शिक्षण कर्मचारियों के संकटग्रस्त परिवारों को मानवीय आधार पर सीमित आजीविका, सहायता और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए एक योजना शुरू की थी। इन कर्मचारियों को पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग की ओर से आयोजित 2016 की चयन प्रक्रिया के माध्यम से भर्ती किया गया था।

# अंग्रेजी भाषा शर्म नहीं शक्ति : राहुल



**नई दिल्ली**, 20 जून (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि अंग्रेजी सशक्तीकरण करती है। यह शर्मनाक नहीं है और इसे हर बच्चे को सिखाया जाना चाहिए। राहुल ने आरोप लगाया कि भाजपा-आरएसएस नहीं चाहते कि गरीब बच्चे यह भाषा सीखें, क्योंकि वे नहीं चाहते कि वे सवाल पूछें और समानता हासिल करें। राहुल का यह पोस्ट अमित शाह की उस टिप्पणी के बाद आया, जिसमें शाह ने कहा था कि इस देश में जो लोग अंग्रेजी बोलते हैं, उन्हें जल्द ही शर्म आएगी। कांग्रेस नेता ने कहा कि आज की दुनिया में, अंग्रेजी उतनी ही जरूरी है जितनी आपकी मातृभाषा, क्योंकि यही रोजगार दिलाएगी, आत्मविश्वास बढ़ाएगी। भारत की हर भाषा में आत्मा है, संस्कृति है, ज्ञान है। हमें उन्हें संजोना है, और साथ ही हर बच्चे को अंग्रेजी सिखानी है। यही रास्ता है एक ऐसे भारत का, जो दुनिया से मुकाबला करे, जो हर बच्चे को बराबरी का मौका दे।

भाषा पर छिड़ी बहस के बीच, तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने शुक्रवार को कहा कि भारत में 22 संवैधानिक रूप से मान्यता प्राप्त भाषाएं और 19,500 भाषाएं और बोलियां हैं और यही हमारे देश की विविधता में एकता है।

**स्विस नेशनल बैंक के आंकड़ों में हुआ खुलासा**

# स्विस बैंकों में भारतीयों के 37,600 करोड़ जमा

**11 प्रतिशत बढ़ा ग्राहक खातों में जमा धन**

**नई दिल्ली/ज्यूरिख,** 20 जून (एजेंसियां)। स्विस बैंकों में भारतीयों का जमा पैसा 2023 के मुकाबले 2024 में तीन गुना बढ़कर 3.5 अरब स्विस फ्रैंक हो गया है। भारतीय रुपए में यह रकम करीब 37,600 करोड़ रुपए होती है। स्विस नेशनल बैंक ने यह आंकड़े जारी किए। हालांकि, भारतीयों के ग्राहक खातों में जमा धन केवल 11 प्रतिशत बढ़ा और यह 34.6 करोड़ स्विस फ्रैंक (लगभग 3,675 करोड़ रुपए) रहा। यह कुल धन का लगभग दसवां हिस्सा है। इससे पहले, 2023 में भारत के लोगों और कंपनियों की ओर से स्विस बैंकों में जमा धन में 70 प्रतिशत की गिरावट की आई थी और यह चार साल के निचले स्तर 1.04 अरब स्विस फ्रैंक पर आ गया था। इसमें स्थानीय शाखाओं और अन्य वित्तीय संस्थानों के माध्यम से रखी जमा राशि शामिल है। एसएनबी ने 2023 के अंत में स्विस बैंकों की कुल देनदारियों या उनके भारतीय ग्राहकों की बकाया राशि के रूप में कुल राशि 354.55 करोड ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### 221 में टूटा था 14 साल की रिकॉर्ड

बीते वर्ष की जमा राशि 2021 के बाद से सबसे अधिक है। उस समय स्विस बैंकों में भारतीयों की जमा राशि 14 साल के उच्चतम स्तर 3.83 अरब स्विस फ्रैंक पहुंच गई थी। यह स्विस नैशनल बैंक (एसएनबी) को बैंकों से मिले आधिकारिक आंकड़े हैं। इसे स्विट्जरलैंड में रखे गए भारतीयों का काला धन नहीं माना जाना चाहिए। इन आंकड़ों में वह राशि भी शामिल नहीं है जो भारतीयों, एनआरआई या अन्य लोगों ने तीसरे देश की संस्थाओं के नाम पर स्विस बैंकों में रखी हो सकती है।

**रिपोर्ट** — 2024 के लोकसभा चुनावी खर्च को लेकर एडीआर का खुलासा

# भाजपा ने किए 1,494 करोड़ और कांग्रेस ने 620 करोड़ खर्च

**नई दिल्ली, 20 जून (एजेंसियां)। चुनाव अधिकार के निकाय एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने शुक्रवार को कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने लगभग 1,494 करोड़ रुपए खर्च किए, जो कुल चुनावी व्यय का 44.56 प्रतिशत है। इसके बाद कांग्रेस का स्थान है जिसने 620 करोड़ रुपए या कुल व्यय का 18.5 प्रतिशत खर्च किया।**

*एडीआर ने कहा कि उसने 32 राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों के रिकार्ड का विश्लेषण किया। इन पार्टियों ने 16 मार्च से छह जून, 2024 के बीच लोकसभा चुनावों के साथ-साथ हुए आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा और सिक्किम विधानसभा चुनावों के दौरान कुल 3,352.81 करोड़ रुपये खर्च किए। इस खर्च में राष्ट्रीय दलों का योगदान 2,204 करोड़ रुपये (65.75 प्रतिशत) से अधिक रहा। रिपोर्ट के अनुसार, एकत्रित कुल धन में से राष्ट्रीय दलों को 6,930.246 करोड़ रुपए (93.08 प्रतिशत) और क्षेत्रीय दलों को 515.32 करोड़ रुपए (6.92 प्रतिशत) प्राप्त हुए। यह विश्लेषण अनिवार्य व्यय विवरण पर आधारित है, जिसे राजनीतिक दलों को आम चुनाव के 90 दिनों के भीतर और राज्य चुनाव के 75 दिनों के भीतर चुनाव आयोग के पास दाखिल करना होता है। पार्टियों ने वर्चुअल कैंपेन पर 132 करोड़ रुपए और अपने उम्मीदवारों के आपराधिक इतिहास को प्रकाशित करने पर 28 करोड़ रुपए खर्च किए। प्रचार पर 32 राजनीतिक दलों के कुल खर्च में से 1,511.30 करोड़ रुपए या 75.25 प्रतिशत राष्ट्रीय दलों ने और 496.99 करोड़ रुपए या 24.75 प्रतिशत क्षेत्रीय दलों ने खर्च किए। यात्रा व्यय भी स्टार प्रचारकों पर काफी हुआ था। यात्रा पर खर्च किए गए 795 करोड़ रुपए में से 765 करोड़ रुपए (96.22 प्रतिशत) पार्टी के हाई-प्रोफाइल चेहरों को लाने-ले जाने में खर्च किए गए, जबकि अन्य नेताओं पर सिर्फ 30 करोड़ रुपये खर्च किए गए।*

### चुनावी खर्च की सूची में प्रचार रहा सबसे ऊपर

*एडीआर को पता चला कि इन्हें देरी से दाखिल किया गया। आम आदमी पार्टी (आप) का विवरण 168 दिन देरी से दाखिल हुआ और भाजपा का 139 से 154 दिनों के बाद, जो राज्य पर निर्भर है। केवल कांग्रेस ने लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए एक समेकित रिपोर्ट प्रस्तुत की। चुनावी खर्च की सूची में प्रचार सबसे ऊपर रहा। इस मद में पार्टियों ने 2,008 करोड़ रुपये खर्च किए, जो उनके कुल घोषित व्यय का 53 प्रतिशत से अधिक है। यात्रा व्यय 795 करोड़ रुपए के साथ दूसरे स्थान पर रहा। इसके बाद उम्मीदवारों को एकमुश्त भुगतान 402 करोड़ रुपए का स्थान रहा।*

# पहली ही पोस्टिंग में रिश्वत लेते पकड़ा गया कनिष्ठ अभियंता, एसीबी ने की कार्रवाई



**लोरमी, मुंगेली** 20 जून (देशबन्धु)। एसीबी (भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो) बिलासपुर की टीम ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए लोरमी बिजली विभाग में पदस्थ कनिष्ठ अभियंता कृष्ण कुमार गुप्ता को 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। आरोपी इंजीनियर को एसीबी टीम ने घेराबंदी कर निजी वाहन में रिश्वत लेते समय पकड़ा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी नंदकुमार साहू, निवासी पाली, के घर में अवैध कनेक्शन से बिजली चल रही थी। इस पर कोई कार्रवाई न करने के एवज में कनिष्ठ अभियंता कृष्ण कुमार गुप्ता ने प्रार्थी से 50 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की थी। काफी बातचीत के बाद आज प्रार्थी ने 15 हजार रुपये देने पर सहमति जताई और इस संबंध में एसीबी को शिकायत दी निर्धारित योजना के तहत, कनिष्ठ अभियंता ने रिश्वत की रकम बिजली विभाग कार्यालय से करीब 300 मीटर दूर एक किराना दुकान के पास बुलाकर लेने की बात कही। उसी स्थान पर आरोपी ने अपने निजी वाहन क्रमांक CG 12 AL 4403 में बैठकर प्रार्थी से 15 हजार रुपये की रकम ली। जैसे ही राशि का लेन-देन हुआ, वहां पहले से घात लगाए बैठी एसीबी टीम ने उसे रंगे हाथ पकड़ लिया। एसीबी द्वारा आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर, विधिसम्मत कार्यवाही करते हुए आरोपी को मुंगेली न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

**पूर्व नेवी ऑफिसर है आरोपी**

जानकारी के मुताबिक, पकड़े गए अभियंता कृष्ण कुमार गुप्ता पूर्व में भारतीय नौसेना (नेवी) में अधिकारी रह चुके हैं। सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने बिजली विभाग में कनिष्ठ अभियंता के रूप में नौकरी शुरू की थी और लोरमी उनकी पहली पोस्टिंग थी।

# स्वस्थ जीवन के लिए परिवार के हर सदस्य को करना चाहिए योग -प्रणव कुमार मरपच्ची




**पेंड्रा** 20 जून (देशबन्धु)।। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष, मरवाही विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची ने कहा की जैसा कि आप सभी जानते हैं कि अंतराष्ट्रीय योग दिवस अब हर वर्ष विश्व भर में मनाया जाता है। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से संयुक्त राष्ट्र संघ ने इस दिवस की मान्यता दी और इस दिन दुनिया के सभी देशों में कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। भारत के लिए यह बड़े ही गौरव की बात है। यह 2015 से हर साल 21 जून को मनाया जाता है। क्योंकि उत्तरी गोलार्ध में सबसे लंबा दिन इस दिन होता है और आध्यात्मिक सिद्धियों के लिए यह उपयुक्त समय होने के कारण इस दिन का चयन मोदीजी ने किया। सन 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में इस प्रस्ताव को 177 देशों का समर्थन मिला था । हर वर्ष अलग-अलग थीम पर यह दिवस मनाया जाता है. सन 2025 की थीम- 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' है। राष्ट्रीय और स्थानीय स्तर पर योग सत्र, शिविर, और कार्यशालाओं का आयोजन होगा। पूर्व की तरह ही स्कूलों, कॉलेजों, और कार्यस्थलों में योग कार्यक्रम होंगे, जिसमें सामूहिक योगाभ्यास और जागरूकता सत्र होंगे। इस प्रेस वार्ता के माध्यम से हम जनता से निवेदन करते हैं कि सभी इस आयोजन से जुड़ें। योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं।

विधायक मरपच्ची ने कहा की पूर्व की भांति इस वर्ष भी योग दिवस पर आयोजित शिविरों, विद्यालयों, सामुदायिक केंद्रों और ऑनलाइन सत्रों के माध्यम से लोगों को यह प्रेरणा दी गई कि योग कोई एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि इसे रोज़मर्रा की आदत बनाना चाहिए। यदि प्रत्येक परिवार योग को अपनाता है तो न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य सुधरेगा, बल्कि एक स्वस्थ और सशक्त समाज की नींव भी मजबूत होगी।

अतः आज के दौर में यह आवश्यक हो गया है कि हम सब मिलकर इस प्राचीन भारतीय परंपरा को जीवन का हिस्सा बनाएं और (योगा फॉर वेलनेस) को अपनी दिनचर्या में स्थान दें। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष लालजी यादव, पूर्व अध्यक्ष कन्हैया सिंह राठौर, जिला मीडिया प्रभारी बालकृष्ण अग्रवाल, जिला महामंत्री राकेश चतुर्वेदी, किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बृजलाल सिंह राठौर, नगरपालिका अध्यक्ष मुकेश दुबे, मीडिया सह प्रभारी तापस शर्मा, जनपद अध्यक्ष शिवनाथ बघेल, रमेश तिवारी,मनीष श्रीवास, आदित्य गुप्ता सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी उपस्थित थे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**तेल अवीव से लेकर**

बल्कि अमेरिका और पूरी दुनिया की सुरक्षा को खतरा होगा। इजराइल डिफेंस फोर्स ने कहा कि ताजा हमले में ईरान की ओर से करीब 25 बैलिस्टिक मिसाइलें दागी गई है। डॉक्टरों का कहना है कि हाइफा में एक मिसाइल हमले में कई लोग घायल हो गए है, जिनमें एक नाबालिग की हालत गंभीर है। दक्षिणी और मध्य इजराइल में भी मिसाइल हमले की खबरें हैं।

वॉशिंगटन स्थित एक ह्यूमन राइट्स ग्रुप ने दावा किया है कि ईरान में मौत का आंकड़ा अब 657 हो चुका है और 2,037 लोग घायल हैं। वहीं, जंग में अब तक इजराइल के 24 लोग मारे गए हैं, जबकि 600 से ज्यादा लोग घायल हैं। वहीं ईरान के खोरासन रज़वी इलाके में सुप्रीम लीडर अली खामनेई के प्रतिनिधि अहमद अलामोलहोदा ने शुक्रवार को कहा कि कमांडरों, परमाणु कार्यक्रम अधिकारियों की मौत या सामाजिक नुकसान से ईरानियों को घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने शुक्रवार की नमाज़ के दौरान कहा कि दुश्मन मनोवैज्ञानिक और सैन्य हमलों से डर फैलाना चाहता है, लेकिन ईरानी जनता डटी हुई है। खामनेई की हालिया बंकर से दी गई अपील को दोहराते हुए उन्होंने कहा कि लोग अपना सामान्य जीवन जारी रखें और शहरों को खाली न करें, क्योंकि इससे दुश्मन अपने इरादे में कामयाब हो जाएंगे। ईरान की तरफ से ताजा मिसाइल हमलों से हाइफा में दो लोग घायल हुए हैं, जिनमें एक नाबालिग भी शामिल है। उसकी हालत गंभीर है। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के मुताबिक, घायल 16 साल के लड़के का इलाज कर रहा है। 54 साल के घायल व्यक्ति की हालत ठीक है। कई अन्य लोगों को हल्की चोटें लगी हैं। शुक्रवार को जिनेवा में ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने यूरोपीय संघ की विदेश नीति प्रमुख काजा कालास, फ्रांस, जर्मनी और यूनाइटेड किंगडम के विदेश मंत्रियों के साथ लंच मीटिंग की। यह बैठक ईरान-इजराइल युद्ध के बीच तनाव कम करने और कूटनीतिक समाधान तलाशने के मकसद से हुई। हालांकि ईरान पहले ही साफ कर चुका है कि जब तक इजराइली हमले जारी रहेंगे, वह किसी भी तरह की बातचीत नहीं करेगा। फिर भी इस मुलाकात को संभावित शांति प्रयास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। वहीं ईरान ने यूनेस्को से अपील की है कि वह इजराइली हमलों के कारण उसकी सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहर पर मंडरा रहे सैन्य खतरों से उसकी रक्षा के लिए तत्काल हस्तक्षेप करे। यूनेस्को महानिदेशक ऑड्री अज़ोले को भेजे गए पत्र में ईरान ने बताया कि उसके पास 40,000 से अधिक राष्ट्रीय रूप से पंजीकृत स्थल और 28 वर्ल्ड हेरिटेज नामांकन हैं, जिनमें 54 ऐतिहासिक कारवां सराय, राष्ट्रीय रेलवे, हायर्केनियन जंगल, क़नात और ऐतिहासिक बाग शामिल हैं। ईरान ने चेतावनी दी कि यदि यूनेस्को देरी करता है तो ये धरोहरें पूरी तरह से नष्ट हो सकती हैं। इजराइली मीडिया जेरूसलम पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, गुरुवार रात वॉशिंगटन में इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और शीर्ष सैन्य अधिकारियों ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वांस और डिफेंस सेक्रेटरी पीट हेगसेथ के साथ गुप्त बैठक की। इस बैठक में ईरान पर संभावित सैन्य कार्रवाई में अमेरिका की भूमिका को लेकर चर्चा हुई। रिपोर्ट में दो सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि इस बैठक में इजराइली डिफेंस मिनिस्टर इसराइल काट्ज़, आईडीएफ चीफ एयाल ज़ामिर और स्ट्रैटेजिक अफेयर्स मिनिस्टर रॉन डर्मर भी शामिल थे। चर्चा के विवरण सार्वजनिक नहीं किए गए हैं।

**मार्च 2026 तक नक्सलवाद ...**

खेती होती है। हमारी सरकार खेती को समृद्ध बनाने के लिए पानी की सुविधा आप तक पहुंचाने का काम कर रही है। साय ने कहा कि आप सभी खेती को बढ़ावा दें और जो विद्यार्थी हैं, वे मन लगाकर अच्छी शिक्षा प्राप्त करें। प्रदेश के विकास में आपका सहयोग हमारे लिए बहुत जरूरी है। उन्होंने 'बस्तर ओलंपिक' और 'बस्तर पंडुम' जैसे आयोजनों का उल्लेख करते हुए कहा यह बस्तर की आत्मा की अभिव्यक्ति हैं। इन आयोजनों में हजारों युवाओं, महिलाओं और बच्चों की भागीदारी ने दुनिया को यह संदेश दिया है कि बस्तर अब नए युग की ओर अग्रसर है। बस्तर की कला, संस्कृति और धरोहर को संजोने का कार्य हम सब मिलकर आगे भी करते रहेंगे। आज बस्तर वासियों ने यह दिखा दिया है कि वे हिंसा नहीं, शांति और विकास चाहते हैं। उन्होंने कहा कि बस्तर की धरती वीरता, धैर्य और स्वाभिमान की प्रतीक रही है और अब हम सब मिलकर इसे विकास और समृद्धि के रास्ते पर आगे लेकर जायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन की विभिन्न योजनाओं, कौशल प्रशिक्षण, खेल और शिक्षा के माध्यम से सरकार हर युवा को एक नया अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है।

श्री साय ने युवाओं से आह्वान किया कि वे मुख्यधारा से जुड़कर समाज में बदलाव के वाहक बनें और मजबूत, सुरक्षित व समृद्ध बस्तर के निर्माण में सहभागी बनें। मुख्यमंत्री से युवाओं ने साझा किए अपने विचार, कहा बस्तर को बदलने का बनेंगे माध्यम- बीजापुर जिले के सुदूर गांवों से राजधानी पहुंचे युवाओं ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से खुलकर संवाद किया। युवाओं ने न सिर्फ अपने अनुभव साझा किए, बल्कि अपने सपनों और संकल्पों की भी बात की। उन्होंने कहा कि हम शिक्षा, खेल, हुनर और सेवा के रास्ते पर चलकर अपने जीवन को बेहतर बनाना चाहते हैं। बस्तर को बदलना है, और हम इस बदलाव के सहभागी बनना चाहते हैं। युवाओं ने बताया कि चनियद नेल्ला नारज योजना ने उन्हें नई पहचान और दिशा दी है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, वन मंत्री केदार कश्यप, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम के साथ ही वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

**एअर इंडिया की ...**

है। एअर इंडिया ने 21 जून से 15 जुलाई 2025 तक हर हफ्ते 38 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें घटाने और तीन विदेशी मार्ग पर सेवाएं बंद करने का ऐलान किया है। हालिया विमान दुर्घटना के बाद सुरक्षा जांच बढ़ाई गई है, जिससे उड़ानों पर असर पड़ा है।

यह घोषणा उस समय की गई है जब एक दिन पहले एयरलाइन ने कहा था कि वह अस्थायी रूप से बड़े आकार वाले विमानों से संचालित उड़ानों में 15 प्रतिशत की कटौती करेगी। एयरलाइन ने बयान में कहा, यह कटौती 21 जून से प्रभावी होगी और कम से कम 15 जुलाई 2025 तक जारी रहेगी। इसमें दिल्ली-नैरोबी, अमृतसर-लंदन (गैटविक) और गोवा (मोपा)-लंदन (गैटविक) पर 15 जुलाई तक सेवाएं निलंबित रहेंगी। इसके अलावा, उत्तरी अमेरिका, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया और सुदूर पूर्व के शहरों को जोड़ने वाले 16 अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर उड़ानों में कमी की जाएगी।

**स्विस बैंकों में भारतीयों के...**

स्विस फ्रैंक आंकी है। इसमें ग्राहक जमा में 34.6 करोड़ स्विस फ्रैंक (2023 के अंत में 31 करोड़ स्विस फ्रैंक से अधिक), अन्य बैंकों के माध्यम से रखे गए 3.02 अरब स्विस फ्रैंक (42.7 करोड़ स्विस फ्रैंक से अधिक), न्यासों (ट्रस्टों) के माध्यम से 4.1 करोड़ स्विस फ्रैंक (1 करोड़ स्विस फ्रैंक से अधिक) तथा बॉन्ड, प्रतिभूतियों (सिक्यॉरिटीज) और अन्य वित्तीय उत्पादों के रूप में 13.5 करोड स्विस फ्रैंक की राशि शामिल हैं। स्विस बैंकों में विदेशी ग्राहकों की रखी राशि के मामले में ब्रिटेन 222 अरब स्विस फ्रैंक के साथ शीर्ष पर है। उसके बाद दूसरे स्थान पर अमेरिका (89 अरब स्विस फ्रैंक) और तीसरे स्थान पर वेस्टइंडीज (68 अरब स्विस फ्रैंक) है। इन तीनों के बाद शीर्ष 10 में जर्मनी, फ्रांस, हॉन्ग कॉन्ग, लक्जमबर्ग, सिंगापुर, ग्वेर्नसे और संयुक्त अरब अमीरात हैं। भारत इस मामले में 48वें स्थान पर है जबकि 2023 में 67 वें स्थान पर था। हालांकि, यह 2022 के अंत में 46 वें स्थान से नीचे है। पाकिस्तान के निवासियों की जमा राशि भी घटी है और यह 28.6 करोड़ से घटकर 27.2 करोड़ स्विस फ्रैंक पर रही। वहीं बांग्लादेश के मामले में यह 1.8 करोड़ स्विस फ्रैंक से बढ़कर 58.9 करोड़ स्विस फ्रैंक हो गई।

# जिला स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम असेम्बली हाल मल्टीपरपज स्कूल में आज

**विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे**



**गौरेला पेण्ड्रा मरवाही,** 20 जून (देशबन्धु)। कल 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। असेम्बली हाल मल्टीपरपज स्कूल पेंड्रा में आयोजित जिला स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम में उपाध्यक्ष मध्यक्षेत्र विकास प्राधिकरण एवं मरवाही विधायक सुशांत प्रणव कुमार मरपच्ची मुख्य अतिथि होंगे। जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग के सौजन्य से सामूहिक योग कार्यक्रम सुबह 7 से होगा।

कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी ने योग दिवस के सफल आयोजन के लिए समाज कल्याण विभाग सहित विभिन्न विभागों को दायित्व सौंपे है। इस वर्ष का थीम (योग संगम एवं हरित योग, एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य) रखा गया है। कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को परिपत्र जारी कर ग्यारहवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रातः 7 से 8 बजे तक सामान्य योग अभ्यासक्रम पुस्तिका के अनुसार योगासनों का अभ्यास एवं प्रदर्शन करने सभी अधीनस्थ विद्यालयों एवं सार्वजनिक जगहों पर प्रोटोकॉल के तहत करने और सभी विभाग प्रमुखों को कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने कहा है। कलेक्टर ने स्वस्थ जीवन के लिए योगाभ्यास अपनाने तथा योग दिवस पर सभी जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों सहित जिले वासियों से योगाभ्यास में शामिल होने अपील की है।

# योग संपूर्ण विश्व को भारत की अमूल्य देन है - सुशांत शुक्ला




**मुंगेली,** 20 जून (देशबन्धु)। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि योग संपूर्ण विश्व को भारत की ओर से आरोग्यता के लिए अमूल्य देन है। अटल परिसर जिला भाजपा कार्यालय मुंगेली में आयोजित प्रेस वार्ता में मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले की उपस्थिति में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से संयुक्त राष्ट्र संघ ने इस दिन को मान्यता दी और आज यह दिवस विश्वभर में व्यापक स्तर पर मनाया जाता है। यह भारत के लिए गौरव की बात है कि 2014 में इस प्रस्ताव को संयुक्त राष्ट्र महासभा में 177 देशों का समर्थन मिला था। 2015 से यह दिवस हर वर्ष 21 जून को मनाया जा रहा है क्योंकि यह उत्तरी गोलार्ध का सबसे लंबा दिन होता है और आध्यात्मिक दृष्टिकोण से भी यह समय उपयुक्त माना गया है। इस वर्ष की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' (Yoga for One Earth, One Health) है। इस अवसर पर राष्ट्रीय और स्थानीय स्तर पर योग सत्र, शिविर, कार्यशालाएं, स्कूलों, कॉलेजों और कार्यस्थलों पर सामूहिक योगाभ्यास एवं जागरूकता सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। प्रेस वार्ता के माध्यम से सुशांत शुक्ला ने आमजन से अपील की कि वे योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं और पूरे परिवार को स्वस्थ रखने के लिए एक सामूहिक प्रयास करें। उन्होंने कहा कि योग न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक और आत्मिक संतुलन का भी माध्यम है। आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली, मानसिक तनाव और डिजिटल दुनिया से उपजी समस्याओं से निजात पाने के लिए योग सबसे कारगर उपाय है। शुक्ला ने कहा कि योग हर आयु वर्ग के लिए लाभदायक है- बच्चों के लिए यह एकाग्रता और आत्मनियंत्रण बढ़ाने वाला, युवाओं के लिए फिटनेस और आत्मविश्वास बढ़ाने वाला, महिलाओं के लिए हार्मोन संतुलन और मानसिक स्थिरता प्रदान करने वाला तथा वृद्धजनों के लिए स्वास्थ्य समस्याओं में राहत देने वाला साधन है। इस अवसर पर पुन्नूलाल मोहले, जिला भाजपा अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, पूर्व जिलाध्यक्ष शैलेश पाठक, योग गुरु विवेक केशरवानी, पुरुषोत्तम जायसवाल, लोकनाथ सिंह, मिट्ठूलाल यादव, जिला मीडिया प्रभारी सुनील पाठक, कोटूमल दादवानी, रामशरण यादव, अशोक निर्मलकर सहित भाजपा पदाधिकारी, पार्षद एवं पत्रकार गण उपस्थित रहे।

## निधन

### ए. राजेश्वरी राव



**बिलासपुर।** श्री अम्बा टावर, फेस-1, डीपूपारा, विनोबा नगर निवासी ए. राजेश्वरी राव का दिनांक 20 जून 2025 को निधन हो गया। वे ए. काली राव, शंकर राव (शिवम् एड एजेंसी एंड पब्लिसिटी) एवं लक्ष्मी साईं राम की माता थी। इनका अंतिम संस्कार दिनांक 21 जून 2025 दिन शनिवार को दोपहर 12.00 बजे व्यापार विहार रोड स्थित भारतीय नगर मुक्तिधाम में किया जाएगा।

### विनय शर्मा



**तखतपुर।** ग्राम सागर निवासी विनय शर्मा का 40 वर्ष का 19 जून को निधन हो गया। वे शिवकुमार शर्मा पुत्र, वीरेंद्र शर्मा, डॉ प्रवीण तिवारी के बड़े भाई थे। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम सागर में किया गया।

### अश्विनी कुमार तिवारी



**तखतपुर।** ग्राम जोंकी निवासी अश्विनी कुमार तिवारी 70 वर्ष का 17 जून को निधन हो गया। वे बसंत कुमार तिवारी भाई, प्रशांत कुमार तिवारी, भावेश तिवारी के पिता थे। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम जोंकी में किया गया।


## नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पुराना नाम हरीश चन्द्र पिता अंजोर दास अपना पुराना नाम को बदल कर नया नाम हरीश चन्द्र रात्रे पिता अंजोर दास निवास हाउस नं.- 42 दुल्हीनबाई, पो.मुंगेली, मुंगेली छ.ग. 495334 रख लिया हूं। अतः अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय अर्द्ध शासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम हरीश चन्द्र रात्रे पिता अंजोर दास नाम से जाना एवं पहचाना जाय।

**हरीश चन्द्र रात्रे**
हाउस नं.- 42 दुल्हीनबाई, पो.मुंगेली, मुंगेली छ.ग. 495334

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

विवाह प्र.क्र. 145/ब-121/ 2024-2025
ग्राम औराईखुर्द तहसील बलौदा

**// ईश्तहार //**

आवेदक श्री अजय कुमार सूर्यवंशी पिता स्व. श्री कार्तिकराम सूर्यवंशी एवं आवेदिका श्रीमती दीप्ती सूर्यवंशी पति श्री अजय कुमार सूर्यवंशी दोनों निवासी ग्राम औराईखुर्द तहसील बलौदा थाना जांजगीर जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

**बनाम**

छत्तीसगढ़ शासन

आम जनता ग्राम औराईखुर्द तहसील बलौरा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अजय कुमार सूर्यवंशी पिता स्व. श्री कार्तिकराम सूर्यवंशी एवं आवेदिका श्रीमती दीप्ती सूर्यवंशी पति श्री अजय कुमार सूर्यवंशी दोनों निवासी ग्राम औराईखुर्द तहसील बलौदा थाना जांजगीर जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर बताया है कि हम दोनों का विवाह दिनांक 11.07.2024 को ग्राम वार्ड नं. 20 अमरैया पारा जांजगीर तहसील जांजगीर जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) में सम्पन्न हुआ है और अपने अनुष्ठापित विवाह का पंजीयन कर विवाह प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/ आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 09.07.2025 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30.05.2025 को न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील
**विवाह अधिकारी**
**जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं राजेश कुमार अग्रवाल S/O नौरंग लाल अग्रवाल, मकान नंबर बी 101 वार्ड नं. 14 पूजा अपार्टमेंट क्रांति नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495001 अपना पुराना नाम राजेश अग्रवाल S/O नौरंग लाल अग्रवाल को त्यागकर नया नाम राजेश कुमार अग्रवाल S/O नौरंग लाल अग्रवाल रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम राजेश कुमार अग्रवाल S/O नौरंग लाल अग्रवाल के नाम से जाना और पहचाना जावे।

**राजेश कुमार अग्रवाल**
मकान नंबर बी 101 वार्ड नं. 14 पूजा अपार्टमेंट क्रांति नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495001

**न्यायालयः-श्रीमान् तृतीय जिला न्यायाधीश बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग.**
**(पीठासीन अधिकारी श्री विवेक गर्ग)**

## उपस्थिति हेतु समंस

**आदेश 5 नियम 20-1**
**व्य.प्र.सं. प्रो.क्रं. 505**
**प्र.क्रं. आरसीए 31ए/2023**
**प्रति,**
**रूखमीन पिता स्व. दल्लू कुर्मी उम्र लगभग 69 वर्ष निवासी ग्राम व पो. डोंगाकोहरौद तहसील पामगढ जिला जांजगीर चांपा छ.ग., रामलाल वगै. बनाम बुधवारा बाई वगै., अपीलार्थी**
**रामलाल पिता हीरा राम जाति कुर्मी उम्र 56 वर्ष कास्तकार ग्राम छेछर प.ह.नं. 15 रा.नि.मं. व तहसील कसडोल जिला बलौदाबाजार छ.ग.।**

आप प्रतिवादी के विरूद्ध आरसीए 31ए/2023 अपील अंतर्गत धारा 96 व्य.प्र.सं. संस्थित किया गया है। रूखमीन इस न्यायालय में नियत तारीख 15.07.2025 दावे के उत्तर देने के लिए उपस्थित होने के लिए नोटिस जारी किया जाता है। इससे संबंधित स्वयं या किसी ऐसे वकील द्वारा उपस्थित हो जिसे तत्संबंध में अनुदेश दिये गये हो और इस दावे से संबंधित सारवान प्रश्नों के उत्तर दे सकें। रूखमीन को यह निर्देश दिये जा रहे है कि आप इन सब दस्तावेजों को जो आपके कब्जे या शक्ति में हो पेश करें। जिन पर आपको प्रतिरक्षा या मुजराई दावा या दावा आधारित है। यदि आप किसी अन्य दस्तावेजों पर चाहे वह अपने कब्जें में हो या अपना प्रतिरक्षा या मुजराई को दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में हो विसरत करते हुए आप ऐसे दस्तावेज का लिखित कथन के साथ उपलब्ध कराये जाने वाली सूची में प्रविष्ठ करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि ऊपर वर्णित की गई पेशी तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नही होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

**टीपः**- यदि किसी कारणवश उक्त पेशी दिनांक 15.07.2025 को सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है अथवा किसी कारणवश कार्य स्थगित हो जाता है तो आगामी कार्य दिवस पर प्रकरण की सुनवाई होगी।

आज दिनांक 17.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय के मुद्रा लगाकर दिया गया।

सील
**( विवेक गर्ग )**
**तृतीय जिला न्यायाधीश**
**जिला बलौदाबाजार छ.ग.**

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

**ई-निविदा सूचना क्रमांकः एनआईटी/11/25/13 दिनांक 17.06.2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर संभाग निम्नलिखित सामग्रियों हेतु ई-निविदा आमंत्रित करता है।

| क्रमांक | निविदा संख्या | निविदा खुलने की तिथि | निविदा खुलने का समय | निविदा पत्र की लागत (₹) | प्रतिभूति राशि जमा (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 11255686 | 10.07.2025 | 10.30 | 00 | 114840.00 |

विवरण :- हल्के वजन की पेट्रोल ड्राइव रेल ड्रिलिंग मशीन, संलग्न अनुलग्न के अनुसार 18 मिमी से 32 मिमी छेद ड्रिलिंग की क्षमता रखती है, जिसमें 18 मिमी., 22 मिमी., 26.50 मिमी. और 32 मिमी. के एक सेट ड्रिल बिट के साथ-साथ आवश्यकतानुसार सभी सहायक उपकरण शामिल है। (वांरटी अवधिः डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने)
निविदाकर्ता कृपया हमारी वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर जाएं।
नोट :- विवरण से संबंधित विवादास्पद मामले में मूल अंग्रेजी पाठ प्रमाणित मानी जाएगी।

वरि. मंडल सामग्री प्रबंधक
द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर

CPR/10/FL/110
South East Central Railway @secrail

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

**स्टोर्स आइटम्स की आपूर्ति हेतु निविदा सूचना**
**ई- निविदा सूचना संख्याः एनआईटी/14/25/24, दिनांक 17.06.2025.**

| क्र. सं. | टेन्डर संख्या | विवरण | निविदा बंद/ खुलने की तिथि | मात्रा |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 03253367 | कॉस्ट स्टील बोलस्टर विथ इंटेग्रेटेड 14" सेंटर पिवोट बॉटम फॉर एलडब्ल्यूएलएच25 बोगी | 03.07.2025 | 142 नग |
| 2. | 03253374 | एडाप्टर (नेरोव जॉव विथ लग) क्लास 'के' 6 1/2" X9" फॉर एलडब्ल्यूएलएच 25 टी बोगी | 03.07.2025 | 19349 नग |
| 3. | 07251576 | जेंटियन ब्लू (आर.ए.एल.-5010) पी.यू. बेस पेंट | 11.07.2025 | 77580 मीटर |
| 4. | 07252434 | मेन्यूल मेटल आर्क वेल्डिंग क्लास एम2 | 11.07.2025 | 364640 मीटर |
| 5. | 03251635 | डिस्ट्रीब्यूटर वॉल्व कम्प्लीट | 15.07.2025 | 148 नग |
| 6. | 06250081 | मेनुफेक्चर एंड सप्लाई ऑफ 10एम.एम. थिक कम्पोजिट ग्रूव्द रबर सोल प्लेट | 15.07.2025 | 443200 नग |
| 7. | 07251522 | फ्लेक्सिबल पॉलीविनाइल क्लोराईड (पी.व्ही.सी.) फ्लोरिंग शीट | 16.07.2025 | 550 नग |

**निविदा खुलने/बंद होने का समयः- 10.30 बजे**

रेलवे को किसी निविदा के लिए शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है, शुद्धिपत्र और ई खरीद की जरूरी सूचना वेंडर www.ireps.gov.in पर देख सकते है।

सीपीआर/10/109 कृते प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, बिलासपुर
South East Central Railway X @secrail

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, संभाग क्रमांक – 2 बिलासपुर (छ.ग.)

## निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक- 2403/ NIT- 3/ 2025-2026/ व.ले.लि./ दिनांक : 19/06/2025
निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथिः- 25/06/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 30/06/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 01/07/2025 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

| एनआईटी क्र. निविदा क्र. | कार्य का नाम No of Calls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू.में) बैंक साल्वेंसी (रू.में) | निविदा प्रपत्र की कीमत (रू.में) | निविदाकारों की श्रेणी | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 3 T0018 | सी जी आर आई डी सी एल अंतर्गत जिला बिलासपुर के मंगला भैंसाझार से दीनदयाल कॉलोनी लोखण्डी रेल्वे फाटक तक 2 लेन सड़क निर्माण कार्य लं. 3.50 कि.मी. (3.525) में रोड मार्किंग एंड रोड फर्नीचर का कार्य द्वितीय आमंत्रण | 8.46 6345.00 126900.00 | A 750.00 | ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी ''द'' से ''अ'' तक | 01 वर्षा ऋतु सहित |

**निविदा शर्तें :-**
निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.pwd.cg.nic.in में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, संभाग क्रमांक-2**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

जी- 252601677/2

## MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION

**e-Procurement Tender Notice**
**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**
**(1st Call)**

NIT NO: 1011/PWD/Zone-5/2025 RAIPUR DATED: 19-06-2025
Online bids are invited for the following works of works up to 11-07-2025 at 17:30 hours.

| SI No. | System Tender No. | Name of work/Description of work | Probable contract | Ramark |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 170278 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में हॉल निर्माण, बसदेवा पारा मेन रोड, बिजली ऑफिस के सामने, चंगोराभांठा कार्य। (जिला खनिज न्यास निधि) | 20.00Lacs | 1stCall |
| 2 | 170281 | महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड क्रं. 43 अंतर्गत सामुदायिक भवन निर्माण गांधी नगर, पटेल गली महामाईपारा पुरानी बस्ती रायपुर। (जिला खनिज न्यास निधि) | 20.00Lacs | IstCall |

NOTE: -
The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.infrom20-06-2025 10.30 Hours(IST) on wards. For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.
1. All eligible(I.e.Registration, G.S.T./ PAN card/ ITR /Commercial Tax current / Current Revenue Soulvency) and interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal. 2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of
Electronic Procurement System. Help Desk at Toll Free No. 18004199140 or through Email
Dhelpdesk.eproc@cgswan.gov.in

घरो से निकलने वाले सूखे एवं गीले कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

**ZONE COMMISSIONER**
**ZONE-5 MUNICIPAL CORPORATION**
**RAIPUR (C.G.)**

# देश

**उवाच**

"जब कांग्रेस की बैठक शांति से संपन्न हो जाती है, तो ऐसा प्रतीत होता है कि कांग्रेस पार्टी खत्म हो गई है। उनकी बैठक में जब कपड़े फटते हैं, हाथापाई होती है, जूते-चप्पल चलते हैं, तब लगता है कि उन नेताओं के अंदर अभी थोड़ी कांग्रेस जिंदा है: **रामेश्वर शर्मा, भाजपा विधायक बिहार**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 34 | 28 |
| मुंबई | 3 | 34 |
| कोलकाता | 33 | 27 |
| चेन्नई | 37 | 28 |

बिहार दौरे पर मोदी ने महागठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा

# 'पंजे' और 'लालटेन' के शिकंजे ने बिहार को बना दिया था पलायन का प्रतीक

**सीवान,** 20 जून (एजेंसियां)। बिहार दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस पर जमकर बरसे। इस दौरान पीएम मोदी ने शुक्रवार को सीवान में एक रैली को संबोधित करते हुए लालू यादव के राज की याद दिलाई और कहा कि जिस बिहार ने सदियों तक भारत की प्रगति को नेतृत्व दिया, उसको पंजे और लालटेन के शिकंजे ने पलायन का प्रतीक बना दिया था।

पीएम मोदी ने महागठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा, 'मेरे इस विश्वास का कारण बिहार के आप सभी लोगों का सामर्थ्य है। आपने मिलकर बिहार से जंगलराज का सफाया किया है। यहां के हमारे नौजवानों ने तो 20 साल पहले के बिहार की बदहाली सिर्फ किस्सों और कथाओं में ही सुनी है। उन्हें अंदाजा ही नहीं है कि जंगलराज वालों ने बिहार की क्या हालत बना दी थी। जिस बिहार ने सदियों तक भारत की प्रगति को नेतृत्व दिया, उसको पंजे और लालटेन के शिकंजे ने पलायन का प्रतीक बना दिया था। बिहार में रहने वाले हर व्यक्ति के लिए, सबसे बड़ी बात होती है उसका स्वाभिमान।'


उन्होंने कहा कि मेरे बिहारी भाई-बहन कठिन से कठिन परिस्थिति में काम करके दिखा देते हैं। वो कभी अपने स्वाभिमान से समझौता नहीं करते। लेकिन पंजे और लालटेन वालों ने मिलकर बिहार के स्वाभिमान को बहुत ठेस पहुंचाई है। इन लोगों ने ऐसी लूट-खसोट मचाई कि गरीबी बिहार का दुर्भाग्य बन गई। अनेक चुनौतियों को पार करते हुए सीएम नीतीश के नेतृत्व में एनडीए सरकार बिहार को विकास की पटरी पर वापस लाई है, और मैं बिहारवासियों को विश्वास दिलाने आया हूं कि हमने भले बहुत कुछ किया हो, करते रहे हैं, करते रहेंगे, लेकिन इतने से शांत होकर रहने वाला मोदी नहीं है। मुझे तो अभी बिहार के लिए और भी बहुत कुछ करना है।'



'मेरे इस विश्वास का कारण बिहार के आप सभी लोगों का सामर्थ्य है। आपने मिलकर बिहार से जंगलराज का सफाया किया है। यहां के हमारे नौजवानों ने तो 20 साल पहले के बिहार की बदहाली सिर्फ किस्सों और कथाओं में ही सुनी है : नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

## भाजपा जुमलों की सरकार: सुखदेव भगत

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिहार दौरे को लेकर कांग्रेस सांसद एवं झारखंड कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सुखदेव भगत ने शुक्रवार को कटाक्ष किया। उन्होंने भाजपा को जुमलों की सरकार कहा। कांग्रेस सांसद सुखदेव भगत ने कहा, 'भाजपा सरकार देश में किसी प्रकार से भी सत्ता हासिल करना चाहती है, उसके लिए देश को चाहे कोई भी कीमत चुकानी पड़े। मैं पीएम मोदी के बिहार दौरे को भी इस नजर से देखता हूं। यह सिर्फ जुमलों की सरकार है। बड़ी-बड़ी घोषणाओं के बाद उस पर जमीनी स्तर पर कितने काम होंगे, उस पर मुझे संदेह है।' कर्नाटक सरकार ने मुस्लिम समुदाय के लिए राज्य की विभिन्न आवास योजनाओं में आरक्षण को 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने के फैसले पर भाजपा हमलावर है। कांग्रेस सांसद ने इस पर कहा, 'पीएम मोदी सबका साथ, सबका विकास की बात करते हैं। वहीं, रोटी, कपड़ा, मकान आम लोगों की बुनियादी चीजें हैं। सच्चर कमेटी की रिपोर्ट से पता चलता है कि आज देश में अल्पसंख्यकों की स्थिति दयनीय है। उनके पास रहने को घर नहीं है। क्या इस्लाम धर्म को मानने वाले इस देश के नागरिक नहीं हैं? सरकार को सभी को एक समान देखना चाहिए। अगर सरकार सबका साथ, सबका विकास की बात कर रही है और हम ऐसा जमीनी स्तर पर कर रहे हैं, तो इसमें कोई गुनाह नहीं है। इसका विरोध करना भाजपा की संकीर्ण मानसिकता को दिखाता है, मानवीय दृष्टिकोण से यह कहीं से भी सही नहीं है।'



'भाजपा सरकार देश में किसी प्रकार से भी सत्ता हासिल करना चाहती है, उसके लिए देश को चाहे कोई भी कीमत चुकानी पड़े: सुखदेव भगत, कांग्रेस सांसद

**हमारे लिए 'सबका साथ, सबका विकास', लेकिन विपक्ष कहता है 'परिवार का साथ, परिवार का विकास'**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार की एनडीए सरकार की जमकर तारीफ की। पीएम मोदी ने कहा कि हम कहते हैं- 'सबका साथ, सबका विकास', लेकिन ये लालटेन और पंजे वाले कहते हैं कि परिवार का साथ, परिवार का विकास। पीएम मोदी ने कहा कि इनकी राजनीति का कुल जमा निचोड़ यही है कि अपने हित और अपने परिवारों के विकास के लिए ये बिहार के करोड़ों परिवारों का अहित करने से भी नहीं चूकते हैं।

तेजस्वी यादव ने नरेंद्र मोदी के बिहार दौरे को लेकर एनडीए पर निशाना साधा, कहा

# पीएम मोदी के भाषण में कोई नया कंटेंट नहीं

**पटना,** 20 जून (देशबन्धु)। बिहार में विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिहार दौरे को लेकर एनडीए पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जब भी बिहार आते हैं, बिहार के 100 करोड़ रुपए खर्च होते हैं। पटना में राजद प्रदेश कार्यालय में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि पीएम मोदी के भाषण में कोई नया कंटेंट नहीं था, वही पुरानी बातों को दोहराया गया। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि आखिर पीएम मोदी ने सीवान में क्या दिया? उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि रैली में भीड़ जुटाने के लिए प्रशासन को लगाया गया और जबरदस्ती भीड़ बुलाई गई। ऐसा तमाशा 2005 से पहले नहीं होता था।

राजद नेता ने आरोप लगाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी टेलीप्रॉम्पटर पढ़कर भाषण देते हैं, उन्हें जमीनी सच्चाई की कोई समझ नहीं है। बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पर भी भड़कते हुए कहा कि वे लगातार हवाई यात्रा कर रहे हैं, आखिर उनका खर्चा कौन वहन कर रहा है। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पांच बार हेलीकॉप्टर से सीवान आए और वापस गए, उसका भी खर्च लगता है, उनकी सुरक्षा में भी खर्च होता है। देश के सबसे गरीब राज्य को लूटा जाता है। तेजस्वी ने कहा कि लालू यादव पर आरोप लगाने वाले पीएम मोदी को समझना चाहिए कि आज देश में कोई भी ट्रेन चल रही है तो पहिया बिहार बना रहा है, ये लालू यादव की देन है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी कथा सुनाकर गए हैं। जुमलों की बारिश करके चले गए हैं। उन्होंने कहा कि बिहार को बिहार के लोग चलाएंगे।

इधर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सीवान दौरे को लेकर सारण विकास मंच के संयोजक शैलेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि पीएम ने सीवान की धरती से जो भाषण दिया, वह न तो जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरा, न ही उसमें कोई नयापन था। यह भाषण पीएम मोदी की पुरानी आदतों का दोहराव मात्र था। सरकारी मंच को खुलेआम राजनीतिक प्रचार का अड्डा बनाना और वास्तविक मुद्दों से पूरी तरह कन्नी काट लेना। शैलेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि सीवान में उन्होंने अपने मंत्रियों और गठबंधन के सहयोगियों की गिनती तो की, लेकिन जानबूझकर उन चेहरों को नजरअंदाज किया जो सामाजिक न्याय और समानता के प्रतीक हैं। उन्होंने सीवान की मौजूदा महिला सांसद और गोपालगंज के दलित सांसद दोनों का नाम लेना जरूरी नहीं समझा। यह उनके राजनीति में जातिगत भेदभाव का स्पष्ट प्रमाण है।



प्रधानमंत्री मोदी जब भी बिहार आते हैं, बिहार के 100 करोड़ रुपए खर्च होते हैं। पीएम मोदी के भाषण में कोई नया कंटेंट नहीं था, वही पुरानी बातों को दोहराया गया : तेजस्वी यादव

## सार संक्षेप

### भ्रष्टाचार पर मायावती ने योगी सरकार पर साधा निशाना

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने विभागीय भ्रष्टाचार को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है और कहा है कि मुख्यमंत्री योगी को इस संबंध में भ्रष्टाचार निरोधक विजिलेंस विभाग को सक्रिय करना होगा। सुश्री मायावती ने एक्स पर कहा 'देश के अधिकतर प्रदेशों की तरह यूपी में भी हर स्तर पर सरकारी कार्यकलापों के साथ ही विभिन्न विभागों में भ्रष्टाचार और हिस्सेदारी के आरोपों से घिरे तबादलों की अनवरत आम चर्चा व ख़बरों का मा. मुख्यमंत्री को कड़ा संज्ञान लेकर ना सिर्फ भ्रष्टाचार निरोधक विजिलेन्स विभाग आदि को सक्रिय करना बल्कि समयबद्ध एसआईटी का भी गठन करके व्यवस्था में आवश्यक सुधार करना जन व देशहित में ज़रूरी है।

### पुरुलिया में दो वाहनों की भिड़त में नौ लोगों की मौत

**कोलकाता।** झारखंड की सीमा से लगे पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले में शुक्रवार सुबह भारी भरकम सामान से लदे बड़े ट्रक और जीप की भिड़ंत में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना पुरुलिया-जमशेदपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर नामसोल में आज तड़के हुई। ये सभी लोग विवाह समारोह में शामिल होने के बाद बोलेरो जीप से घर लौट रहे थे। सभी पीड़ित पड़ोसी राज्य झारखंड के निम्डी क्षेत्र के निवासी थे। मृतकों की अभी पहचान नहीं हो पायी है। पुलिस ने बताया कि 18 पहियों वाले बड़े ट्रक और जीप की भिड़ंत के बाद ट्रक भी पलट गया। जीप में सवार सभी लोगों की मौत हो गयी है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### देश को विकसित बनाने के लिए बिहार का विकसित होना जरूरी : पासवान

**पटना।** लोकजन शक्ति पार्टी के प्रमुख चिराग पासवान ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी के बिहार आगमन पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी इस बात को बखूबी समझते हैं कि देश को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में बिहार का विकसित होना अनिवार्य है और इस दिशा में प्रधानमंत्री अपने कदम आगे बढ़ा चुके हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जिस तरह से बिहार के कोने-कोने में जाकर हजारों करोड़ों रुपये की परियोजनाएं दे रहे हैं, उससे साफ जाहिर हो रहा है कि बिहार उनकी प्राथमिकता में है और वो लगातार बिहार के हित के बारे में सोच रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि हम सब 'बिहार फर्स्ट और बिहारी फर्स्ट' की सोच के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

नीतीश कुमार ने विपक्ष पर साधा निशाना

# किया कुछ नहीं, अब सिर्फ अनाप-शनाप बोलते हैं'

**सीवान,** 20 जून (एजेंसियां)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को सीवान के जसौली में एक जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जब इन लोगों को मौका मिला तब किया कुछ नहीं और अब सिर्फ अनाप-शनाप बोलते हैं। उन्होंने इस दौरान एनडीए सरकार में विकास कार्यों की भी चर्चा की। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि आज पीएम मोदी यहां कई योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास कर रहे हैं। बिहार लगातार विकास कर रहा है। दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सिवान जिले के जसौली में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने पीएम मोदी के यहां पहुंचने पर प्रसन्नता जताई और कहा कि यह बहुत खुशी की बात है। 2005 में बिहार में एनडीए की सरकार बनी है और तब से पूरे बिहार के लिए हमने सारा काम किया है। जब हमें मौका दिया गया तो हमने काम किया, लेकिन उसके पहले वालों ने कोई काम नहीं किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इशारों-इशारों में राजद पर निशाना साधते हुए कहा, 'आजकल लोग अनाप-शनाप बोल रहे हैं। ये बिना मतलब का बात है। उन लोगों से पूछना चाहिए कि हमारी सरकार से पहले बिहार का क्या हाल था। कुछ काम नहीं किया गया था। उस समय लोग घर से बाहर नहीं निकल पाते थे।

आज इतनी बड़ी संख्या में लोग पीएम को सुनने के लिए आए हैं।' उन्होंने कहा कि जब हम लोग सत्ता में आए तब महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया। बिहार में शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में काफी काम किए गए। राज्य में बड़े पैमाने पर पुल-पुलियों का निर्माण कराया गया। हर घर नल का जल, हर घर शौचालय भी दिया जा रहा है।



## विश्वसनीयता और जवाबदेही के लिए साथियों की तलाश

**जम्मू,** 20 जून (देशबन्धु)। श्रीनगर के सांसद और नेशनल कांफ्रेंस के वरिष्ठ नेता आगा सैयद रूहुल्लाह मेहदी ने शुक्रवार को ईमानदारी और जिम्मेदारी पर केंद्रित एक नए राजनीतिक मंच की शुरुआत की संभावना का संकेत देकर राजनीतिक हलकों में नई बहस छेड़ दी। डाक बंगला सोपोर में एक सभा को संबोधित करते हुए रूहुल्लाह ने कहा कि मैं ऐसे लोगों की तलाश में हूं जो मेरे साथ चलेंगे, जो विश्वसनीयता के लिए खड़े होंगे और व्यवस्था में जवाबदेही स्थापित करने की दिशा में काम करेंगे। हालांकि रूहुल्लाह ने एक नई राजनीतिक पार्टी के बारे में औपचारिक घोषणा करने से परहेज किया, लेकिन उनकी टिप्पणियों और उनके भाषण के स्वरों से संकेत मिलता है कि वह मौजूदा पार्टी से अलग एक स्वतंत्र राजनीतिक आंदोलन की नींव रख सकते हैं। गौरतलब है कि नेशनल कांफ्रेंस की सोपोर इकाई का कोई भी प्रतिनिधि इस कार्यक्रम में मौजूद नहीं था, जिससे रूहुल्लाह और उनकी पार्टी नेतृत्व के बीच बढ़ती दूरी की अटकलों को बल मिला। स्थानीय लोगों ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि यह कार्यक्रम स्थानीय नेकां कैडर की भागीदारी के बिना आयोजित किया गया था, जिससे संभावित राजनीतिक पुनर्संयोजन की चर्चा को बल मिला।

■ नेकां के सांसद आगा रूहुल्लाह ने नई राजनीतिक यात्रा का संकेत दिया

## फ्रांस में सैन्य अभ्यास 'शक्ति' के दौरान दोनों देशों के सैनिकों ने किए योगासन

**नई दिल्ली,** 20 जून (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में भारत और फ्रांस के सैनिकों ने शुक्रवार को कैंप लार्जैक,ला कैवेलरी में सैन्य अभ्यास के दौरान मिलकर योगासन किये। सेना ने शुक्रवार को यहां बताया कि दोनों देशों की सैन्य टुकड़ियों में शामिल सैनिकों ने योग सत्र में सक्रिय रूप से भाग लिया। यह योग सत्र भारतीय सेना का प्रतिनिधित्व करने वाली जम्मू और कश्मीर राइफल्स बटालियन के प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। सत्र में सही आसन, श्वास तकनीक और शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग के समग्र लाभों पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस कार्यक्रम ने न केवल शारीरिक तंदरुस्ती और आंतरिक सद्भाव को बढ़ावा दिया, बल्कि सांस्कृतिक आदान-प्रदान के लिए एक मंच के रूप में भी काम किया। इसमें एकीकृत शक्ति के रूप में योग के 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना यानी दुनिया एक परिवार है का सार्वभौमिक संदेश भी दिया गया। इस पहल ने वैश्विक कल्याण को बढ़ावा देने और साझा मूल्यों तथा परंपराओं के माध्यम से संबंधों को मजबूत करने के लिए भारतीय सेना की प्रतिबद्धता को भी व्यक्त किया।



■ दोनों देशों की सैन्य टुकड़ियों में शामिल सैनिकों ने योग सत्र में सक्रिय रूप से भाग लिया

## केंद्र सरकार सहकारी बीमा कंपनी और दो लाख नई पीएसीएस स्थापित करेगी : अमित शाह

**मुंबई,** 20 जून (एजेंसियां) केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि सहकारिता मंत्रालय ने देशभर में सहकारी क्षेत्र में बदलाव लाने के लिए कई फैसले लिए हैं। उन्होंने घोषणा की कि केंद्र सरकार सहकारी क्षेत्र में बीमा सेवाओं की सुविधा के लिए एक सहकारी बीमा कंपनी स्थापित करेगी और इससे कई नए अवसर खुलेंगे। यह इकाई से सहकारी संस्थाओं के लिए जरूरत के मुताबिक बीमा समाधान उपलब्ध होंगे, साथ ही बेहतर जोखिम कवरेज और वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित होगी। इसके अलावा, केंद्र सरकार ने दो लाख प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों (पीएसीएस) स्थापित करने का फैसला किया, जिससे हर पंचायत में उनकी उपस्थिति संभव हो पाएगी। नई पीएसीएस बहुआयामी होंगी और वे 22 अलग-अलग गतिविधियां कर सकेंगी।



उन्होंने कहा, 'प्राथमिक कृषि निधि प्रदान करने के वर्तमान कार्य के अलावा, पीएसीएस पेट्रोल पंप चलाने, गैस वितरण करने, 'हर घर नल से जल योजना' के तहत रखरखाव करने और रेलवे और हवाई टिकट बुकिंग करने सहित विभिन्न कार्य करेंगी।'

## 21 जुलाई से शुरू होगा बिहार विधानमंडल का मानसून सत्र

**पटना,** 20 जून (देशबन्धु) आगामी 21 जुलाई से बिहार विधानमंडल का मानसून सत्र शुरू हो जाएगा। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से सरकार द्वारा भेजे गए प्रस्ताव पर अपनी मंजूरी दे दी है। राजभवन की तरफ से मानसून सत्र का पूरा शेड्यूल जारी कर दिया गया है। आगामी 21 जुलाई से शुरू होकर मानसून सत्र 25 जुलाई तक चलेगा, यानी सत्र महज पांच दिनों का ही होगा। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले नीतीश सरकार के कार्यकाल का यह आखिरी सत्र होगा। सत्र के दौरान कई राजकीय विधेयकों को सरकार पारित कराएगी। इस सत्र के दौरान आगामी चुनाव को देखते हुए सरकार कई लोकलुभावन घोषणाएं कर सकती है। राजभवन की तरफ से मानसून सत्र का जो शेड्यूल जारी किया गया है, उसके मुताबिक 21 जुलाई को सुबह 11 बजे से सदन की कार्यवाही शुरू होगी। पहले दिन यदि कोई नवनिर्वाचित सदस्य होगा तो उसका शपथ ग्रहण कराया जाएगा। वहीं अगर किसी सदस्य का निधन हो गया हो तो दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि देने के लिए शोक प्रकाश होगा। इसके बाद दोनों सदनों की कार्यवाही स्थगित कर दी जाएगी। मानसून सत्र के दूसरे दिन 22 जुलाई को सरकार की तरफ से गैर सरकारी संकल्प सदन में पेश किया जाएगा। वहीं 23 और 24 जुलाई को दोनों सदनों में राजकीय विधेयक पास कराए जाएंगे और अन्य राजकीय कार्य किए जाएंगे। सत्र के आखिरी दिन यानी 25 जुलाई को दोनों सदनों में वित्तीय वर्ष 2025-26 के प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी पर सामान्य वाद-विवाद एवं विनियोग विधेयक पर चर्चा होगी।

■ विधानसभा चुनाव से पहले नीतीश सरकार के कार्यकाल का यह आखिरी सत्र होगा

## अपने जन्मदिन पर दृष्टिबाधित छात्रों का गाना सुनकर भावुक हुईं राष्ट्रपति मुर्मू, छलके आंसू, वीडियो वायरल

**देहरादून,** 20 जून (एजेंसियां)। देहरादून पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में दृष्टिबाधित छात्रों राष्ट्रपति के जन्मदिन पर गीत गा रहे हैं। इस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भावुक हो जाती हैं और उनकी आंखों में आंसू भी छलक पड़ते हैं।

राष्ट्रपति मुर्मू तीन दिवसीय दौरे पर उत्तराखंड की राजधानी देहरादून पहुंचीं हैं। खास बात यह है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार को अपने जन्मदिन के मौके पर देवभूमि में हैं, जहां उन्होंने राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान के छात्रों के साथ कुछ समय बिताया। संस्थान की ओर से उनके लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने एक गीत के जरिए जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान दिव्यांग बच्चों ने जन्मदिन पर बॉलीवुड का मशहूर गीत 'बार-बार ये दिन आए' गाया तो उनका गाना सुनकर राष्ट्रपति भावुक हो गईं और मंच पर ही उनकी आंखों में आंसू छलक गए। इसके बाद मंच पर मौजूद सुरक्षाकर्मी ने राष्ट्रपति को टिश्यू पेपर दिया, जिसकी मदद से उन्होंने अपने आंसुओं को पोंछा। सोशल मीडिया पर यह वीडियो वायरल हो रहा है, जिस पर यूजर्स अलग-अलग प्रतिक्रिया दे रहे हैं।



■ राष्ट्रपति ने दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान के छात्रों के साथ समय बिताया

### राष्ट्रपति भवन में एक ऐसा कैफे है, जिसे दिव्यांग लोग चलाते हैं : मुर्मू

दृष्टिबाधित बच्चों को संबोधित करते हुए कहा, 'आपको यह जानकर प्रसन्नता होगी कि राष्ट्रपति भवन परिसर में एक ऐसा कैफे है जिसे दिव्यांग लोग चलाते हैं।' राष्ट्रपति ने कहा, 'सरकार का यह प्रयास रहा है कि दिव्यांगजनों की पहुंच सरकारी भवनों, संस्थानों आदि में सुगम्य बनाई जाए।' उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति भवन द्वारा भी दिव्यांगजनों के हित में अनेक कदम उठाए जा रहे हैं।

यात्रा | सीआरपीएफ सुरक्षित अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उत्सुक

# शांतिपूर्ण यात्रा से कश्मीर के चरमराते पर्यटन क्षेत्र में आएगी नई जान

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 2 जून (देशबन्धु)। जुलाई के पहले सप्ताह में शुरू होने वाली वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए कश्मीर में तैयारियां जोरों पर हैं, ऐसे में सीआरपीएफ ने घाटी में अपनी तैनाती और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत कर दिया है, खास तौर पर श्रीनगर और गंदरबल जिलों पर ध्यान केंद्रित किया है। क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए बल की लगातार कोशिशों की सराहना की गई है, खास तौर पर संवेदनशील समय के दौरान।

पंथा चौक और बालटाल में यात्री भवनों को सुरक्षा के लिए कई परतों में रखा गया है, जहां सीआरपीएफ के जवान महत्वपूर्ण स्थानों पर तैनात हैं, निगरानी, भीड़ नियंत्रण और आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र का प्रबंधन कर रहे हैं। तीर्थयात्रा के महत्व और यात्रियों (तीर्थयात्रियों) की सुरक्षा सुनिश्चित करने की महत्वपूर्ण आवश्यकता को देखते हुए इस साल तैनाती बढ़ा दी गई है।

नाम न बताने की शर्त पर सीआरपीएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस साल की यात्रा सिर्फ एक धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह कश्मीर की पर्यटन अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने की कुंजी है। हम यह सुनिश्चित करने के लिए चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं कि हर तीर्थयात्री सुरक्षित महसूस करे। हमारे जवान राजमार्गों से लेकर बेस कैंपों तक सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर तैनात हैं और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।



अधिकारी ने कहा कि सीआरपीएफ खुफिया ग्रिड को मजबूत करने और त्वरित प्रतिक्रिया क्षमताओं को बढ़ाने के लिए जम्मू कश्मीर पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रही है। नियमित मॉक ड्रिल, क्षेत्र वर्चस्व अभ्यास और आधुनिक निगरानी प्रणाली की स्थापना पहले से ही चल रही है। पिछले कुछ वर्षों में, सीआरपीएफ कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था की रीढ़ बनकर उभरी है, जो विभिन्न चुनौतियों से निपट रही है। पिछली यात्राओं के दौरान इसकी उपस्थिति ने अप्रिय घटनाओं को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और इस साल, बल अपनी सतर्कता को और बढ़ा रहा है।

अधिकारी का कहना था कि सीआरपीएफ केवल जमीन पर तैनात बल नहीं है, यह आम लोगों और तीर्थयात्रियों दोनों के लिए एक आश्वासन है। वे कहते थे कि हम समझते हैं कि यह तीर्थयात्रा कितनी महत्वपूर्ण है, न केवल धार्मिक सद्भाव के लिए बल्कि क्षेत्र की अर्थव्यवस्था के लिए भी, खासकर पहलगाम हमले के कारण पर्यटकों की संख्या में आई गिरावट के बाद। अमरनाथ यात्रा, जिसमें पूरे भारत से लाखों श्रद्धालु आते हैं, में इस साल भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है, बशर्ते सुरक्षा व्यवस्था संभावित तीर्थयात्रियों में विश्वास पैदा करती रहे। श्रीनगर और गंदरबल के स्थानीय लोगों ने भी इस तरह के बड़े पैमाने के आयोजनों की मेजबानी के लिए अनुकूल शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने में सीआरपीएफ के प्रयासों की सराहना की है।

जबकि पर्यटन क्षेत्र के हितधारक आशावादी हैं कि एक शांतिपूर्ण और अच्छी तरह से प्रबंधित यात्रा उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हो सकती है, जो राजनीतिक अस्थिरता और समय-समय पर अशांति के कारण चुनौतियों से जूझ रहा है। जैसे-जैसे तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच रही हैं, संदेश स्पष्ट है कि सीआरपीएफ एक शांतिपूर्ण, घटना-मुक्त यात्रा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो न केवल धार्मिक भावनाओं को बनाए रखेगी बल्कि सभी के लिए एक स्वागत योग्य गंतव्य के रूप में घाटी की छवि को बहाल करने में भी योगदान देगी।

# अभिमत

इस विज्ञान परियोजना के तहत फोटो, वीडियो और किताबें अपलोड कीं। यह 'कबाड़ से जुगाड़' वीडियो सिर्फ 2-मिनट के हैं. यह अनेकों भारतीय भाषाओँ में डब हुए हैं. जिसको दुनिया भर में देखा जाता है। अब तक लाखों बच्चों ने उनके वीडियो देखे हैं. हर रोज़ उनकी वेबसाइट से करीब दस हज़ार किताबें मुफ्त में डाउनलोड होती हैं। इससे लगता है कि हमारे बहुत से लोगों की अच्छा साहित्य पढ़ने में रूचि है। और उन तक ऐसी शिक्षाप्रद किताबें पहुंचना जरूरी है।

## कबाड़ से जुगाड़ ही उनकी पहचान है

जाने माने टॉयमेकर अरविंद गुप्ता सिर्फ बेकार चीजों से खिलौने बनाकर विज्ञान ही नहीं सिखाते हैं, बल्कि वे देश-दुनिया के बाल साहित्य का हिन्दी में अनुवाद करते हैं, उन्हें उनकी वेबसाइट पर अपलोड कर मुफ्त में उपलब्ध कराते हैं। ऐसा वे कई सालों से कर रहे हैं। हिन्दी पाठकों के लिए उनका उपहार भी मान सकते हैं। आज इस कॉलम में अरविंद गुप्ता के काम के बारे में चर्चा करना चाहूंगा, जिससे उनके कामों का महत्व जाना जा सके।

मैं अरविंद गुप्ता को बरसों से जानता हूं। मैं न केवल उनसे मिलता रहा हूं, बल्कि उनके जिंदगी के प्रमुख पड़ावों को भी देखता रहा हूं। पहली बार, मेरी मुलाकात उनसे किशोर भारती में हुई थी। यह स्वयंसेवी संस्था, मध्यप्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत थी। इस संस्था ने होशंगाबाद विज्ञान शिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की थी, जिसके तहत माध्यमिक कक्षाओं ( 6 वीं- 8 वीं) तक बाल विज्ञान का पाठ्यक्रम विकसित किया गया था, जो मध्यप्रदेश के स्कूलों में सालों तक चला। इसके तहत बच्चे प्रयोग करके विज्ञान सीखते थे। यह गतिविधि आधारित था।

अरविंद गुप्ता, कानपुर, आईआईटी से निकले हैं। पेशे से इंजीनियर हैं, पर उनका मन वहां नहीं लगा। कुछ सार्थक काम करने की तलाश में उन्होंने कई काम किए। लेकिन उन्हें सबसे अच्छा काम लगा, विज्ञान को लोकप्रिय बनाना, और उसका प्रचार-प्रसार करना। इसके लिए उन्होंने कबाड़ यानि बेकार चीजों से विज्ञान सिखाने की राह पकड़ी, जो उनका जीवन का मिशन बन गया।

किशोर भारती में उन्होंने कई नवाचार के उदाहरण पेश किए। उन्होंने बाल विज्ञान के कुछ अध्याय विकसित किए थे। मुझे याद आ रहा है उन्होंने खेल-खेल में विज्ञान सीखने सिखाने का तरीका खोज निकाला था। माचिस की तीलियों से गणित सीखने और मोमबत्ती की लौ से गर्म करके साधारण बटन को उल्टे जोड़कर घिरनी बनाना। मजेदार खेल व मशीन जैसे अध्याय बनाने में मदद की थी।

किशोर भारती में उन दिनों सीखने-सिखाने व नये विचारों के आदान-प्रदान का बहुत खुला माहौल था। यहां शिक्षा व विज्ञान जगत की बड़ी हस्तियों का आना जाना लगा रहता था। प्रोफेसर यशपाल से लेकर शिक्षाविद् कृष्ण कुमार जैसे लोग यहां न केवल आए, बल्कि कई कई दिन आकर रहे। शिक्षक प्रशिक्षणों में भाग लिया। प्रसिद्ध वैज्ञानिक अनिल सद्गोपाल द्वारा स्थापित किशोर भारती शिक्षा में नवाचार के लिए जानी जाती रही है। ग्रामीण विकास, शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी संस्था के कार्य उल्लेखनीय हैं।

> किशोर भारती में उन दिनों सीखने-सिखाने व नये विचारों के आदान-प्रदान का बहुत खुला माहौल था। यहां शिक्षा व विज्ञान जगत की बड़ी हस्तियों का आना जाना लगा रहता था। प्रोफेसर यशपाल से लेकर शिक्षाविद् कृष्ण कुमार जैसे लोग यहां न केवल आए, बल्कि कई कई दिन आकर रहे। शिक्षक प्रशिक्षणों में भाग लिया। प्रसिद्ध वैज्ञानिक अनिल सद्गोपाल द्वारा स्थापित किशोर भारती शिक्षा में नवाचार के लिए जानी जाती रही है।

यहां एक बहुत ही समृद्ध पुस्तकालय था, जहां पहली बार मेरा किताबों की दुनिया से परिचय हुआ था। यहां आकर उन्हें उलटना-पलटना, चित्र देखना, किताबों के बीच बैठना, यह सब बहुत अद्भुत अनुभव था। यहां नए विचारों की हवा बह रही थी। संस्था का परिसर पेड़-पौधों हरा-भरा, और मनोरम था। यहां के वातावरण में गहरी सांस लेना ही ऊर्जा व उम्मीद से भर देता था।

अरविंद गुप्ता ने यहां आकर बहुत ही सस्ती चीजों से विज्ञान सिखाने के प्रयोगों पर ध्यान दिया। उन्होंने माचिस की तीलियों व साइकिल के बाल्व ट्यूब से त्रिभुज, चतुर्भुज जैसी कई आकृतियां बनाईं, जिन्हें बच्चे खुद बना सकते थे और इनके पीछे छिपे गणित के सिद्धांतों को समझ सकते थे। इसी प्रकार, बटन से घिरनी में चक्के व लीवर के सिद्धांत को समझा जा सकता है।

अरविंद गुप्ता, जहां भी रहे, उनकी नजर सस्ते व बेकार सामानों से विज्ञान व गणित सिखाने की रही है। इसी कड़ी में उन्होंने अविभाजित मध्यप्रदेश( अब छत्तीसगढ़) के दल्ली राजहरा शहर में लोहे की खदानों में चलने वाले ट्रिपर ट्रक का मॉडल माचिस से बनाया और बाद में उनकी किताब में शामिल किया। उन्होंने कुछ समय मशहूर मजदूर नेता शंकर गुहा नियोगी के साथ भी काम किया है।

हाल ही दिवंगत प्रसिद्ध खगोलशास्त्री जयंत नार्लीकर द्वारा स्थापित इंटर यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स (आईयूसीएए) के अंतर्गत विज्ञान केन्द्र में भी उन्होंने काम किया। इसके तहत् उन्होंने रोज ही नए नए मॉडल बनाए। इसके बाद उन्होंने खुद की वेबसाइट शुरू की (arvindguptatoys.com)। इस विज्ञान परियोजना के तहत फोटो, वीडियो और किताबें अपलोड कीं। यह 'कबाड़ से जुगाड़' वीडियो सिर्फ 2-मिनट के हैं. यह अनेकों भारतीय भाषाओँ में डब हुए हैं. जिसको दुनिया भर में देखा जाता है। अब तक लाखों बच्चों ने उनके वीडियो देखे हैं. हर रोज़ उनकी वेबसाइट से करीब दस हज़ार किताबें मुफ्त में डाउनलोड होती हैं। इससे लगता है कि हमारे बहुत से लोगों की अच्छा साहित्य पढ़ने में रूचि है। और उन तक ऐसी शिक्षाप्रद किताबें पहुंचना जरूरी है।

इस वेबसाइट पर देश विदेश के बाल साहित्य उपलब्ध है, जो जानकारीपरक, सामान्य ज्ञान से भरपूर और प्रेरणादायक है। इन किताबों में लगभग 700 सचित्र प्रेरक हस्तियों के जीवन चरित्र हैं, जिनके कामों से बदलाव भी आया है। इसके साथ वे खुद अच्छे बाल साहित्य की किताबों का अनुवाद लगभग रोज ही करते हैं और वेबसाइट पर अपलोड करते हैं।

उन्होंने 1992 से लेकर भारत ज्ञान विज्ञान समिति, नई दिल्ली के साथ काम किया और 100 बाल जनवाचन की छोटी-छोटी पुस्तकें प्रकाशित की. यह पुस्तकें शांति (फर्डीनांड की कहानी) परमाणु युद्ध विरोधी (सडाको और कागज़ के पक्षी, तीन हाथी) पर्यावरण (जिसने उम्मीद के बीज बोए, दानी पेड़), दिव्यांग स्पेशल बच्चे (व्हीलचेयर ही मेरे पैर हैं), शिक्षा (नीलबाग के डेविड, खुशियों का स्कूल) इत्यादि। इसके साथ ही, 100 में से 40 किताबें बाई-लिंगुअल यानि हिंदी-अंग्रेजी दोनों भाषाओं में थीं। यह किताबें खूब बिकीं - करीब 20 लाख प्रतियों से ज़्यादा।

अरविन्द गुप्ता ने नेशनल बुक ट्रस्ट के सलाहकार के रूप में भी काम किया और गिजुभाई की दिवास्वप्न, तोत्तो चान जैसी उत्कृष्ट किताबें भी उनके ही प्रयासों से प्रकाशित हुईं। यह पुस्तकें अब कई भाषाओं में अनूदित हो चुकी हैं। मसलन, नील की समरहिल, सिल्विया ऐशटन वार्नर की टीचर, बहुरूपी गाँधी जैसी किताबों की लम्बी फेरहिस्त हैं, जिन्हें उनकी वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

अरविंद गुप्ता ने अपने आप को सिर्फ वेबसाइट व किताबों तक ही सीमित नहीं रखा है, बल्कि वे देश-दुनिया के 3000 से अधिक स्कूल-कॉलेजों में गए हैं। वहां के छात्रों व शिक्षकों से मिले हैं। कई चर्चाओं में शामिल रहे हैं और व्याख्यान दिए हैं। वे कहते हैं कि उन्हें ख़राब स्कूली मैनेजमेंट, ख़राब प्रिंसिपल, ख़राब टीचर अक्सर मिले हैं, पर आज तक कोई खराब बच्चा नहीं मिला। सभी बच्चों में प्रतिभाएं होती हैं, लेकिन उन्हें मौका देने की जरूरत है। इन प्रतिभाओं को गढ़ने का काम अच्छा साहित्य ही कर सकता है। यही उनकी कोशिश है।

इन किताबों, फिल्मो और वीडियो से ऐसा ही प्रयास किया जा रहा है। लेकिन यह सीमित है, इस दिशा में और भी बहुत कुछ किया जा सकता है। छात्र, शिक्षक, समाज, सरकार सभी को इस दिशा में काम करने की जरूरत है।

कुल मिलाकर, अरविंद गुप्ता का काम कई मायनों में उल्लेखनीय व प्रेरणादायक है। भारत सरकार ने उन्हें उनके कामों के लिए पद्मश्री से सम्मानित भी किया है। उन्हें कई अवार्ड भी मिले हैं। लेकिन इन सबसे अप्रभावित वे आज भी मिशन भाव से कई घंटे इस काम में लगे हैं। विशेषकर, जब भी तब वे कुछ सालों से अस्वस्थ हैं। उनके काम न केवल सराहनीय हैं, बल्कि अनुकरणीय भी है।

### बीता सप्ताह

**14 जून**

- अहमदाबाद में एयर इंडिया फ्लाइट एफ आई-171 हादसे का ब्लैक बॉक्स इमारत पर मिला।
- शराब घोटाले में ईडी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए छत्तीसगढ़ में सुकमा का कांग्रेस भवन अटेच किया।
- मानसरोवर झील की यात्रा का पहला जत्था जवाहरलाल नेहरू भवन से रवाना किया गया।
- सिराजगंज में रवींद्रनाथ टैगोर के पैतृक घर में तोड़फोड़ पर बांग्लादेश सरकार ने की कार्रवाई।

**15 जून**

- अहमदाबाद में विमान हादसे पर जांच कमेटी गठित की गई। केन्द्रीय गृह सचिव के नेतृत्व में गठित समिति 3 माह में रिपोर्ट देगी।
- इजराइली हमले में 138 ईरानियों की मौत हो गई।
- फार्मा कंपनी सन फामार्यास्युटिकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड और उसकी सहायक कंपनियों ने कीर्ति गणोरकर को प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है।
- दक्षिण अफ्रीका ने पहली बार वर्ल्ड चैम्पियन का खिताब जीता।

**16 जून**

- उत्तराखंड केदारनाथ में गौरीकुंड के पास हेलीकाप्टर क्रेश होने से सात लोगों की मौत हो गई।
- अहमदाबाद विमान हादसा में पूर्व सीएम विजय रूपाणी के शव की पहचान हुई। आज 16 जून को अंतिम संस्कार हुआ।
- पीएम मोदी तीन देशों की विदेश यात्रा पर आज साइपस पहुंचे। साइपस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलीडेस ने एयरपोट्र पर स्वागत किया।
- अमेरिका के सभी 50 प्रांतो में ट्रंप की आव्रजन नीति के खिलाफ प्रदर्शन शुरू हुआ।

**17 जून**

- पीएम मोदी को मिला साइप्रस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान।
- राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण की रिपोर्ट के अनुसार भारत में हर महीने औसतन 17 बाघों की मौत हो रही है।
- गृह मंत्रालय भारत सरकार ने आगामी जनगणना कराने के लिए अधिसूचना जारी की।
- ब्रिटेन की खुफिया एजेंसी (सीक्रेट इंटेलिजेंस सर्विस) एमआई-6 के 116 साल के इतिहास में पहली बार महिला प्रमुख (ब्लेज मेट्रेवेली) नियुक्त हुई।

**18 जून**

- एक दिन में एयर इंडिया की सात उड़ाने रद्द की गई।
- सुप्रीम कोर्ट ने अभिनेता कमल हसन की मुख्य भूमिका वाली फिल्म ठग लाइफ के प्रदर्शन पर कर्नाटक द्वारा लगाए प्रतिबंध से नाराज हुए और सरकार से 24 घंटे के भीतर मांगा जवाब।
- जी-7 समिट में 7 देशों ने कहा कि इजरायल को आत्मरक्षा का अधिकार है।
- वैज्ञानिकों ने पूर्वोत्तर भारत में खेजा पत्ते का 2.4 करोड़ वर्ष पुराना जीवाश्म।

**19 जून**

- छग सरकार ने एक अहम फैसला लिया कि प्रदेश में शहीद के परिजनों को दी जाएगी सरकारी नौकरी।
- छग के सुकमा के मारेडपल्ली मुठभेड़ में कुख्यात तीन नक्सली मारे गए।
- मोदी-ट्रंप की फोन पर हुई बात में पीएम मोदी ने कहा कि भारत किसी मध्यस्थता को नहीं मानता।
- ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई ने ऐलान किया कि ईरान सरेंडर नहीं करेगा।

**20 जून**

- ईरान को लेकर रुस ने अमेरिका को चेतावनी दी कि अमेरिका ने दखल दिया तो गंभीर नतीजे भुगतने होंगे।
- ऑपरेशन सिंदुर के तहत ईरान में फंसे 110 भारतीयों को लेकर पहुंचा विमान।
- ट्रंप सरकार ने अमेरिका में फिर से सशर्त स्टूडेंट वीजा शुरू की।
- चार राज्यों के पांच विधानसभा सीटों के लिए 19 जून को मतदान हुआ। केरल, पं. बंगाल, गुजरात और पंजाब में।

## आरएसएस की घातक विचारधारा के खिलाफ एकजुट संघर्ष सबसे महत्वपूर्ण काम

■ पी. सुधीर

25 जून, 1975 की आधी रात को आंतरिक आपातकाल की घोषणा के साथ शुरू हुई घटनाओं के अपमानजनक क्रम को याद करना थोड़ा असामान्य लग सकता है।

हालांकि, हमें ज्ञान के उन अमर शब्दों की याद आती है: 'जिन लोगों में इतिहास के सबक भूलने की प्रवृत्ति होती है, वे उन्हें दोहराने के लिए अभिशप्त होते हैं।' ये शब्द हमें भारतीय लोकतंत्र के इतिहास के उस काले अध्याय को फिर से देखने के लिए मजबूर करते हैं।

1960 के दशक के उत्तरार्ध में कांग्रेस पार्टी के सत्ता पर एकाधिकार को झटका लगा था, जिसमें विपक्षी दलों ने कई राज्यों में जीत हासिल की थी। जवाब में श्रीमती इंदिरा गांधी ने गरीबी हटाओ, बैंकों का राष्ट्रीयकरण और प्रिवी पर्स के उन्मूलन जैसे प्रगतिशील नारे लगाकर खुद को फिर से स्थापित किया। पारंपरिक राजनीतिक व्यवहार से हटकर उन्होंने राज्य स्तर के मजबूत नेताओं को दरकिनार करते हुए सत्ता को अपने हाथों में केंद्रित किया और सीधे जमीनी स्तर पर जनता से अपील की।

श्रीमती गांधी के ऐसे कदमों का उन्हें कुछ लाभ हुआ। हालांकि, बांग्लादेश मुक्ति संघर्ष के समर्थन में भारत के हस्तक्षेप ने उनके राजनीतिक आधिपत्य को वास्तव में मजबूत किया। अंतत: एक स्वतंत्र बांग्लादेश की स्थापना और पाकिस्तान की निर्णायक हार ने उनके कद को काफी हद तक बढ़ा दिया। सोवियत संघ की उपस्थिति ने पाकिस्तान के सैन्य शासन को बचाने के उद्देश्य से संभावित अमेरिकी हस्तक्षेप को रोकने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

> पीछे देखने पर, 1975 का आपातकाल, आज हम जिस पूर्ण-विकसित अधिनायकवाद का अनुभव कर रहे हैं, उसकी तुलना में लगभग अनुभवहीन अभ्यास लगता है। वर्तमान शासन को हटाना कठिन लग सकता है, परन्तु 1970 के दशक में आपातकाल के खिलाफ लड़ने के अनुभव से आत्मविश्वास बढ़ना चाहिए। आरएसएस की घातक साम्प्रदायिक विचारधारा का विरोध करने और लोकतंत्र को पुन: प्राप्त करने की इच्छाशक्ति।

इसने श्रीमती गांधी के कद को फिर से बढ़ा दिया जिसने1971 के आम चुनावों में उनकी जीत सुनिश्चित की। फिर भी, यह समग्र तस्वीर सीपीआई (एम) को नहीं रोक सकी, जो पश्चिम बंगाल विधानसभा में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी। लेकिन, इसे आगे बढ़ने नहीं दिया गया। 1972 के विधानसभा चुनावों में पूरी तरह से धांधली की गयी थी, जिसने लगभग आधे दशक तक अर्ध-फासीवादी दमन का मार्ग प्रशस्त किया। सत्तावाद का यह दौर 25 जून, 1975 की मध्यरात्रि को आपातकाल की घोषणा के साथ सहज रूप से जुड़ गया।

आपातकाल के दौरान, इंदिरा गांधी के राजनीतिक विरोधियों को जेल में डाल दिया गया था और प्रेस पर सेंसरशिप लगा दी गयी थी। उनके शासन में 10,000 से अधिक राजनीतिक विरोधियों, पत्रकारों और कार्यकर्ताओं को जेल में डाल दिया गया था। इस बीच, देश थोड़े ही समय पहले हुए पाकिस्तान के साथ युद्ध, सूखे और 1973 के वैश्विक तेल संकट से उपजी आर्थिक चुनौतियों की एक श्रृंखला से जूझ रहा था। बढ़ती बेरोजगारी और मुद्रास्फीति ने जनता के असंतोष और राजनीतिक विरोध को और बढ़ा दिया। इन बढ़ते दबावों के साथ-साथ श्रीमती गांधी की व्यक्तिगत असुरक्षा और कानूनी झटकों की भावना-विशेष रूप से उनकी लोकसभा सदस्यता खोने का खतरा- ने आपातकाल लगाने के निर्णय में योगदान दिया।

संक्षेप में, 1975 का आपातकाल राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक कारकों के संयोजन के कारण घोषित किया गया था। सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 352 का इस्तेमाल किया, जो युद्ध, बाहरी आक्रमण या आंतरिक अशांति की स्थिति में आपातकाल की घोषणा की अनुमति देता है। आधिकारिक रूप से इसके औचित्य में राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था के लिए खतरों का हवाला दिया गया, जिसके कारण मौलिक अधिकारों का निलंबन और कार्यपालिका में सत्ता का संकेन्द्रण हुआ।

आपातकाल की घोषणा के अनुमोदन के लिए वैधानिक प्रस्ताव पर बहस के दौरान, लोकसभा में सीपीआई (एम) समूह के नेता ए के गोपालन ने आपातकाल की ओर ले जाने वाली राजनीतिक गतिशीलता को उजागर करते हुए 21 जुलाई, 1975 को कहा: 'पिछले तीन वर्षों में अधिनायकवादी और एक-पक्षीय तानाशाही की प्रवृत्ति के बढ़ने के बारे में हमारी पार्टी द्वारा दी गयी चेतावनी नये आपातकाल की अचानक घोषणा के साथ सच साबित हुई है।' उन्होंने आगे कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी द्वारा खुद को और अपने नेता को गहराते व्यक्तिगत और राजनीतिक संकट से निकालने का यह अचानक कदम ताकत का नहीं, बल्कि कमजोरी का संकेत है। इसे विपक्षी आवाजों और जनांदोलनों को कुचलने के लिए बनाया गया था। उन्होंने इस झूठे आख्यान को भी उजागर किया कि यह आपातकाल चरम दक्षिणपंथी और वामपंथी दुस्साहसवादियों के खिलाफ था।

इसके कारण जो अपरिहार्य था हुआ और इंदिरा गांधी के साथ कांग्रेस राजनीतिक हार से बच नहीं सकी। अठारह महीने का आपातकाल समकालीन भारतीय इतिहास में एक गंभीर विचलन और लोकतंत्र के घिनौने विघटन के रूप में दर्ज किया गया है। 1977 के लोकसभा चुनावों के बाद विपक्षी राजनीतिक ताकतों के एक व्यापक गठबंधन ने लोकतंत्र की बहाली सुनिश्चित की।

नरेंद्र मोदी 25 जून, 1975 को लगाये गये आपातकाल के दौर को याद करते हुए इसे भारत के 'संविधान पर एक काला धब्बा' बताते रहे हैं। उन्होंने घोषणा की है, 'आपातकाल के बाद से ये 50 साल हमें अपने संविधान और लोकतंत्र की रक्षा गर्व के साथ करने की याद दिलाते हैं। देशवासियों को यह संकल्प लेना चाहिए कि ऐसा अपमान फिर कभी नहीं होने दिया जायेगा। हम एक जीवंत लोकतंत्र सुनिश्चित करने और भारतीय संविधान द्वारा उल्लिखित आम आदमी के सपनों को पूरा करने के लिए खुद को प्रतिबद्ध करते हैं।' हालांकि, यह दिखावा तेजी से एक बड़े धोखे में बदल रहा है - आरएसएस-भाजपा द्वारा भारतीय लोकतंत्र पर अपने सबसे घृणित हमले को छिपाने का एक प्रयास हो रहा है, जैसा कि पिछले 11 वर्षों के नरेन्द्र मोदी का कार्यकाल में सामने आया है।

पचास साल बाद पीछे मुड़कर देखें तो आपातकाल को भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर पहला बड़ा हमला माना जा सकता है - जिसने नागरिक स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक अधिकारों को गंभीर रूप से सीमित कर दिया। लेकिन, जैसा कि कई लोग करते हैं, 1975 के आपातकाल और वर्तमान स्थिति के बीच सीधी तुलना करना एक गलती है। मोदी के शासन में पिछले दशक को अक्सर 'अघोषित आपातकाल' के रूप में संदर्भित किया जाता है, लेकिन ऐसी तुलना कई मामलों में गलत है।

साम्राज्यवाद के पक्ष में राजनीतिक ताकतों के बदलते सहसंबंध के बीच, अति-दक्षिणपंथी वैश्विक पुनरुत्थान की पृष्ठभूमि में वर्तमान परिदृश्य उभरा है। इस चरण ने वित्तीय पूंजी संचालित वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं के युग की शुरुआत की है, जो तीव्र असमानता, बड़े पैमाने पर बेरोजगारी और भारी कॉर्पोरेट प्रभुत्व से चिह्नित है। इसके साथ ही पहचान-आधारित ध्रुवीकरण और एक निरंतर घृणा अभियान के अभूतपूर्व स्तर हैं, जो आर्थिक और सामाजिक दोनों क्षेत्रों में साथी नागरिकों को 'अन्य' बना रहे हैं।

इस प्रकार, लोकतंत्र और संवैधानिक सिद्धांतों पर वर्तमान हमला कहीं अधिक घातक है। इसने संस्थागत अधिनायकवाद को जन्म दिया है - या जिसे कुछ पर्यवेक्षक 'चुनावी निरंकुशता' कहते हैं।

भारतीय संदर्भ में, इस अधिनायकवादी बदलाव का नेतृत्व आरएसएस ने किया है, जिसने साम्प्रदायिक हिंदुत्व की जहरीली विचारधारा को बढ़ावा दिया है, जो भारत के मूल विचार को मौलिक रूप से बदलने का प्रयास करता है। भारत का यह विचार- उपनिवेशवाद विरोधी संघर्ष से पैदा हुआ -जो एक लोकतांत्रिक,धर्मनिरपेक्ष, सामाजिक रूप से न्यायपूर्ण और संघीय गणराज्य में निहित था। इसलिए वर्तमान हमला अधिक व्यापक और दमघोंटू है, जिसका उद्देश्य भारतीय नागरिकता के मूलभूत सिद्धांतों को नष्ट करना है।

पीछे देखने पर, 1975 का आपातकाल, आज हम जिस पूर्ण-विकसित अधिनायकवाद का अनुभव कर रहे हैं, उसकी तुलना में लगभग अनुभवहीन अभ्यास लगता है। वर्तमान शासन को हटाना कठिन लग सकता है, परन्तु 1970 के दशक में आपातकाल के खिलाफ लड़ने के अनुभव से आत्मविश्वास बढ़ना चाहिए। आरएसएस की घातक साम्प्रदायिक विचारधारा का विरोध करने और लोकतंत्र को पुन: प्राप्त करने की इच्छाशक्ति के साथ एकजुट लोग आज भी चुनौती का सामना कर सकते हैं और उससे पार पा सकते हैं।

## छोटे बैंकों के डूबने की भी फ़िक्र करनी जरूरी है


जगदीश रत्तनानी

भारतीय रिजर्व बैंक की पूर्ण स्वामित्व वाली एक सहायक कंपनी है जिसे डिपॉजिट इंश्योरेंस एंड क्रेडिट गारंटी कॉरपोरेशन (डीआईसीजीसी) कहा जाता है। यह कंपनी रिजर्व बैंक विनियमित बैंकों में किसी बैंक के पतन की स्थिति में बचतकर्ताओं की सुरक्षा के लिए प्रति ग्राहक अधिकतम 5 लाख रुपये तक सभी जमा राशियों का बीमा करती है। अब नवीनतम बैंक पतन पर विचार करें। यह एक छोटा बैंक है जिसने बैंकिंग प्रणाली में कुछ सबसे गरीब और कमजोर जमाकर्ताओं को चोट पहुंचाई है। यह देखते हुए कि बैंक छोटा है, इसका नेटवर्क सीमित है और जमाकर्ताओं का कोई प्रभाव नहीं है इसलिए इसकी कोई चर्चा नहीं है। यह न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक एक शहरी सहकारी बैंक है जिसका मुख्यालय मुंबई में है। यह बैंक 13 फरवरी, 2025 को दीवालिया हो गया। इसके जमाकर्ताओं में ऑटो व टैक्सी ड्राइवर, छोटे बचतकर्ता, सब्जी विक्रेता, छोटे स्टोर के मालिक जैसे लोग शामिल हैं। अब उनके व्यवसाय मंझधार में हैं। यह एक बहु-राज्य अनुसूचित बैंक है जिसकी महाराष्ट्र और गुजरात में करीब 22 शाखाएं और कुल 6,000 जमाकर्ता हैं। बड़ी बैंकिंग प्रणाली का अर्थव्यवस्था में तेजी से प्रभाव बढ़ रहा है पर उसमें इन छोटे जमाकर्ताओं की कोई आवाज नहीं है।

छोटे जमाकर्ता बैंक के बाहर कतार में खड़े थे, पुलिस उनको नियंत्रित कर रही थी। इनमें कई वरिष्ठ नागरिक थे। सभी को आश्वासन दिया जा रहा था कि उनका पैसा सुरक्षित है और मई 2025 तक दूसरे खाते में भुगतान किया जाएगा। इनके फॉर्म भरे गए और जमा बीमा के लिए दावों को भेजा गया लेकिन तीन महीने बाद 13 मई 2025 को उन्हें पैसे निकालने से रोक दिया गया। बाद में प्रति जमाकर्ता अधिकतम 25,000 रुपये निकालने की अनुमति दी गई। डीआईसीजीसी की ओर से एक पंक्ति की सूचना आई कि 'डीआईसीजीसी ने न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के जमाकर्ताओं को भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होने की तारीख को 90 दिनों की अवधि यानी 12 अगस्त, 2025 तक के लिए बढ़ा दिया है।' सूचना में उन परिस्थितियों के बारे में कोई अन्य संदर्भ, स्पष्टीकरण या विवरण नहीं था जिनके तहत जमाकर्ताओं को तीन और महीनों तक इंतजार करने के लिए कहा गया है।

एक तरफ भारतीय बैंकिंग प्रणाली को वित्तीय रूप से अधिक समावेशी कहा जाता है जबकि दूसरी ओर कुछ सबसे गरीब जमाकर्ता अपने जीवन की बचत खोने के अंदेशे में खुद को अंधेरे में पाते हैं जिसे वे समझ नहीं सकते हैं। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर एम. राजेश्वर राव ने पिछले पखवाड़े ही मुंबई में एक वित्तीय शिखर सम्मेलन में कहा था कि 'आरबीआई का वित्तीय समावेशन सूचकांक, जो पूरे देश में वित्तीय समावेशन की सीमा को दर्शाता है, मार्च 2023 में 60.1 से बढ़कर मार्च 2024 में 64.2 हो गया है जो वर्ष-दर-वर्ष 6.82 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।'

यह एक बड़ी तस्वीर की कहानी है जिसका शीर्षक तो अच्छा है लेकिन जब यह एक छोटे से पतन की छोटी तस्वीर में तब्दील हो जाता है जिसने अपने साथ आम नागरिकों की किस्मत और जीवन भर की कमाई ले ली है, जिसमें लोग जिंदा रहने के लिए संघर्ष करते हैं तो यह एक डरावनी कहानी में बदल जाती है। भले ही हम विकास और समावेश की एक बड़ी तस्वीर की कहानी का जश्न मना रहे हों लेकिन सरकारी कार्रवाई में ढिलाई, जमाकर्ताओं को जमा बीमा के भुगतान करने की अस्पष्ट धीमी गति और विस्तारित समय अवधि व बैंक में आपराधिक जांच के आलोक में उभर रहे भ्रष्टाचार के चौंकाने वाले खाते एक ऐसे भारत की कहानी बताते हैं जिसने अपने संचालन की परियोजना के मूल तत्वों और व्यवहारिक पहलुओं पर ध्यान केंद्रित नहीं किया ताकि आगे बढ़ने से पहले सब कुछ सुनिश्चित किया जा सके। पतन के बारे में उल्लेखनीय बात यह है कि बैंक अप्रत्याशित रूप से पूरी तरह से गायब हो गया है जैसे कि कुछ भी नहीं हुआ है। सिस्टम में सबसे कमजोर लोगों पर लगभग किसी का ध्यान नहीं गया। जिन्होंने बैंक पर रोजमर्रा की सेवा के लिए घरेलू संस्थान के रूप में भरोसा किया उनके लिए यह एक विनाशकारी प्रभाव है। इस मामले में 12,000 पन्नों की चार्जशीट दायर की गई है लेकिन यह अभी भी अपने पैसे का इंतजार कर रहे जमाकर्ताओं को बहुत कम सांत्वना देता है। पुलिस ने बताया कि कुछ आरोपी देश छोड़कर भाग गए हैं।

न्यू इंडिया जैसे सहकारी बैंक का पतन विशेष रूप से दर्दनाक है क्योंकि इसका इतिहास संगठित श्रमिकों से जुड़ा है। इसके संस्थापक तेजतर्रार समाजवादी, ट्रेड यूनियन नेता स्वर्गीय जॉर्ज फर्नांडीस (1930-2019) हैं जिनका जीवन भारतीय अर्थव्यवस्था के जमीनी स्तर पर लोगों के अधिकारों के लिए लड़ने के लिए समर्पित था। जब एक टैक्सी ड्राईवर को लाइसेंस-नियंत्रण-राज वाले दिनों में 'नियमित' बैंकों द्वारा ऋण देने से इनकार कर दिया गया तो फर्नांडिस ने टैक्सी ड्राइवरों को बैंक बनाने के लिए एकजुट किया। बड़े और कट्टर बैंकों ने जिन्हें छोड़ दिया गया था, इस बैंक ने यूनियन श्रमिकों, ऑटो चालकों और छोटे व्यवसायियों का स्वागत किया। नए, उदारीकृत भारत में यूनियनों को लंबे समय से भंग कर दिया गया है या कम से कम वे अपने दांत खो चुके हैं। जिस बैंक की स्थापना श्रमिकों की रीढ़ के रूप में की गई थी उसे अब अंदरूनी लोगों के एक समूह द्वारा लूट लिया गया है। आरोपियों में जॉर्ज फर्नांडिस के सहयोगी संस्थापक रंजीत भानु के परिवार के सदस्य भी शामिल हैं।

> न्यू इंडिया जैसे सहकारी बैंक का पतन विशेष रूप से दर्दनाक है क्योंकि इसका इतिहास संगठित श्रमिकों से जुड़ा है। इसके संस्थापक तेजतर्रार समाजवादी, ट्रेड यूनियन नेता स्वर्गीय जॉर्ज फर्नांडीस (1930-2019) हैं जिनका जीवन भारतीय अर्थव्यवस्था के जमीनी स्तर पर लोगों के अधिकारों के लिए लड़ने के लिए समर्पित था।

हालांकि सहकारी बैंकों में राजनेताओं, स्थानीय क्षेत्र के प्रभाव और आधुनिक प्रणालियों को धीमी गति से अपनाने के कारण सुशासन की कमी संभव हो सकती है लेकिन आरबीआई अपने पर्यवेक्षी कार्यों में विफल होने की जिम्मेदारी से बच नहीं सकता है। इन बैंकों पर स्पष्ट रूप से अलग ध्यान देने की आवश्यकता है क्योंकि वे छोटे हैं, वे अंदरुनी इलाकों में वित्तीय समावेशन का काम करते हैं और वे उन कुछ सबसे कमजोर व सबसे गरीब लोगों की जमा रकम पर चलते हैं जिन्होंने बैंकिंग प्रणाली पर भरोसा किया है। हाल के दिनों में बैंकों के दीवालिया होने की एक श्रृंखला देखी गई है जिनमें से न्यू इंडिया नवीनतम है। यह बात संरचनात्मक और शासन के मुद्दों को इंगित करती है जिन्हें आरबीआई प्रभावी ढंग से संबोधित करने में असमर्थ या अनिच्छुक रहा है।

इस साल मार्च में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राज्यसभा को बताया था कि पिछले तीन साल में 40 शहरी सहकारी बैंकों के लाइसेंस रद्द किए गए हैं। मंत्री ने आरबीआई के हवाले से कहा कि उसने पिछले तीन वर्षों में उधारकर्ताओं और उधारदाताओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में विफल रहने वाले संस्थानों में जमा और अग्रिम की राशि का बैंक-वार विवरण नहीं रखा है। इसके साथ ही आरबीआई द्वारा उन पर कोई कार्रवाई भी नहीं की गई है। बैंक विफलताओं की सूची का एक अनुलग्नक डीआईसीजीसी से आया है। इसने पिछले तीन वर्षों में 43 'बैंक विफलताओं' को सूचीबद्ध किया, उनमें से सभी सहकारी बैंक थे।

करीब पांच साल पहले एसबीआई ने निजी क्षेत्र के चौथे सबसे बड़े बैंक 'यस बैंक' को बचाया था। लोगों का विचार था कि यह संस्थान इतना बड़ा है कि वह विफल नहीं हो सकता क्योंकि वह लापरवाही या गलत कामों न करने के खिलाफ निहित गारंटी देता है। यह सच है कि अर्थव्यवस्था पर असाधारण विफलताओं से पड़ने वाले प्रभावों का जोखिम होता है, लेकिन न्यू इंडिया के मामले की तरह की अप्रत्याशित विफलताएं एक अलग तरह का नुकसान पहुंचाती हैं- वे लगभग अनदेखे, अनसुने लेकिन कम विघटनकारी नहीं होते। वे बैंकिंग प्रणाली और इसके पूरे नियामक ढांचे में आम नागरिक के विश्वास को खत्म करते हैं।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं। सिंडिकेट: द बिलियन प्रेस )**

**उल्टा पुल्टा**

साइकिल वाले ने एक आदमी को टक्कर मार दी और बोला- भाई साहब आप बहुत किस्मत वाले हो..!

आदमी- एक तो तूने मुझे टक्कर मारी और ऊपर से मुझे किस्मत वाला कह रहे हो।

साइकिल वाला- आज छुट्टी है तो साइकिल चला रहा हूँ नहीं तो मैं ट्रक चलाता हूं।

# आज पूरी दुनिया योग फॉर वन अर्थ,वन हेल्थ, की थीम पर योग दिवस मनाएगी: स्वास्थ्य मंत्री

## मोदी की पहल एक वैश्विक आंदोलन बनी-श्यामबिहारी जायसवाल

**बिलासपुर**, 20 जून (देशबन्धु)। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने कहा है कि शनिवार 21 जून को पूरी दुनिया योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ की थीम के साथ 11वाँ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने जा रही है। गत दस वर्षों में भारत सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग को दुनिया में अपना उचित स्थान मिला है।

श्री जायसवाल ने कहा कि भारत सरकार के प्रयासों का ही परिणाम है कि भारत की योग आधारित अर्थव्यवस्था कुल 20 हजार करोड़ रुपए से अधिक की हो चुकी है और 1 लाख से अधिक प्रमाणित योग शिक्षक दुनिया के 190 देशों में योग सीखने-सिखाने का कार्य कर रहे हैं।

स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने शुक्रवार को यहाँ भाजपा कार्यालय में आहूत पत्रकार वार्ता में बताया कि राष्ट्रीय सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ) के हाल ही में हुए सर्वेक्षण में पाया गया कि देश के 2.5 करोड़ घरों में, जो कि देश की आबादी का लगभग 8 प्रतिशत है, कम-से-कम एक सदस्य नियमित योग करता है। यह योग के भारतीय जीवन शैली से जुड़ाव को दिखाता है और यह स्थापित करता है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार आम भारतीय के जीवन की प्राथमिकताओं पर चल रही है।



श्री जायसवाल ने कहा कि आज के इस कठिन दौर में, जहाँ बीमारियों और जनसंख्या दोनों ही तेज़ी से बढ़ रही हैं, योग एक ऐसा माध्यम है जिससे हम सभी एक स्वस्थ, संतुलित और खुशहाल जीवन जी सकते हैं। योग केवल शरीर की क्रियाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आत्मा, मन और चेतना को जोड़ने वाली एक जीवनशैली है। भारत, जो योग की भूमि है, ने सदियों से इसे संरक्षित और प्रचारित भी किया है। यह हमारी सांस्कृतिक धरोहर है और आज विश्वभर में इसके वैज्ञानिक लाभों को स्वीकार किया जा रहा है। श्री जायसवाल ने कहा कि भारत जैसा कोई दूसरा देश शायद ही हो, जिसका इतना व्यापक, समृद्ध और जीवंत सांस्कृतिक इतिहास रहा हो। जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र में यह प्रस्ताव रखा कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाए, तब बहुत-से लोग जो पहले योग का मज़ाक उड़ाया करते थे, उन्हें यह कल्पना भी नहीं रही होगी कि यह पहल एक दिन वैश्विक आंदोलन का रूप ले लेगी।

स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को 21 जून को मनाने के पीछे एक गहरा और वैज्ञानिक कारण भी है। 21 जून वर्ष का सबसे लंबा दिन और सबसे छोटी रात होती है। इसी दिन दक्षिणायन की शुरुआत होती है। भारतीय शास्त्रों और आयुर्वेद में यह माना गया है कि दक्षिणायन के प्रारंभ से वातावरण में अशुद्धता बढ़ने लगती है और हमारी रोग-प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है। ऐसे समय में तन और मन को संतुलित बनाए रखने, शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने और आत्मिक शांति प्राप्त करने के लिए योग एक अत्यंत प्रभावी साधन है। श्री जायसवाल ने कहा कि योग हमारी 15 हजार साल पुरानी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत का अभिन्न हिस्सा है। आदियोगी शिव को योग का प्रथम ज्ञानदाता माना जाता है, जिन्होंने सप्तर्षियों को योग की गूढ़ विधाओं का उपदेश दिया। बाद में महर्षि पतंजलि ने योग को एक वैज्ञानिक दृष्टिकोण से व्यवस्थित किया और उसे आस्था, अंधविश्वास और भ्रम से निकालकर एक प्रमाणित जीवनशैली के रूप में दुनिया के समक्ष प्रस्तुत किया। योग केवल शारीरिक क्रियाओं का नाम नहीं है, बल्कि मन की स्थिरता, भावनाओं का संतुलन, और आत्मा की शुद्धता की साधना है। । आज योग से विमुख होते जा रहे युवाओं को पुनः योग से जोड़ा जडा रहा है। युवा योग अपनाएँ। योग कोई कठिन साधना नहीं, बल्कि मन को एकाग्र करने, तन को स्थिर करने, और आत्मा को शांत करने का एक सरल, वैज्ञानिक और प्रभावी तरीका है।

श्री जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के प्रयासों से 21 जून के दिन को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने के प्रस्ताव को 11 दिसंबर 2014 को यूनाइटेड नेशन्स की जनरल असेंबली ने सर्वसम्मति से पारित किया था। इस प्रस्ताव को विश्व के 175 देशों का समर्थन मिला था। अब तक विश्व में योग दिवस पर हुए वैश्विक आयोजनों की चर्चा करते हुए श्री जायसवाल ने कहा कि 21 जून 2015 को पहले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर न्यूयॉर्क, पेरिस, बीजिंग, बैंकॉक जैसे शहरों में भव्य आयोजन किया गया। प्रथम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस योग फॉर पीस एंड हारमनी की थीम पर आधारित था। इस दिन दिल्ली के एक योग कार्यक्रम में 35,985 लोगों ने एक साथ योग कर विश्व रिकॉर्ड बनाया, इन लोगों में 84 देशों के नागरिक शामिल थे। इस वर्ष 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को खास बनाने के लिए भारत सरकार द्वारा 10 तरह के खास आयोजन किये जा रहे हैं। इस वर्ष योग संगम का आयोजन कर 10 हजार स्थानों पर एक साथ योग प्रदर्शन कर विश्व रिकॉर्ड बनाने का लक्ष्य रखा गया है। 10 स्थानों पर एक सप्ताह तक चलने वाले योग महाकुंभ उत्सव का समापन प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में एक केंद्रीय समारोह में होगा। समग्र स्वास्थ्य के लिए आधुनिक स्वास्थ्य सेवा के साथ योग को एकीकृत करने वाली 100-दिवसीय पहल संयोगम का आयोजन किया जा रहा है।

पत्रकार वार्ता में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, भाजपा जिलाध्यक्ष बिलासपुर शहर दीपक सिंह ठाकुर, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष गुलशन ऋषि भी उपस्थित थे।

# अवैध महुआ शराब बनाने एवं बेचने का संगठित कारोबार चलाने वालों के करोड़ो की संपत्ति जब्त



## प्रदेश भर में पहली बार नवीन कानून की धारा 107 बीएनएसएस का प्रयोग कर आरोपियों की 50 लाख की अवैध संपत्ति को फ्रीज करने सक्षम न्यायालय भेजा गया प्रतिवेदन

**बिलासपुर**, 20 जून (देशबन्धु)। पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान चेतना विरुद्ध नशा के तहत बिलासपुर पुलिस ने नशे के कारोबार में संलिप्त संगठित आपराधियों के विरुद्ध करोड़ो की संपत्ति जप्त किया गया है ।

इस संदर्भ में थाना कोनी के अपराध क्रमांक 262/2025 एवं 276/2025 धारा 34-2 आबकारी एक्ट के जांच में यह सामने आया की आरोपी दंपत्ति संतोष वर्मा एवं देवीबाई वर्मा अपने पुत्र राहुल वर्मा के साथ हाथ भटठी की अवैध महुआ शराब बनाने एवं बेचने का संगठित करोबार कई वर्षो से चला रहे थे जिन पर पुलिस के द्वारा कई बार वैधानिक कार्यवाही की गई थी परन्तु उनके आचरण में कोई सुधार नही हुआ उक्त आरोपीगणों के द्वारा पुलिस कार्रवाई के बाद भी लगातार अवैध शराब बिक्री कर अवैध रुप से पारितोषिक लाभ कर रहे थे ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनीश सिंह के निर्देश अनुसार और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) राजेन्द्र जायसवाल एवं नगर पुलिस अधीक्षक (कोतवाली) अक्षय प्रमोद साबद्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोनी निरीक्षक राहुल तिवारी द्वारा थाना स्तर पर टीम गठित कर प्रकरण में आरोपी द्वार अवैध शराब कारोबार से अर्जित की गई संपत्ति को जब्त करने के लिए विस्तृत जांच की गई । जांच में पाया गया की आरोपीगण के द्वारा अवैध शराब बिक्री से एक प्लाट, 02 मंजिला मकान, 01 टैक्टर, स्वीफ्ट कार एवं 02 मोटर सायकल खरीदा गया जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 50 लाख रुपये है । आरोपीगणों का आय का कोई वैध स्त्रोत नही है जिससे उक्त संपत्ति अर्जित कर सके ।

केन्द्र एवं राज्य सरकार के मंशा अनुरुप धारा 107 बीएनएसएस 2023 के उपबंधो के अधीन विधि विरुद्ध क्रिया कल्प पर अर्जित की गई संपत्ति को जप्त करने की कार्रवाई थाना कोनी के द्वारा की गई इस हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से अनुमति प्राप्त कर थाना कोनी के द्वारा उक्त संपत्ति को जप्त करने के लिए सक्षम न्यायालय में विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है जिस पर शीघ्र कार्रवाई की जा रही है । अवैध शराब के कारोबार में सलिप्त संगठित अपराधियों की विरुद्ध यह राज्य की पहली कार्रवाई है। निश्चित तौर से इस कार्रवाई से शराब का अवैध निर्माण व व्यापार करने वालो को सबक मिलेगा तथा सामान्य जनता में कानून की प्रति विश्वास की वृद्धि होगी।

## सार-संक्षेप



### चिल्हाटी में महिला कमांडो का किया गया गठन

**25 महिला कमांडो नशा मुक्ति के लिए चलाएंगे अभियान**

**बिलासपुर**, 20 जून (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा पूर्व में थाना प्रभारियों की मीटिंग लेकर जिले में चेतना के अंतर्गत नशा के खिलाफ अभियान हेतु ग्राम पंचायत में महिला कमांडो नियुक्त करने निर्देशित किया गया है।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक( ग्रामीण) श्रीमती अर्चना झा एवं एसडीओपी मस्तूरी लालचंद मोहल्ले के मार्ग दर्शन मिलने पर थाना प्रभारी पचपेड़ी श्रवण कुमार द्वारा थाना पचपेड़ी के अंतर्गत ग्राम पंचायत चिल्हाटी में जाकर गुरुवार को ग्राम पंचायत भवन चिल्हाटी में ग्राम पंचायत सरपंच, सरपंच प्रतिनिधि की उपस्थिति में चिल्हाटी में 25 महिला कमांडो का गठन किया गया। नशा मुक्ति अभियान के बारे में बताया गया। और अपील किया गया कि ग्राम को नशा मुक्त करें। ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि गण तथा महिला कमांडो ने अपनी सहमति दी है। नशे के संबंध में सूचना मिलने पर बीट प्रभारी प्रधान आरक्षक तेज कुमार रात्रे और बीट आरक्षक प्रीतम मरावी को तत्काल सूचना देने की अपील की गई है। साइबर फ्रॉड के संबंध में भी लोगों को जागरूक किया गया।

### रेलवे अंडरब्रिज में बेहतर सड़क आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने की पहल

**रोड मरम्मत कार्य के लिए एलएचएस- 356 जूठी रेल अंडरब्रिज बंद रहेगी**

**बिलासपुर**, 20 जून (देशबन्धु)। मंडल क्षेत्राधिकार के अंतर्गत रेलवे अंडरब्रिज में लोगों को बेहतर सड़क आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने हेतु रेल प्रशासन प्रतिबद्ध है। जयरामनगरङ्कलटिया के मध्य स्थित जूठी अंडरब्रिज (एलएचएस-356) पर बने सड़क के जर्जर हो जाने के कारण क्षेत्रीय निवासियों को यातायात में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे प्रशासन के द्वारा संज्ञान में आते ही इस समस्या के समाधान के लिए बेहतर सड़क आवागमन सुविधा हेतु दिनांक 12 मई (सोमवार) से 26 जून (गुरुवार) तक उक्त अंडरब्रिज को पूर्णतः बंद कर आवश्यक सड़क मरम्मत कार्य करने का निर्णय लिया गया था। परंतु बीच-बीच में बारिश होने के कारण यह कार्य पूर्ण नहीं हो सका था। इसके फलस्वरूप इस सड़क मरम्मत कार्य को पूर्ण करने हेतु उक्त अंडरब्रिज दिनांक 26 जून (गुरुवार) से 10 जुलाई तक सड़क यातायात हेतु पूरी तरह से बंद रहेगा। इस अवधि में आमजनों को वैकल्पिक मार्ग के रूप में पाराघाट अंडरब्रिज (एलएचएस-359) एवं समपार संख्या 360 (जयरामनगर फाटक) का उपयोग करने की सलाह दी जाती है। यातायात बंद होने के कारण होने वाली असुविधा के लिए प्रशासन खेद व्यक्त करता है एवं सहयोग की अपेक्षा करता है।

# कल्चर क्लब में निवेश करने और प्राइम लोकेशन में प्रापर्टी देने का झांसा दे 4.80 करोड़ की ठगी

## पीड़ित उद्योगपति की रिपोर्ट पर पुलिस कर रही जांच

**बिलासपुर**, 20 जून (देशबन्धु)। शहर के एक उद्योगपति के साथ 4 करोड़ 80 लाख रुपए की ठगी हो गई। आरोपी ने कल्चर क्लब में निवेश करने पर मोटा मुनाफा और प्राइम लोकेशन में प्रॉपर्टी देने का झांसा देकर 2023 से 2025 तक किश्तों में यह राशि हड़प ली। मामला सिरगिट्टी थाना क्षेत्र का है, जहां पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, रामा वर्ल्ड निवासी एक उद्योगपति एक टूर के सिलसिले में छत्तीसगढ़ से बाहर गए थे। वहां उनकी मुलाकात एक अन्य राज्य के फर्म संचालक से हुई। धीरे-धीरे दोनों के बीच दोस्ती बढ़ी और फर्म संचालक ने कल्चर क्लब में निवेश करने पर बड़ा मुनाफा और साथ ही प्राइम लोकेशन में संपत्ति देने का लालच दिया। आरोपी की बातों में आकर उद्योगपति ने वर्ष 2023 से 2025 के बीच अलग-अलग किश्तों में कुल 4.80 करोड़ रुपये निवेश कर दिए। जब न तो मुनाफा मिला और न ही प्रॉपर्टी दी गई, तो उद्योगपति को धोखाधड़ी का शक हुआ। बार-बार पूछने पर फर्म संचालक गोलमोल जवाब देने लगा। आखिरकार ठगी का अहसास होने पर उद्योगपति ने सिरगिट्टी थाना में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात फर्म संचालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 420 (धोखाधड़ी) और 406 (विश्वासभंग) के तहत केस दर्ज कर लिया है और मामले की जांच जारी है।

## अधिक बारिश होने के कारण ट्रेन रहेगी प्रभावित

**बिलासपुर**, 20 जून (देशबन्धु)। दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के टाटानगर स्टेशन यार्ड में अत्यधिक वर्षा के फलस्वरूप जल भराव के कारण दिनाँक 19 जून को टाटानगर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18109 टाटानगर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। इसी प्रकार रैक अनुपलब्धता के कारण दिनाँक 20 जून 2025 को बिलासपुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18114 बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस भी रद्द रहेगी। इसी क्रम में दिनाँक 20 जून को टाटानगर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18113 टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस को रद्द किया गया है। जिसके फलस्वरूप रैक अनुपलब्धता के कारण दिनाँक 21 जून को आज बिलासपुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18114 बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस भी रद्द रहेगी।



# वाहन 112 में महिला ने दिया बच्चा को जन्म, जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ

## उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया



**बिलासपुर**, 20 जून (देशबन्धु)। थाना कोटा क्षेत्र के फ़क़ीर मोहल्ला की एक गर्भवती महिला के लिए डॉयल-112 फरिश्ता बनकर पहुंची। महिला प्रसव पीड़ा से तड़प रही थी घर में अस्पताल ले जाने का कोई साधन नहीं होने की सूचना मिलते ही तत्काल महिला के घर डायल 112 कोटा ईगल- 1 की वाहन पहुंची। महिला को उनके परिजनों के साथ वाहन में अस्पताल ले जाया जा रहा था कि रास्ते में प्रसव पीड़ा अधिक होने एवं परिजनों द्वारा वाहन को रोकने हेतु निवेदन करने पर रास्ते में ही वाहन को रोका गाया । डायल-112 के आरक्षक. 724 राजेश कुर्रे चालक अनिल पंकज द्वारा वाहन रोककर तत्काल डिलीवरी हेतु आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई।

ग्राम मितानिन एवं परिजनों की सहायता से गाड़ी में ही सुरक्षित डिलवरी कराई गई।112 टीम के जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ हैं बाद बच्चे एवं प्रसूता को प्राथमिक उपचार एवं स्वास्थ्य लाभ हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया । प्रसूता महिला और उनके परिजनों ने डॉयल-112 एवं बिलासपुर पुलिस के इस कार्यप्रणाली की सराहना की है। उन्होंने 112 पुलिस टीम के प्रति आभार व्यक्त किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जिला बिलासपुर रजनेश सिंह ने आरक्षक के कार्य की प्रशंसा की एवं उन्हें पुरस्कृत किया।

### पुलिस की जनता से अपील

किसी भी अपराध,अपराधी,घटना, दुघर्टना या किसी भी परिस्थिति में पुलिस की सहायता की जरूरत होने पर बिना किसी झिझक के डायल-112 पर कॉल करें या किसी भी अन्य माध्यम से पुलिस को सूचित करें. बिलासपुर पुलिस आमजन की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहती है।

# एकरूपता के लिए पूर्वाभ्यास आवश्यक-मंजू दीदी



**बिलासपुर**, 20 जून (देशबन्धु)। बहतराई स्टेडियम में विशाल सामूहिक योग से पूर्व मंजू दीदी ने कराया योगाभ्यास, पांचों संस्थाओं के योग प्रदर्शक के उपस्थिति में किया जाएगा।

एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य के लिए योग व योग संगम एवं हरित योग होगी थीम। कई आसनों व प्राणायाम को करने की एक से अधिक विधियां होती हैं किन्तु शासन द्वारा निर्देशित सामान्य योग अभ्यास क्रम के अनुसार प्रदर्शन में एकरूपता हेतु पूर्वाभ्यास आवश्यक है।

जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित बहतराई इंडोर स्टेडियम में 21 जून पूर्व आज पूर्व योग आयोग सदस्य एवं टिकरापारा सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी मंजू दीदी ने सामान्य योग अभ्यासक्रम के अनुसार योग का संचालन करते हुए उक्त बातें कही। योग प्रदर्शन में गायत्री परिवार से सुजाता मानेक, ब्रह्माकुमारीज़ से बीके कविता बहन, पतंजलि से संतोषी यादव व अमित निषाद, छ ग योग आयोग से लिली ठाकुर व आर्ट ऑफ़ लिविंग से बबलू शर्मा उपस्थित रहे।

# मेगा एक्सपो और वृक्षारोपण का आयोजन चितवन फार्म में कल

## भरोसा और विश्वास का दूसरा नाम डीसीटी

## चितवन फार्म में मिलेगी आधुनिक सुविधाएं

**बिलासपुर**, 20 जून (देशबन्धु)। डीसीटी रियल स्टेट डेवलपर्स के द्वारा चितवन फार्म प्रोजेक्ट में 21 और 22 जून को विशाल मेगा एक्सपो और वृक्षारोपण का आयोजन किया जा रहा है। यहां कंपनी आपके साथ भोजन करते हुए एक सुनहरे भविष्य की योजना को साकार करेगी।

चितवन फार्म प्रोजेक्ट को डीसीटी रियल स्टेट डेवलपर्स ने अपने नए और आधुनिक सुविधाओं के साथ इसको लांच किया है। जहां आपको रहने की आधुनिक सुख सुविधाओं के साथ नया आशियाना मिलेगा जिसकी बुकिंग अभी चल रही है। बिलासपुर शहर से आगे रायपुर रोड में ग्राम मोहदा में प्रोजेक्ट भोजपुर टोल प्लाजा नेशनल हाइवे से लगा हुआ है। अपनी लोकेशन के कारण यह प्रोजेक्ट शहर का




सबसे उन्नत और नवी आशियाना केन्द्र बनने जा रहा है। इस प्रोजेक्ट की सबसे खास बात यही है कि ये भी रेरा अप्रूवल टीएनसी प्रोजेक्ट है। इसमें निवेशकों को सभी प्रकार की सुविधा प्रदान करने को डीएसटी रियल स्टेट डेवलपर्स कटिबंध है।

### टीएनसी प्रोजेक्ट है चितवन फार्म

चितवन फार्म प्रोजेक्ट में यह अपनी लोकेशन के साथ सुरक्षात्मक दृष्टिगत से अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह प्रोजेक्ट नेशनल हाइवे से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ा हुआ प्रोजेक्ट है, जिसमें शहर के विभिन्न हिस्सों में यहां पहुंचना आसान होगा। यहां चौड़ी और मुख्य सड़क, हरियाली से युक्त वातावरण और सुव्यस्थित योजना से परिपूर्ण यह प्रोजेक्ट आदर्श परिसर हब बनाती है। यह प्रोजेक्ट टीएनसी अप्रूव के साथ चितवन फार्म के नाम से लांच हुआ है।

### दोपहर 12 से 4 तक वृक्षारोपण

संस्था के डायरेक्टर राजेन्द्र सिंह राजपूत ने कहा कि लोगों के भरोसा और विश्वास का दूसरा नाम ही डीएसटी रियल स्टेट डेवलपर्स है। इस रविवार को मेगा एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है। जहां दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक विशाल वृक्षारोपण भी किया जाएगा। यहां निवेश करने वाले लोगों को न केवल बढ़िया लोकेशन पर आधुनिक सुविधा मिलेगी बल्कि चौड़ी और पक्की सड़क मिलेगी जहां पर पर्याप्त मात्रा में पार्किंग की सुविधा उपलब्ध रहेगी। उन्नत जल और नाली निकासी की सुविधा, पानी के लिए नल और पेयजल की सुविधा, क्लब हाउस, गार्डन, जीम, स्ट्रीट लाइट है। हरित क्रांति के साथ बादाम और अन्य फलदार पौधों को लगाया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### स्वास्थ्य मेला में लोगों को दी गई सिकलसेल की जानकारी



**कोरबा,** 20 जून (देशबन्धु)। विश्व सिकलसेल दिवस पर कोरबा जिले में 19 जून को कई जगह स्वास्थ्य मेला लगाया गया। लोगों को यहां पर सिकलसेल के कारण, लक्षण व समाधान की जानकारी दी गई। काफी लोगों ने इसका लाभ लिया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी ने सिकल सेल उन्मूलन मिशन कार्यक्रम से संबंधित जानकारी देते हुए कहे कि किसी बिमारी का प्रभाव अकेले रोगी पर नहीं बल्कि पूरे परिवार पर पड़ता है। सिकल सेल बिमारी के बारे में शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ-साथ शीध्र पता लगाने और उपचार सुनिशचित करने के लिए स्क्रीनिंग और जागरूकता दोनो रणनीति अपनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सिकल सेल (एस.सी.डी.) वंशानुगत रक्त विकार है जो लाल रक्त कोशिकाओं को प्रभावित करता है। स्वस्थ लाल रक्त् कोशिकाए आमतौर पर गोल और लचीली होती है जिससे वे रक्त वाहिकाओं के माध्यम से आसानी से आगे बढ़ सकती हैं और पूरे शरीर में ऑक्सीजन पहुँचाती है। सिकल सेल एनीमिया में कुछ लाल रक्त कोशिकाए दरांती या अर्धचन्द्राकार आकार की होती हैं।

### योग अध्यक्ष का स्वागत किया समिति ने



**कोरबा**, 20 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन में योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा का कटघोरा आगमन पर पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में कार्यकर्ताओं एवं योग समिति कटघोरा के सदस्यों ने स्वागत किया। रूपनारायण सिन्हा 21 जून को योग दिवस के अवसर पर जशपुर में आयोजित होने वाले प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होने और कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए आज सुबह रायपुर से जशपुर के लिए रवाना हुए इस दौरान वे कटघोरा में दोपहर भोजन एवं कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात के पीडब्ल्यूडी के रेस्ट हाउस में भी रुके थे। चर्चा के दौरान उनको कटघोरा में विगत कई वर्षों से अनवरत संचालित योग शिविर के संबंध में बताया गया जिसके बारे में वे पूर्व से ही अवगत हैं दो तीन बार उस शिविर में उनका आगमन भी हो चुका है के लिए एक योग भवन के लिए आग्रह किया गया जिसके लिए उन्होंने पूरे प्रदेश स्तर पर इस दिशा में ठोस पहल किये जाने का आश्वासन दिया और कटघोरा में संचालित योग शिविर की प्रशंसा करते हुए इसका संचालन बनाए रखने एवं संख्या में भी वृद्धि करने का निर्देश दिया। इस दौरान नगर पालिका परिषद कटघोरा के पूर्व उपाध्यक्ष एवं पार्षद पवन अग्रवाल, अजय गर्ग, ओमप्रकाश डिक्सेना, नवीन गोयल सहित अन्य उपस्थित थे।

### धरती आबा अभियान से तिलकेजा क्लस्टर के लोग लाभान्वित



**कोरबा,** 20 जून (देशबन्धु)। विकासखण्ड कोरबा अंतर्गत तिलकेजा क्लस्टर में आज भारत भवन, तिलकेजा में एक दिवसीय जागरूकता सह लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ग्राम बगबुड़ा, भैसमा, चीतापाली, ढोंगदरहा, कुकरीचोली, कुदरी, मसान, कुरूडीह, सराईडीह, पहंदा, भेलवाटार, सकदुकला एवं तिलकेजा के सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण एवं विशेषकर जनजातीय समुदाय को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना एवं स्थल पर ही लाभ दिलाना है। शिविर में विभिन्न योजनाओं के तहत 20 आधार कार्ड, 88 राशन कार्ड,18 मनरेगा जॉब कार्ड, 40 पेंशन योजनाओं हेतु आवेदन, 38 जाति प्रमाण पत्र,5 उज्ज्वला गैस कनेक्शन के आवेदन प्राप्त किए गए तथा ग्रामीणों को लाभान्वित किया गया। इसके अतिरिक्त, शिविर स्थल पर ही स्वास्थ्य विभाग के द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच की सुविधा भी प्रदान की गई, जिससे अनेक ग्रामीणों ने लाभ उठाया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य तिलकेजा किशन कोसले,तिलकेजा सरपंच श्रीमती तेरस कंवर, उपसरपंच श्रीमती पदमा कौशिक,मसान सरपंच श्रीमती गणेशी कंवर,पहंदा सरपंच श्रीमती संगीता सिंह कंवर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती कौशाम्बी गबेल एवं विकास विस्तार अधिकारी श्रीमती महेश्वरी साव सहित सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### प्रतिबंधित अवधि में मत्स्याखेट न करें

**कोरबा,** 20 जून (देशबन्धु)। कुसमुंदा विकासनगर समीप अहिरन नदी में अवैध मत्स्याखेट की रोकथाम हेतु सहायक संचालक मछली पालन द्वारा 19 जून को औचक निरीक्षण किया गया और स्थल पर उपस्थित लोगों को बंद ऋतु में मत्स्याखेट पर प्रतिबंध के संबंध में जानकारी देकर चेतावनी दिया गया कि प्रतिबंधित अवधि में मत्स्याखेट न करें। मत्स्याखेट करते पाये जाने पर सख्त कार्यवाही की जायेगी।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर स्वामी आत्मानंद क्रीड़ा परिसर में होगा भव्य आयोजन

#### स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल होंगे मुख्य अतिथि



**एमसीबी,** 20 जून (देशबन्धु)। 21 जून को 11वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस जिले में एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य की थीम पर उत्साहपूर्वक मनाया जाएगा। इस अवसर पर राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में स्वामी आत्मानंद क्रीड़ा परिसर, मनेंद्रगढ़ में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में भाग लेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात: 7 बजे योगाभ्यास सत्र से होगा, जिसमें स्वास्थ्य मंत्री स्वयं आम नागरिकों, युवाओं, बच्चों और अधिकारियों के साथ योगाभ्यास करेंगे। इस अवसर को विशेष बनाने हेतु जिले के राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी), राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), भारत स्काउट एंड गाइड, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, महिला स्व-सहायता समूह, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूलों के छात्र-छात्राएं एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिभागी भी भाग लेंगे। जिले में सभी विकासखंडों और ग्राम पंचायतों में भी योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी, शिक्षक, विद्यार्थी एवं ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा इस आयोजन को सफल बनाने हेतु सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। कार्यक्रम स्थल पर मेडिकल टीम, पेयजल व्यवस्था, योग प्रशिक्षकों की तैनाती और पार्किंग सुविधा सुनिश्चित की गई है।

# एसईसीएल की लापरवाही से लगा करंट, एक की मौत, दूसरा झुलसा

### रेलवे स्टेशन के सामने हुई घटना



**कोरबा,** 20 जून (देशबन्धु)। कोरबा में रेलवे स्टेशन से लगे पोखरी के पास स्थित मैदान में दोपहर के समय दो युवक 11 केवी हाई वोल्टेज लाइन की चपेट में आ गए। इस दर्दनाक हादसे में एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं दूसरा युवक 90 प्रतिशत सुलझ गया है। जिसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटनाक्रम के बाद जल्दबाजी में मृतक का शव उठाने की कोशिश की गई तब लोगों ने विरोध किया। इस मामले में एसईसीएल ने परिजनों को 25 हजार की शुरूआती सहायता दी है। 75 हजार बाद में दिए जाएंगे। उसने क्षतिपूर्ति की बात भी कही।

जानकारी के मुताबिक यह पूरा मामला मानिकपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत का है। जहां रेलवे स्टेशन के सामने पोखरी के पास स्थित मैदान का क्षेत्र एसईसीएल का है। खबर के अनुसार कुछ दिन पहले यहां हाईवोल्टेज लाइन का तार टूटकर नीचे गिर गया था। बताया गया कि शुकवार की दोपहर रितेश मनहर और वीरेंद्र यादव घूमने गए थे। इसी बीच नीचे गिरी हुई 11 केवी हाई वोल्टेज लाइन की चपेट में वीरेंद्र यादव आ गया। उसे तड़पते देख रितेश मनहर दौड़कर उसकी मदद करने पहुंचा और एक डंडे के सहारे उसे बचाने की पूरी कोशिश की लेकिन डंडा भीगा हुआ था इस कारण रितेश भी करंट की चपेट में आ गया। हादसे में अंतत: रितेश मनहर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि वीरेंद्र यादव करीब 90 प्रतिशत तक झुलस गया। घटना की जानकारी मिलने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। जहां घायल वीरेंद्र को गंभीर हालत में स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसका इलाज जारी है। वहीं इस घटना के सूचना मिलते ही मानिकपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुट गई। स्थानीय पार्षद नारायण कुर्रे ने घटना के लिए एसईसीएल को लापरवाह बताया। मानिकपुर चौकी प्रभारी नवीन पटेल और एसईसीएल के कुछ अधिकारियों ने यहां पहुंचकर जानकारी ली। आनन-फानन में मृतक के परिजन को 25 हजार की सहायता दी गई। पुलिस की उपस्थिति

## वर्कशॉप में डकैती, आरोपी को 10 वर्ष सश्रम कैद

**कोरबा,** 20 जून (देशबन्धु)। एसईसीएल के बलगी खदान के वर्कशॉप में डकैती के आशय से घुसकर सुरक्षा कर्मियों को हथियारों एवं गुलेल से हमला कर लोहा एवं अन्य कबाड़ सामान की डकैती करने वाले 5 से अधिक आरोपियों में से गिरफ्तार एक आरोपी को न्यायालय द्वारा 10 वर्ष के कारावास से दंडित किया गया है। प्रकरण में शासन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक दिलीप झा ने मजबूत पैरवी की।

उक्त प्रकरण का प्रार्थी रोहित कुमार एसईसीएल बलगी वर्कशॉप में सुरक्षा प्रहरी है। घटना 5 जनवरी 2023 की शाम करीबन 6:10 बजे वह अपने अन्य सुरक्षाकर्मी साथियों केशव प्रसाद केंवट, गनपत राम यादव, मोहन लाल जायसवाल, हरनाम सिंह कंवर, दुबराज सिंह के साथ बल्गी वर्कशाप में सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात था। उसी समय कपाटमुड़ा गांव तरफ बाउण्ड्री के बाहर कुछ लोगों का आवाज आने पर वाचिंग टावर पर चढ़कर देखने पर 3-4 व्यक्ति बाहर दिखे, उनसे कुछ दूरी पर 7-8 व्यक्ति भी खड़े थे, जिन्हें यहां पर क्यों घूम रहे हो, कहने पर तीनों-चारों व्यक्ति मिलकर गाली गुप्तार करते हुए जान सहित मारने की धमकी दिए। ये लोग हाथ मुक्का, डण्डा तथा गुलेल से प्रार्थी तथा उसके साथ ड्यूटी पर तैनात अन्य सुरक्षाकर्मी साथियों केशव प्रसाद केंवट, गनपत राम यादव, मोहन लाल जायसवाल, हरनाम सिंह कंवर, दुबराज सिंह के साथ मारपीट की और उसे घायल कर दिया।

प्रकरण में बांकीमोंगरा थाना में मुख्य आरोपी किशन पटेल पिता इंजोर सिंह 21 वर्ष, निवासी कपाटमुड़ा, भैरोताल, थाना कुसमुण्डा व अन्य के विरुद्ध भादसं. की धारा 147, 148, 294, 506 भाग-दो, 323/149 (5 बार), 325/149 एवं 395/149 के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना बाद प्रकरण को विचारण हेतु न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय ने मुख्य आरोपी किशन को पूरे घटना का दोषी पाया गया। एडीजे कटघोरा की अदालत ने मुख्य आरोपी को 10 साल की सजा के साथ अर्थदण्ड से भी दंडित किया है।

## पौने 2 हजार मामलों में जप्त 10 हजार लीटर अवैध शराब की नष्ट



**कोरबा**, 20 जून (देशबन्धु)। पुलिस लाइन में जिले के विभिन्न थाना एवं चौकियों में छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज न्यायालय से निराकृत 1866 प्रकरणों में जप्त लगभग 10,000 लीटर मदिरा का विधिवत नष्टीकरण किया गया।

इन प्रकरणों में जब्त की गई मदिरा में 7565 लीटर महुआ शराब, 1356 लीटर देशी शराब एवं 990 लीटर अंग्रेजी शराब सम्मिलित है। सबसे अधिक 346 प्रकरण थाना कटघोरा, 209 प्रकरण थाना बांकीमोंगरा तथा 200 प्रकरण थाना बांगो से संबंधित हैं, शेष प्रकरण जिले के अन्य थानों से प्राप्त हुए हैं।

यह कार्यवाही कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कोरबा द्वारा गठित समिति की उपस्थिति में संपन्न हुई। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल से प्राप्त प्रमाण-पत्र के आधार पर, यह नष्टीकरण पूरी पारदर्शिता एवं पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप किया गया।

संपूर्ण प्रक्रिया की वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी कराई गई। इससे पूर्व कोरबा जिले में पुलिस द्वारा 852 लावारिस वाहनों की नीलामी एवं 652 विसरा प्रकरणों का भी विधिवत नष्टीकरण किया जा चुका है। इस प्रकार की कार्रवाई से थानों में वर्षों से संग्रहित अनुपयोगी जप्त मदिरा के व्यवस्थित निपटान में सहायता मिली है। यह न केवल कानूनी प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित करती है, बल्कि थाना परिसरों में स्वच्छता, स्थान की उपलब्धता एवं सुव्यवस्था बनाए रखने की दिशा में भी महत्त्वपूर्ण कदम है। इससे कार्यरत पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए कार्यस्थल अधिक सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनता है।

## लीमडीह में पीएम आवास के नाम पर हो रही रेत ढुलाई

### सरपंच ने 5 लोगों को दिया जिम्मा

कोरबा, 20 जून (देशबन्धु)। नेशनल ग्रीन ट्रीब्यूनल ने नदी-नालों के संरक्षण तथा कटाव के मद्देनजर 15 जून से 15 अक्टूबर तक के लिए सभी क्षेत्रों में रेत खनन व परिवहन पर रोक लगा दी है। ऐसे मामलों को लेकर अभी विभिन्न क्षेत्रों में टॉस्क फोर्स कार्रवाई कर रही है। दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में रेत ढोते ट्रैक्टर नजर आ रहे हैं। यह काम खनन के बाद ही संभव हो रहा है। करतला ब्लॉक के लीमडीह और अन्य इलाकों में ऐसी तस्वीरें आम है।

बताया गया कि इस इलाके के नदी-नालों से रेत निकाली जा रही है और इसे सही जगह तक पहुंचाया जा रहा है। इस मामले में आसपास के लोगों को कोई आपत्ति नहीं है। उनका कहना है कि जिसे जरूरी है वह काम कर रहा है। बीच में बोलने वाले हम कौन होते हैं। बताया गया कि लीमडीह सरपंच सुधा कंवर के द्वारा ऐसे ही एक मामले में पांच लोगों को रेत परिवहन की अनुमति अपने लेटरहेड पर दी गई है। इनमें संतोषानंद पटेल, आंगन प्रसाद, रामकुमार पटेल, जीवन पटेल और बनवारी लाल के नाम शामिल हैं। कहा गया है कि प्रधानमंत्री आवास निर्माण के लिए इन गाड़ियों से रेत परिवहन किया जा रहा है। पंचायत ने तीन वाहनों के नंबर जारी किए हैं जिनमें एक कोरबा, एक रायगढ़ और एक बिलासपुर पासिंग हैं जबकि दो के नंबर नहीं हैं। सरपंच ने पत्र में यह भी कहा है कि पंचायत लीमडीह से रेत परिचालन बाहर किए जाने और पकड़े जाने पर उचित कार्रवाई भी की जाएगी। पंचायत ने जिलाधीश, खनिज अधिकारी और थाना प्रभारी उरगा को पत्र की कापी दी है। इस संबंध में स्थानीय लोगों का कहना है कि रेत की कमी से यहां स्वीकृत पीएम आवास की छत ढलाई से लेकर दीवार और अंदर का प्लास्टर रूका हुआ है और इन कारणों से सरकार द्वारा दी जाने वाली किस्त अटकी हुई है। इसलिए रेत हमारी जरूरत भी है और मजबूरी भी। इस मामले को लेकर जिला खनिज अधिकारी प्रमोद नायक ने बताया कि रेत खनन को प्रतिबंधित किया गया है। सभी क्षेत्रों के लिए यह लागू है। यह बात अलग है कि लीमडीह के सरपंच ने मजबूरी बताकर हमारे पास एक पत्र जरूर दिया है।

## एरिगेशन के कार्य में निगम के पोकलेन का उपयोग : नेता प्रतिपक्ष



**कोरबा**, 20 जून (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम के नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू ने उप मुख्यमंत्री अरूण साव व कलेक्टर को पत्र लिखकर निगम क्षेत्र में मनमाने कार्यों की शिकायत की है। पत्र में श्री साहू ने बताया कि वर्तमान में बिना किसी डर के खुलेआम भ्रष्टाचार किया जा रहा है।

वार्ड क्र. 37 रामपुर के सिंचाई कालोनी में हसदेव बरॉज, जल संसाधन विभाग द्वारा लगभग 170.59 लाख रुपए की लागत से सेप्टिक टैंक, नाली एवं पुलिया का मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य कराया जा रहा है। पिछले 8-10 दिनों से नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा सफाई कार्य के बहाने जीर्णोद्धार कार्य में पोकलेन मशीन का उपयोग किया जा रहा है। जल संसाधन विभाग के निर्माण कार्य में नगर निगम के संसाधन का उपयोग किया जाना समझ से परे है। स्पष्ट है कि नगर पालिक निगम के अधिकारियों द्वारा एरिगेशन के कार्य में ठेकेदार के साथ सांठ-गांठ कर भ्रष्टाचार किया जा रहा है।

## नहर पुल से नया बस स्टैंड चौक तक नहीं चलेंगे भारी वाहन

### वैकल्पिक मार्गो से बस-ट्रैक्टर का शहर में होगा आवागमन



**कोरबा,** 20 जून (देशबन्धु)। शहर में ट्रैफिक के दबाव और आए दिन लग रहे जाम के कारण पब्लिक परेशान है। ऐसे में ट्रैफिक पुलिस को मशक्कत करनी पड़ रही है। प्रशासन ने आवागमन को व्यस्थित बनाने व लोगों को राहत देने के लिए नहर पुल से नया बस स्टैंड चौक तक बस, ट्रैक्टर जैसे भारी वाहनों के आवागमन को प्रतिबंधित किया है। उन्हें दूसरे रास्तों से जाना होगा।

कलेक्टर के निर्देश पर शहर में ट्रैफिक जाम की रोकथाम हेतु नगर पुलिस अधीक्षक एवं एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुए बैठक में बस संघ के पदाधिकारियों व अन्य पक्षों द्वारा इस सम्बंध में सहमति दी गई है। इस हेतु कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ मोटरयान अधिनियम 1994 के नियम 214 के तहत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए लोक सुरक्षा की दृष्टि से सोनालिया पुल से नया बस स्टैड चौक, टीपी नगर चौक तक बस, टैक्ट्ररों के संचालन को समयावधि शाम 5 बजे से पूरे दिवस के लिए आगामी आदेश तक अस्थाई रूप से प्रतिबंधित किया है। साथ ही उक्त मार्ग में बस, टैक्ट्रर के आवागमन हेतु आगामी आदेश तक वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था की गई है। जिसके अंतर्गत चांपा की ओर से आने वाले बस ट्रेक्टर भारी वाहनों हेतु वैकल्पिक मार्ग ओव्हर ब्रिज से अग्रसेन चौक से राताखार, स्टेडियम रोड होते हुए बस स्टैंड की ओर आगमन रहेगा। इसी प्रकार बिलासपुर-हरदीबाजार से आने वाले बसें सर्वमंगला पुल से राताखार बाईपास होते हुए स्टेडियम रोड से बस स्टैंड की ओर आवगमन होगा। ईंट, गिट्टी, रेत, सीमेंट और अन्य प्रकार के निर्माण सामाग्री लेकर शहर अंदर प्रवेश करने वाले ट्रेक्टर सीतामणी से ओव्हर ब्रिज होकर राताखार तुलसी नगर स्टेडियम होते हुए सीएसईबी चौक से मुडापार निहारिका तरफ परिवहन करेंगे। उक्त वाहनों का वापसी भी निर्धारित मार्ग के द्वारा किया जाएगा।

## 256 वाहन में नंबर प्लेट नहीं, 76 हजार की पेनाल्टी



**कोरबा,** 20 जून (देशबन्धु)। जिले में ट्रैफिक पुलिस द्वारा बिना नंबर प्लेट वाहनों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत पिछले दो दिन में और 193 गाड़ियों पर मोटरयान अधिनियम की धारा 55/177 के तहत चालानी कार्रवाई की गई। अब तक इस अभियान के तहत कुल 256 वाहनों पर चालानी कार्रवाई करते हुए 76,800 रुपए का समन शुल्क वसूला गया है।

इस अभियान के दौरान वाहनों के इंजन नंबर, चेचिस नंबर तथा वैध दस्तावेजों की जांच के उपरांत ही चालानी कार्रवाई की गई। बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों का अपराधिक गतिविधियों में उपयोग होने की आशंका को ध्यान में रखते हुए यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। बिना नंबर प्लेट के वाहन चलाना न केवल कानून का उल्लंघन है बल्कि ऐसे वाहन अपराधियों को छुपने और अपराध को अंजाम देने में मदद करते हैं, जिससे शहर की कानून व्यवस्था प्रभावित होती है। कोरबा पुलिस नागरिकों से आग्रह करती है कि अपने वाहनों पर वैध नंबर प्लेट अनिवार्य रूप से लगवाएं। यातायात नियमों का पालन कर स्वयं सुरक्षित रहें व दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

## मेडिकल कॉलेज व आयुष विंग की जरूरतें करें पूरा



**कोरबा**, 20 जून (देशबन्धु)। स्व. बिसाहू दास महंत स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध जिला चिकित्सालय और आयुष विंग से संबंधित व्यवस्थाओं को बेहतर करने के निर्देश प्रशासन ने दिए हैं। यहां सभी कमियों की पूर्ति जल्द करनी होगी। डीएमएफ/सीएसआर मद से स्वीकृत कार्यों का निर्माण वर्तमान में चल रहा है।

कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा चिकित्सालय के मरीजों के हित में कराए गए सभी कार्य की निरीक्षण कर सबंधित अधिकारियों को उचित निर्देश दिए गए। उन्होंने चिकित्सालय में पीडब्ल्यूडी द्वारा किए जा रहे ट्रामा सेंटर भवन के लिफ्ट, सेण्ट्रल एससी, रैम्प, आरसीसी ड्रेन, छत की सीपेज ट्रीटमेंट, बेसमेंट के वाटर प्रूफिंग व इलेक्ट्रिक पैनल की शिफ्टंग के कार्य का अवलोकन कर कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिए। कलेक्टर ने चिकित्सालय के पुराने भवन में डीएमएफ से निर्माणाधीन मरीजों के बैठने हेतु शेड का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने आयुष विंग के विद्युत एवं पानी के व्यवस्था रहित भवन में जल्द से जल्द विद्युत एवं पानी की व्यवस्था करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। एनआरसी विभाग का कलेक्टर द्वारा निरीक्षण किया गया। उन्होंने नवीन एनआरसी भवन बनाने हेतु नगर निगम को प्रस्ताव देने के निर्देश दिए। आपातकालीन विभाग के प्रथम तल पर डीएमएफ से हाउसिंग बोर्ड द्वारा निर्माण किए जाने वाले नवीन 100 बिस्तर भवन का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश हाउसिंग बोर्ड विभाग को दिए। इस दौरान कलेक्टर द्वारा सीसीयू का निर्माण, लॉण्ड्री विभाग का निर्माण जो कि सीजीएमएससी द्वारा किया जा रहा है का निरीक्षण किया गया।

# भारत की योग परंपरा जोड़ती है पूरे विश्व को : हर्षिता

### एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के थीम पर होगा योग दिवस

**कोरबा**, 20 जून (देशबन्धु)। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को पूरी दुनिया के 190 देशों में एक लाख से अधिक स्थानों पर सामूहिक योगाभ्यास किया जाएगा। इस वर्ष की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य रखी गई है, जो न केवल वैश्विक स्वास्थ्य की भावना को दर्शाती है, बल्कि भारत की समृद्ध योग परंपरा को विश्व से जोड़ती है। इसी सिलसिले में शुक्रवार को भाजपा द्वारा आयोजित प्रेसवार्ता में वरिष्ठ नेताओं ने योग के महत्व व आगामी आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत की।




प्रेसवार्ता में मुख्य वक्ता राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष एवं भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती हर्षिता पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के विकास के साथ-साथ इसकी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने पर भी हमेशा बल दिया है। भारत न केवल कृषि प्रधान राष्ट्र है, बल्कि ऋषियों की भूमि भी है। योग हमारी प्राचीन धरोहर है, जिसे आज पूरी दुनिया ने अपनाया है। योग आत्मा, चेतना और शरीर के सामंजस्य का माध्यम है, जो एकता, संयम और जीवन की शुद्धता का प्रतीक है। कोरबा से उनका पुराना और आत्मीय रिश्ता रहा है। यह मेरा सौभाग्य है कि इस पावन धरती पर एक बार फिर मुझे संवाद का अवसर मिला। श्रम एवं उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि जिले में भाजपा द्वारा लोकमाता अहिल्याबाई होलकर कन्वेंशन सेंटर सहित जिला एवं मंडल स्तर पर सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया जाएगा। प्राचीन काल में जब आधुनिक चिकित्सा नहीं थी, तब योग और आयुर्वेद के माध्यम से ऋषियों-मुनियों ने स्वास्थ्य रक्षा की अनूठी परंपरा बनाई। अगर आज हर नागरिक योग को अपनाए, तो भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना सरल हो जाएगा। प्रेसवार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती निकिता जायसवाल, भाजयुमो महामंत्री एवं पार्षद नरेंद्र देवांगन, अशोक चावलानी, हितानंद अग्रवाल, पूर्व महापौर जोगेश लाम्बा, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष वैशाली रत्नपारखी, पूर्व पार्षदगण ऋतु चौरसिया, ज्योति वर्मा, नरेंद्र पाटनवार, कोसाबाड़ी मंडल अध्यक्ष डॉ. राजेश राठौर सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सार-संक्षेप

## खड़ी ट्रैक्टर से टकराकर बाइक सवार की हुई मौत



**डभरा,** 20 जून (देशबन्धु)। डभरा थाना क्षेत्र कि घटना है जहां, 19 जून को सेतराम पिता स्वर्गीय लखनलाल राठिया उम्र 40 साल रात्रि में खरसिया से काम निपटा कर अपने घर ग्राम कंवली वापस आ रहा था इसी बीच ग्राम कंवली के पास मेन रोड में ईंट भट्ठा के पास लापरवाही पूर्वक अंधेरे में बिना कोई सूचना संकेत के खड़े ट्रैक्टर से बाइक सवार सेतराम टकराकर गिर गया । ट्रैक्टर में टकराने से सिर व माथे में गंभीर चोट आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई जिसे रात्रि में ही शव को सीएचसी डभरा लाकर मरचुरि में रखा गया। घटना की रिपोर्ट डभरा थाने में की गई ,जिस पर पुलिस ने घटनास्थल से ट्रैक्टर वाहन व बाइक को थाने ले आई है, शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम पश्चात शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। डभरा पुलिस मामला दर्ज कर विवेचना कर रही है।

## महिला आयोग की जिले में हुई प्रथम सुनवाई

### कुल 13 प्रकरणों में 5 प्रकरण नस्तीबद्ध, 3 प्रकरण रायपुर स्थानान्तरित




**सारंगढ़,** 20 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक एवं सदस्य सरला कोसरिया ने कलेक्टोरेट सारंगढ़ के सभाकक्ष में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर जन सुनवाई की। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक की अध्यक्षता में यह 329वीं एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में प्रथम सुनवाई हुई। जन सुनवाई में जिले के 13 प्रकरणों पर सुनवाई की गई। इस दौरान विधायक सारंगढ़ उत्तरी जांगड़े, जिला पंचायत रायगढ़ के पूर्व सदस्य अनिका भारद्वाज, गणमान्य नागरिक शिवकुमारी चौहान, कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे, पुलिस अधीक्षक आञ्जनेय वार्ष्णेय, अपर कलेक्टर एस के टंडन, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी बृजेन्द्र सिंह ठाकुर उपस्थित थे।

## मितानिनो के द्वारा घर घर जाकर ओआरएस और जिंक की दवा बाटी जा रही है



**मालखरौदा,** 20 जून (देशबन्धु)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मालखरौदा के द्वारा डायरिया रोको अभियान 16 जून 2025 से 31 जुलाई 2025 तक मनाया जा रहा है जिसमें विशेष रूप से गर्मी/मानसून के मौसम और प्राकृतिक आपदाओं के दौरान होने वाली बाल दस्त की समस्या से निपटने के लिए एक तीव्र प्रयास है यह अभियान जो अब अपने 12वें वर्ष में है, इनका उद्देश्य रोकथाम, सुरक्षा और उपचार रणनीतियों पर ध्यान केंद्रित करके बाल मृत्यु दर को कम करना है, जिसमें ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन (ओआरएस) और जिंक का अधिक उपयोग शामिल है। 2025 में, अभियान को दो चरणों में लागू किया जाएगा- एक प्रारंभिक चरण और एक अभियान चरण, जिसमें ओआरएस और जिंक सह-पैकेजों का वितरण, विकासखंड मालखरौदा के समस्त स्वास्थ्य केंद्रों पर ओआरएस-जिंक कॉर्नर स्थापित किया गया है ।


**रोकथाम, सुरक्षा और उपचार**-यह अभियान दस्त से निपटने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण पर जोर देता है, जिसमें इसकी रोकथाम, बच्चों को संक्रमण से बचाना, तथा दस्त होने पर प्रभावी उपचार सुनिश्चित करना शामिल है।

**ओआरएस और जिंक वितरण**-एक प्रमुख गतिविधि में मितानिनों के द्वारा पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों को ओआरएस और जिंक की गोलियां वितरित किया जा रहा है , तथा दस्त के लिए प्रभावी उपचार के रूप में इनके उपयोग को बढ़ावा देना शामिल है।

**स्वच्छता एवं सफाई**-यह अभियान दस्त की रोकथाम के लिए हाथ धोने, सुरक्षित पेयजल और साफ-सफाई सहित बेहतर स्वच्छता प्रथाओं को बढ़ावा देता है।

**सामुदायिक जागरूकता**-इस अभियान का उद्देश्य समुदायों को मितानिनों और स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा दस्त प्रबंधन के बारे में शिक्षित करना, घर-आधारित देखभाल और समय पर रेफरल पर जोर देने के बारे में लोगों को जागरूक किया जा रहा है ।

## 8 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार



**डभरा,** 20 जून (देशबन्धु)। आबकारी वृत डभरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत सुखापाली में लगातार अवैध रूप से महुआ शराब बेचने वाले के विरुद्ध आबकारी विभाग डभरा के द्वारा रेड कार्यवाही कर ग्राम सुखापाली के अवैध शराब बिक्री करने वाले लखनलाल निराला के कब्जे से 8 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया। घर में पन्नी के झिल्ली में भरकर अवैध महुआ शराब को रखा था।हम आपको बता दें ग्राम सुखापाली में लगातार अवैध शराब बिक्री करने की शिकायत ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर व एसपी को लिखित में दिया गया था कि गांव में कई लोगों द्वारा भारी मात्रा में अवैध कच्ची महुआ शराब बेची जा रही है जिस कारण गांव कि माहौल खराब हो रही है गांव के कम उम्र के नाबालिक छोटे-छोटे बच्चे नशे के आदी हो रहे हैं । शाम को शराबी गली मोहल्ला में शराब पीकर गाली गलौज करते है। इस सूचना आबकारी विभाग के उच्च अधिकारी नोहर सिंह ठाकुर उपायुक्त आबकारी बिलासपुर के निर्देश पर एवं नितिन शुक्ला जिला आबकारी के मार्गदर्शन पर आबकारी विभाग वृत डभरा के द्वारा छापामार कार्रवाई किया गया । जहां आबकारी विभाग द्वारा ग्राम सुखापाली के लखन कुमार निराला के कब्जे से लगभग 8 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त कर आरोपी लखन कुमार निराला के विरुद्ध आबकारी एक्ट अधिनियम की धारा 34(2) के तहत कार्यवाही कर, माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया । जहां रिमांड पर जेल भेज दिया गया।वही आबकारी विभाग वृत डभरा द्वारा अवैध शराब बेचने पर के विरुद्ध लगातार कार्यवाही कर रही है। उक्त कार्यवाही में आबकारी वृत डभरा के उपनिरीक्षक लखनलाल ओसले एवं प्रधान आरक्षक पैतृश मिंज प्रकाश थकांचन आरक्षक शामिल रहे।

# चिरमिरी-मनेंद्रगढ़ साजा पहाड़ चौड़ीकरण, उन्नयन कार्य का भूमिपूजन कल, 40.56 करोड़ से 17.40 किमी बनेगी सड़क

### दो दशकों से उठ रही मांग पर अंतिम मुहर भी लगा श्याम का, लोगों ने जताया आभार

### 36 किमी की दूरी होगी आधी, चौड़ीकरण के बाद दुर्घटना पर लग जाएगा विराम

**चिरमिरी,** 20 जून (देशबन्धु)। चिरमिरी और मनेंद्रगढ़ साजा पहाड़ चौड़ीकरण की बहुप्रतीक्षित मांग सत्ता परिवर्तन के बाद एक साल में ही धरातल पर 21 जून से नजर आने लगेगी। दरअसल जिला एमसीबी के मनेंद्रगढ़ चैनपुर से चिरमिरी साजा पहाड़ पहुंच मार्ग लंबाई 17.40 किमी0 के चौड़ीकरण एवं उन्नयन कार्य लागत 4056.64 लाख का भूमिपूजन स्थानीय विधायक व प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के मुख्य आतिथ्य में संपन्न होगा। उक्त भूमिपूजन कार्यक्रम जिला प्रशासन के लोक निर्माण विभाग संभाग मनेंद्रगढ़ एमसीबी 21 जून को केराडोल पोड़ी चिरमिरी में सुबह 10 बजे से होगा।

विदित हो कि बीते दो दशक पहले से चिरमिरी मनेंद्रगढ़ को जोड़ने वाली सड़क की मांग दोनों तरफ से की जाती रही है किंतु विपक्ष इसे पूरा करने की बजाय मुद्दा बनाकर सिर्फ अपना वोट बैंक बढ़ता रहा। स्थानीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल अपने पहले कार्यकाल में चिरमिरी मनेंद्रगढ़ के लोगों की भावनाओं को समझते हुए डामरीकृत सड़क बनाने की पहल फिर उसके बाद चौड़ीकरण की उठ रही मांग पर संवेदनशीलता दिखाते हुए पूरा करने का काम प्रारंभ कराया लेकिन किन्हीं



कारणों से सिर्फ 4 से 5 किमी0 सड़क ही चौड़ीकरण हो सका और इसी दरम्यान सत्ता बदल गई। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार के साथ स्थानीय विधायक कांग्रेस से हुए और बीते 05 साल बीत गए किंतु दोनों शहर के लोगों की आवाज उन तक नहीं पहुंची और चौड़ीकरण का कार्य अधूरा ही रह गया। इधर एक बार फिर सत्ता बदली, प्रदेश में भाजपा की साय सरकार आई और स्थानीय विधायक के रूप में श्याम बिहारी जायसवाल जी विधायक चुने गए लिहाजा दोनों शहरों की जन भावना फिर से हरी हो गई। पक्ष - विपक्ष दोनों तरफ से चिरमिरी - मनेंद्रगढ़ साजा पहाड़ मार्ग के चौड़ीकरण की आवाज उठी और इस व्यापारिक मार्ग को प्राथमिकता में रखते हुए श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा उन्नयन और चौड़ीकरण के लिए करोड़ों की राशि स्वीकृत कराई जिसका भूमिपूजन बड़े ही जोशीले अंदाज में जनसमुदाय के बीच संपन्न कराया जाएगा।

उल्लेखनीय रहे कि चिरमिरी से मनेंद्रगढ़ पहुंचने के लिए दो दशक पूर्व 36 किमी का सफर छोटा नागपुर होकर करना पड़ता था, उक्त पहुंच मार्ग ना सिर्फ दूरी के लिहाज से कष्टदायक था बल्कि देर रात की आवाजाही भी सामान्य तौर पर बंद रहती थी लेकिन अब इस भूमिपूजन के बाद से जहां दोनों शहरों के बीच की दूरी कम होगी और आवाजाही का मार्ग सुगम और सुलभ हो जाएगा। इस डबल लाइन सड़क के निर्माण से दोनों शहरों के व्यापारिक रिश्ते फिर से मजबूत होने की संभावना को दरकिनार नहीं किया जा सकता। लगभग आधा दूरी कम होने, चौड़ीकरण, उन्नयन की खुशी पर चिरमिरी और मनेंद्रगढ़ के शहरवासियों ने अपने विधायक श्याम बिहारी जायसवाल का आभार व्यक्त किया और दिल से शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## 7 साल की मासूम से पड़ोसी ने किया दुष्कर्म पार्षद के बेटे को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रायगढ़,** 20 जून (देशबन्धु)। जिले में बीजेपी की महिला पार्षद के बेटे ने 7 साल की बच्ची से रेप किया है। पड़ोस में रहने वाली बच्ची को आरोपी बहला-फुसलाकर सुनसान मकान पर ले गया, वहां उससे रेप की वारदात को अंजाम दिया। मामला खरसिया चैकी क्षेत्र का है।



मिली जानकारी के मुताबिक खरसिया नगर पालिका की महिला पार्षद के आरोपी बेटे का नाम तेंदुलकर सहिस (24) है। परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को अरेस्ट कर लिया है। बच्ची की हालत फिलहाल ठीक है। 18 अप्रैल की शाम 7 साल की मासूम शाम को रोते हुए अपने घर पहुंची। बच्ची डरी-सहमी हुई थी। इससे परिजन चिंतित हुए। उन्होंने बच्ची को शांत कराया, फिर उससे रोने की वजह के बारे में जानकारी ली।

बच्ची ने रोते हुए बताया कि पड़ोस में रहने वाला तेंदुलकर सहिस अपने साथ घर से दूर ले गया था। वह तेंदुलकर को पहले से जानती थी, जिससे उसके साथ चली गई। वहां लेकर जाकर तेंदुलकर ने गंदा काम किया है। बच्ची की आपबीती सुनकर परिजन सहम उठे। परिजनों के मुताबिक वह आरोपी के खिलाफ 18 अप्रैल की शाम ही थाने में शिकायत दर्ज कराने पहुंच जाते, लेकिन समाज में बदनामी की वजह से हम लोग चुप रहे, लेकिन तेंदुलकर की घिनौनी करतूत आंखों के सामने आ जाती थी, जिसके बाद 17 जून मंगलवार को खरसिया पुलिस चैकी में एफआईआर दर्ज कराई। वारदात की जानकारी मिलते ही खरसिया पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया। महिला पुलिसकर्मियों ने पीड़िता का बयान लिया। बुधवार को पुलिस ने आरोपी तेंदुलकर सहिस को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से कोर्ट ने जेल भेज दिया है।

मामले में खरसिया एसडीओपी प्रभात पटेल ने बताया कि वारदात अप्रैल महीने की है। मामले की शिकायत के बाद आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट की धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया है। महिला पुलिसकर्मियों ने पीड़िता का बयान लिया। उन्होंने बताया कि बयान के बाद बुधवार को पुलिस ने आरोपी के ठिकानों पर छापेमारी की। तेंदुलकर सहिस को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से कोर्ट ने जेल भेज दिया है। फिलहाल, मामले में आगे की जांच की जा रही है।

## बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश, 5 बाईक बरामद

### चार युवक व तीन नाबालिग गिरफ्तार

**रायगढ़** 20 जून (देशबन्धु)। कोतरारोड़ पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने शहर में सक्रिय एक बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए चार व्यस्क और तीन नाबालिगों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान पांच चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई हैं, जिनकी कुल अनुमानित कीमत 92,000 है।

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के निर्देशन और डीएसपी सुशांतो बनर्जी के मार्गदर्शन में, थाना प्रभारी निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी के नेतृत्व में की गई। छानबीन और सटीक सूचना के आधार पर पुलिस ने गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार कर चोरियों की कई वारदातों का खुलासा किया।

### ऐसे हुआ खुलासा

16 जून को प्रार्थी भीष्म कुमार दिनकर, निवासी किरोड़ीमल नगर, ने थाना कोतरारोड़ में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 14-15 जून की रात उसकी प्लेटिना बाइक चोरी हो गई है। इस रिपोर्ट पर धारा 303(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। पुलिस को सूचना मिली कि कमलेश कर्ष नामक व्यक्ति अपने घर पर दो चोरी की मोटरसाइकिल रखे हुए है और उन्हें बेचने की फिराक में है। त्वरित दबिश देकर पुलिस ने उसे गोरखा पेट्रोल पंप के पास से पकड़ा।



कमलेश ने पूछताछ में बताया कि वह साप्ताहिक बाजार में सब्जी ठेला लगाता है और सब्जी बेचने के बहाने साप्ताहिक बाजार में पहुंचकर अपने साथियों के साथ मिलकर बाइक चोरी करता है, ताकि किसी को शक न हो। उसने अपने साथियों कलम प्रसाद सिदार, दुर्गेश साहू, सूरज पटेल और तीन नाबालिगों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया, साथ ही ये रात को भी सुन स्थान से बाइक चुराया करते थे। आरोपियों ने बताया कि वे रायगढ़ के अलावा पूंजीपथरा, तमनार आसपास क्षेत्र से चोरी करना बताये हैं।

## हल्की बारिश में गिर गया अंबेडकर आवास के मकान की दीवार

### दहशत में यहां के रहवासी, कहा- कभी हो सकती है कोई घटना

### बारिश में सिलिंग से टपकता है पानी

**रायगढ़** 20 जून (देशबन्धु)। गुरूवार की सुबह शहर में हो रही बारिश के बीच आईटीआई अंबेडकर आवास कालोनी के एक मकान का दीवार गिर जाने से पूरे कालोनी में दहशत का माहौल निर्मित हो गया है। इस मामले की जानकारी मिलते नगर निगम की टीम मौके पर पहुंचकर परिवार को दूसरी जगह शिफ्ट किया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक नगर निगम रायगढ़ ने चक्रधर नगर क्षेत्र के आईटीआई के पास अंबेडकर आवास के तहत 276 मकानों का निर्माण कराया गया था, कई साल बीत जाने के बाद आज यह मकान बहुत ही जर्जर अवस्था में पहुंच चुकी है, जो बिल्कुल भी रहने लायक नही है। खासकर बरसात के दिनों में यहां के रहवासियों को अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

गुरूवार की सुबह से ही शहर में हल्की-हल्की बारिश हो रही है और ऐसे में आईटीआई अंबेडकर आवास कालोनी के एक मकान का दीवार भरभरा कर गिर



गया जिससे यहां रहने वाले निवासियों में दहशत का माहौल निर्मित हो गया। उक्त मकान में रहने वाली महिला राधा यादव ने बताया कि वह रोजी मजदूरी का काम करती है और सुबह वह अपने काम में गई थी इसी बीच उसे फोन करके बताया गया कि उनके मकान का एक हिस्सा गिर गया।

महिला ने यह भी बताया कि वह बीते 15 सालों से यहां रह रही है और तब से यह मकान पूरी तरह जर्जर हो चुका है। सिलिंग से नल के जैसा पानी टपकता है ऐसे में बारिश होने के बाद रात भर पूरे परिवार का जागना पड़ता है। महिला ने यह भी बताया कि दूसरे मकान दिलाये जाने उसने कई बार नगर निगम से मांग कर चुकी है लेकिन इसके बावजूद आज तक उसकी बात नही सुनी गई और इसी बीच उनके मकान का एक हिस्सा गिर गया।

मकान का दीवार गिरने की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचे उपायुक्त ने बताया कि बारिश के दौरान एक मकान का दीवार गिर जाने की सूचना के बाद वे मौके पर पहुंचे है और उक्त मकान में रहने वाले परिवार को वही पर स्थित एक खाली मकान में शिफ्ट किया जा रहा है।

## आयुर्वेद एवं योग के विशिष्ट व्यक्तियों का किया गया सम्मान

### समर्पण वी क्लब ने किया सम्मान समारोह का आयोजन

**मनेद्रगढ़,** 20 जून (देशबन्धु)। 11वीं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर स्वस्थ समृद्ध और मजबूत भारत के निर्माण के संकल्प के साथ महिलाओं की सक्रिय समाज सेवी संस्था समर्पण वी क्लब ने आयुर्वेद एवं योग की विशिष्ट हस्तियों का सम्मान डॉ निशांत अग्रवाल की विशिष्ट उपस्थिति में किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के आयुर्वेद विभाग में पदस्थ सुप्रसिद्ध आयुर्वेदिक चिकित्सक डा पूर्णिमा सिंह, 20 वर्षों से निरंतर योग एवं प्राणायाम को अपने दैनिक दिनचर्या में आत्मसात एवं योग का कुशल नेतृत्व करने वाले वरिष्ठ योग प्रशिक्षक सतीश उपाध्याय , श्रीमती बलवीर कौर, उत्तम सहभागिता के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ नेत्र सहायक आर डी दीवान , छत्तीसगढ़ योगासन स्पोर्ट्स के युवा प्रशिक्षक विवेक कुमार तिवारी को विशिष्ट योग प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए हरित योग के तहत आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ पूर्णिमा सिंह के द्वारा फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर समर्पण वी क्लब से श्रीमती इंदिरा सेंगर, अनीता फरमानिया, बबीता अग्रवाल, मधु जैन, रूपा पोद्दार, नीलम कालरा, मंजू अग्रवाल, रंजनी अग्रवाल ,अनिता अग्रवाल प्रीति जायसवाल, नीना शाह, सविता अग्रवाल एवं एमसीबी योग सेवा समिति से श्रीमती इरा कर रामसेवक विश्वकर्मा ,जसवीर सिंह रैना, पिंकी रैना, भैरव केशरवानी, नारायण शंकर अग्रवाल , हर्षिता खियानी ,कविता मंगतानी एवं डॉ मेघा गुप्ता, डॉ मानसी अग्रवाल आदि उपस्थित थे।,कार्यक्रम का संचालन वीरांगना श्रीवास्तव ने किया। आमंत्रित अतिथियों का आभार प्रदर्शन सतीश उपाध्याय ने किया।



## धरती आबा जनभागीदारी अभियान के तहत जिला स्तरीय जागरुकता अभियान हुई संपन्न

### धरती आबा जागरूकता रथ को जिला पंचायत अध्यक्ष ने दिखाई हरी झंडी

**एमसीबी,** 20 जून (देशबन्धु)। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के जनपद पंचायत मनेंद्रगढ़ के अमृत सदन सभाकक्ष में धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत 15 दिवसीय जिला स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंकिता सोम शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती यशवंती सिंह, उपाध्यक्ष राजेश साहू, सभी जिला पंचायत सदस्य गण तथा जिले के प्रमुख आदिवासी समाज प्रतिनिधियों की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम का मूल उद्देश्य जनजातीय समुदाय के अधिकारों, कल्याणकारी योजनाओं और उनके विकास में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। नोडल अधिकारी ने बताया कि भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जिले में 17 जून से 30 जून 2025 तक ग्राम स्तरीय विशेष विकास शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। ये शिविर जिले के तीनों विकासखंड मनेन्द्रगढ़, खड़गवां और भरतपुर के कुल 151 चिन्हित जनजातीय ग्रामों में क्लस्टर आधारित पद्धति से आयोजित किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य जनजातीय समुदाय को केंद्र एवं राज्य सरकार की 25 प्रमुख योजनाओं से सीधे जोड़ना है। शिविरों में आधार कार्ड, राशन कार्ड, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, आयुष्मान भारत योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री जनधन योजना, वृद्धावस्था, विधवा एवं दिव्यांगजन पेंशन, नरेगा जॉब कार्ड, पीएम विश्वकर्मा योजना, मुद्रा



लोन, मातृ व शिशु स्वास्थ्य सेवाएं सहित अन्य जरूरी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है तथा पात्र व्यक्तियों को तत्काल लाभ भी प्रदान किया जा रहा है। ये शिविर न केवल सेवा वितरण का माध्यम बन रहे हैं, बल्कि जनजागरूकता और समावेशी विकास की दृष्टि से एक सशक्त मंच भी बन रहे हैं। इस अभियान का लक्ष्य शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी सेवाओं और आजीविका के क्षेत्र में आदिवासी समुदाय को मजबूत बनाना है, जिससे वे आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त रूप से आगे बढ़ सकें। जिला प्रशासन द्वारा इस अभियान की सतत निगरानी की जा रही है, ताकि योजनाओं का पारदर्शी और समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। विभागीय अधिकारियों, पंचायत प्रतिनिधियों और फील्ड कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी से यह अभियान जनमानस में विश्वास और उत्साह का वातावरण बना रहा है। ग्रामीणों के बीच इस अभियान को लेकर गहरी रुचि और जागरूकता देखने को मिल रही है। इसी अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सभी जिला पंचायत सदस्यगण एवं प्रमुख आदिवासी सामाजिक कार्यकर्ताओं ने धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत प्रचार-प्रसार के लिए तैयार किए गए 15 दिवसीय धरती आबा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो जिले के समस्त ग्राम पंचायतों और विकासखंडों में भ्रमण कर लोगों को योजनाओं की जानकारी देगा और उन्हें जोड़ने का कार्य करेगा। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि रामनरेश पटेल, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अनीता चौधरी, श्रीमती सुखवंती सिंह, श्रीमती बेलाकुंवर, श्रीमती अनीता सिंह, उजित नारायण सिंह, रामजीत लकड़ा, श्रीमती ममता सिंह, श्रीमती प्रिया, जनजातीय गौरव समिति के अध्यक्ष परमेश्वर सिंह, सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष शरण सिंह, बैगा समाज के जिला प्रमुख राम प्रसाद बैगा सहित जिले के समस्त विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने वन विभाग की समीक्षा बैठक लिया

सारंगढ़, 20 जून (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागृह में वन विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला उप वन मंडल अधिकारी, वन परिक्षेत्र अधिकारी, उपस्थित रहे। बैठक में वनों के संरक्षण एवं संवर्धन, वर्षा ऋतु वृक्षारोपण कार्यक्रम, मानव-वन्यजीव संघर्ष, लघु वनोपज संग्रहण एवं विपणन, मनरेगा वानिकी कार्यों, वन प्रबंधन समितियों की सक्रियता तथा विभागीय समन्वय से जुड़ी गतिविधियों की गहन समीक्षा की गई।

कलेक्टर डॉ कन्नौजे ने कहा कि वनों का संरक्षण केवल विभागीय उत्तरदायित्व नहीं है, बल्कि यह सामूहिक प्रयास से ही संभव है। उन्होंने वृक्षारोपण को जन अभियान के रूप में संचालित करने, पौधों की गुणवत्ता की निगरानी करने एवं कार्यों की नियमित जियो टैगिंग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि मानव-वन्यजीव संघर्ष प्रभावित क्षेत्रों में त्वरित मुआवजा वितरण किया जाए एवं सतर्कता दलों की रात्रिकालीन गश्त को प्रभावी बनाया जाए। अवैध कटाई की घटनाओं पर सख्त कार्यवाही हेतु जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने पर बल दिया गया। वन प्रबंधन समितियों को पुनः सक्रिय करने, लघु वनोपजों के भुगतान में पारदर्शिता लाने एवं महिला स्व-सहायता समूहों को वनोपज आधारित आजीविका से जोड़ने हेतु भी निर्देशित किया गया। कलेक्टर डॉ संजय ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी वर्षा ऋतु में वृक्षारोपण एवं वानिकी कार्यों को गति दी जाए एवं जनप्रतिनिधियों, विद्यालयों व स्वयंसेवी संस्थाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

## 'वॉर 2' में एक्शन सीन को दमदार बनाने में लगा सबसे ज्यादा समय : अयान मुखर्जी

**मुंबई।** फिल्ममेकर अयान मुखर्जी ने फिल्म 'वॉर 2' को डायरेक्ट करने का अनुभव शेयर किया। उन्होंने इसे रोमांचक सफर करार दिया। कहा कि वह इस फिल्म के जरिए अपनी नई सोच और नया अंदाज लाना चाहते हैं। अयान मुखर्जी ने कहा है, 'मेरे लिए 'वॉर 2' फिल्म को डायरेक्ट करना रोमांचक सफर था। ब्लॉकबस्टर फ्रैंचाइज की फिल्म को आगे बढ़ाना बहुत बड़ी जिम्मेदारी होती है और उसमें अपनी छाप छोड़ना और भी जरूरी हो जाता है। मैंने 'वॉर 2' को डायरेक्ट करने का मौका एक मजेदार अनुभव की तरह देखा है, जिसमें मैं पहली फिल्म को सम्मान दे सकूं। इसमें कुछ नया और अलग अंदाज में कर सकूं। फिल्ममेकर ने बताया कि उन्होंने कहानी पर खास ध्यान दिया।

# ब्लड शुगर कंट्रोल करने में नौकासन है असरदार

**विश्व योग दिवस आज**

- रीढ़ की हड्डी को मजबूत करने में भी सहायक
- मधुमेह जैसी बीमारी से लड़ने में भी मददगार

**नई दिल्ली,** 20 जून (एजेंसियां)। आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग अपने शरीर और सेहत को अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं। जंक फूड, देर रात तक जागना और तनाव भरी दिनचर्या से बीमारियां धीरे-धीरे घर करने लगती हैं। ऐसे में योग एक प्राकृतिक समाधान है, जो न सिर्फ शरीर को संतुलित करता है, बल्कि मन को भी सुकून देता है। नौकासन एक ऐसा योगासन है, जिसका रोजाना कुछ मिनट अभ्यास करने से शरीर चुस्त-दुरुस्त रहता है। नौकासन शब्द दो संस्कृत शब्दों से मिलकर बना है, जिसमें 'नौका' का मतलब 'नाव' है और 'आसन' का अर्थ है मुद्रा। इस योगासन के अभ्यास में आपका शरीर नाव की आकृति जैसा बनता है। पेट की चर्बी कम करने से लेकर रीढ़ की हड्डी को मजबूत बनाने तक इस योगासन के अनेक फायदे हैं। आयुष मंत्रालय के अनुसार, नौकासन एक प्रभावी योगासन है, जो शरीर को मजबूत और संतुलित बनाने में मदद करता है। इसे करते समय पेट, पीठ और जांघों की मांसपेशियों पर सीधा असर पड़ता है, जिससे शरीर की चर्बी कम होती है। यही नहीं, रीढ़ की हड्डी को मजबूत करने में भी यह सहायक होता है। यह आसन न सिर्फ शारीरिक ताकत बढ़ाता है, बल्कि मानसिक एकाग्रता और संतुलन बनाए रखने में भी मदद करता है। नौकासन का अभ्यास पाचन तंत्र को सक्रिय करने में मदद करता है। यह योगासन पेट की मांसपेशियों पर बल डालता है, जिससे पाचन अंगों में हल्का दबाव पड़ता है और वह अधिक सक्रिय हो जाते हैं। इससे खाना ठीक से पचता है और गैस, कब्ज जैसी समस्याएं दूर होती हैं। जब पाचन क्रिया बेहतर होती है, तो शरीर की ऊर्जा भी बढ़ने लगती है। यह योगासन स्थिरता बढ़ाने में मददगार है। इसे करते समय पूरे शरीर को नाव की आकृति में संतुलित करना पड़ता है, जिससे शरीर की पकड़ और नियंत्रण बेहतर होता है। यह अभ्यास हमारी एकाग्रता को भी बढ़ाता है, क्योंकि शरीर को कुछ समय तक उसी स्थिति में स्थिर रखना होता है। रोजाना इसका अभ्यास करने से न केवल शरीर मजबूत होता है, बल्कि मानसिक स्थिरता और आत्मविश्वास में भी सुधार आता है।



## गले की समस्याओं को दूर करने में कारगर 'सिंहासन'

सिंहासन एक प्रभावी और सरल आसन है। सेहत के लिए बेहद फायदेमंद यह आसन न केवल चेहरे और गले की मांसपेशियों को मजबूत करता है, बल्कि आत्मविश्वास और तनावमुक्ति में भी मदद करता है। सिंहासन चेहरे, गले और थायराइड ग्रंथि के लिए विशेष रूप से लाभकारी है। यह गले की मांसपेशियों को सक्रिय करके थायराइड और पैराथायराइड ग्रंथियों के काम को संतुलित करता है, जो हार्मोनल के लिए महत्वपूर्ण हैं। यह आसन चेहरे की झुर्रियों को कम करने, जबड़े की जकड़न को दूर करने और आवाज को स्पष्ट करने में भी मदद करता है। गायकों, शिक्षकों और वक्ताओं के लिए यह विशेष रूप से उपयोगी है, क्योंकि यह गले की समस्याओं जैसे टॉन्सिलाइटिस और खराश को कम करता है।



छत्तीसगढ़ योग आयोग के ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर किए गए पोस्ट के अनुसार, सिंहासन से शरीर के विभिन्न भागों जैसे चेहरा, आंख, कान, जीभ, गले, छाती और अंगुलियों को लाभ मिलता है। तनाव कम होता है। यह मुद्रा एक एंटी-एजिंग थेरेपी के रूप में कार्य करती है। चेहरे पर रक्त परिसंचरण में सुधार होता है और झुर्रियों को भी कम करता है। सिंहासन की प्रक्रिया में नकारात्मक ऊर्जा बाहर निकलती है। यह आत्मविश्वास बढ़ाने और मानसिक स्पष्टता प्रदान करने में भी मदद करता है।

## बारिश के मौसम में हाइड्रेट रखेगा नींबू और चुटकी भर सेंधा नमक



- पानी में नींबू और चुटकी भर सेंधा नमक मिलाकर पीना चाहिए
- नींबू विटामिन-सी और सेंधा नमक इलेक्ट्रोलाइट्स की करता है पूर्ति

**नई दिल्ली,** 20 जून (एजेंसियां)। बारिश का मौसम अपनी ठंडी फुहारों के साथ तन-मन को तरोताजा कर देता है, लेकिन यह मौसम अपने साथ डिहाइड्रेशन और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं भी लाता है। हालांकि, मानसून में प्यास कम लगने की समस्या आम है, जिसे आमतौर पर नजरअंदाज कर दिया जाता है। इन समस्याओं से निजात दिलाने में नींबू और सेंधा नमक फायदेमंद है।



सेलिब्रिटी न्यूट्रिशनिस्ट पूजा मखीजा बताती हैं कि बारिश के मौसम में प्यास नहीं लगती तो इसका मतलब यह नहीं कि शरीर को पानी की जरूरत नहीं है।

उन्होंने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर किया, जिसमें बताया कि नमी और ठंडक के कारण पसीना जल्दी नहीं सूखता, जिससे दिमाग को प्यास का एहसास कम होता है। फिर भी, शरीर से पानी और जरूरी मिनरल्स निकलते रहते हैं, जिसके परिणामस्वरूप थकान, सुस्ती, भूख की अधिक इच्छा या कब्ज जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

पूजा मखीजा ने बताया कि हाइड्रेशन का मतलब सिर्फ प्यास बुझाना नहीं, बल्कि शरीर को सुचारु रूप से कार्य करने के लिए पर्याप्त पानी और पोषक तत्व प्रदान करना है। मानसून में बारिश और नमी के कारण हमारा दिमाग गलत संकेत लेता है और सोचता है कि शरीर को पानी की जरूरत नहीं है। लेकिन, वास्तव में शरीर से पानी और इलेक्ट्रोलाइट्स की हानि होती रहती है, जो स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती है। ठंडा और नम मौसम प्यास के संकेतों को दबा देता है, जिससे हम पानी पीना भूल जाते हैं। इन समस्याओं से बचने के लिए एक्सपर्ट सलाह देती हैं कि पानी में नींबू और चुटकी भर सेंधा नमक मिलाकर पीना चाहिए। यह मिश्रण सादे पानी की तुलना में शरीर को बेहतर हाइड्रेट करता है, क्योंकि नींबू विटामिन-सी और एंटीऑक्सिडेंट्स प्रदान करता है, जबकि सेंधा नमक इलेक्ट्रोलाइट्स की पूर्ति करता है। यह शरीर में पानी के अवशोषण को बढ़ाता है और डिहाइड्रेशन से बचाता है। साथ ही वह सुझाव देती हैं कि पानी की बोतल हमेशा अपने पास रखें, ताकि पीने की याद बनी रहे।

## सलमान खान के गानों पर फिदा हुईं कृति सेनन

**तारीफ करते हुए कहा कि क्या म्यूजिक है यार**



**मुंबई,** 20 जून (एजेंसियां)। बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन खुद 90 के दशक के गानों की फैन हैं। हाल ही में उन्हें बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के मशहूर गाने 'जानम समझा करो' और 'प्यार दिलों का मेला है' पर झूमते हुए देखा गया। कृति सेनन ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह अपनी वैनिटी वैन में तैयार होती दिख रही हैं। मेकअप करवाते समय वह साल 1999 के हिट गाने 'जानम समझा करो' के बोल गुनगुना रही हैं। यह गाना सलमान खान और उर्मिला मातोंडकर पर फिल्माया गया था।

इस वीडियो में कृति मजे से गाने का आनंद ले रही हैं और इसे गुनगुनाती भी दिख रही हैं। इस गाने को लेकर कृति सेनन कहती हैं, मुझे यह गाना बहुत पसंद है। इसके आगे वह इस गाने के संगीत की तारीफ करते हुए वह कहती हैं, क्या म्यूजिक है यार!

## आयुर्वेद की अमूल्य विरासत हरीतकी



- विटामिन-सी, विटामिन-के, मैग्नीशियम जैसे पोषक तत्व
- चूर्ण, काढ़ा व गोली के रूप में हरीतकी का करें प्रयोग

**नई दिल्ली,** 20 जून (एजेंसियां)। भारत भूमि पर कुछ औषधियां ऐसी भी हैं, जिन्हें 'संजीवनी' कहा जा सकता है। इन्हीं में से एक है हरीतकी, जिसे संस्कृत में 'अभया' कहा गया है। आयुर्वेद में हरीतकी को औषधीय गुणों का खजाना माना गया है; इसे हरण या हर्र भी कहते हैं। इसमें विटामिन-सी, विटामिन-के, मैग्नीशियम, अमीनो एसिड, फ्लेवेनॉएड और एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। यह ब्लड शुगर कंट्रोल करने, पाचन सुधारने और इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद करता है। यह फल भारत और दक्षिण एशिया के कई क्षेत्रों में पाया जाता है और इसका वैज्ञानिक नाम टर्मिनलिया चेबुला है। जिसका उपयोग आयुर्वेद में हजारों वर्षों से किया जा रहा है। इसके फल सूखे होते हैं और इन्हें चूर्ण, काढ़ा और गोली के रूप में प्रयोग किया जाता है।

चरक संहिता में इसे 'कषाय' (कसैला) माना गया है, जबकि सुश्रुत संहिता में इसे 'त्रिफला' में शामिल किया गया है। सुश्रुत संहिता के अनुसार, हरीतकी का उपयोग मुख्य रूप से पाचन, श्वसन, त्वचा और मूत्र संबंधी दिक्कतों से जूझ रहे लोगों के लिए किया जाता है। इसके चूर्ण का उपयोग बवासीर के लक्षणों को कम करने में मदद करता है, सूजन कम होती है और दर्द में भी राहत मिलती है।

चरक संहिता में इसे त्रिदोषनाशक बताया गया है। चिकित्सा ग्रंथ के अनुसार हरीतकी के फूल को सूखाकर चूर्ण तैयार किया जाता है। पाउडर के सेवन से मुंह के छाले, खांसी और गले की खराश जैसी समस्याओं से राहत मिलती है। अगर आप झड़ते हुए बालों से परेशान हैं तो हरीतकी चूर्ण को आंवला और रीठा के साथ मिलाकर पानी में उबालें, छानकर इस पानी से बाल धोएं। इससे बालों का झड़ना भी कम होगा और बाल मजबूत रहते हैं।

## जीवन को रंग, लय और भावनाओं से भर देता है म्यूजिक

**विश्व संगीत दिवस**



**नई दिल्ली,** 20 जून (एजेंसियां)। संगीत में वह जादू है जो न केवल दिलों को जोड़ने का काम करता है बल्कि आत्मा को भी सुकून देता है। यह एक ऐसी अनमोल धरोहर है जो सीमाओं, संस्कृतियों और समय को पार करके हर इंसान के भीतर की भावनाओं को उजागर करता है। चाहे वह रागों की गहराई हो, लोक धुनों की सादगी हो या आधुनिक बीट्स का जोश, संगीत हर रूप में जीवन को रंग, लय और भावनाओं से भर देता है। विश्व संगीत दिवस (21 जून) पर संगीत से जुड़ी कुछ खासियतों के बारे में जानते हैं।

विश्व संगीत दिवस हर साल 21 जून को मनाया जाता है, जिसे 'फेटे डी ला म्यूजिक' के नाम से भी जाना जाता है। 'फेटे डी ला म्यूजिक' का अर्थ है 'संगीत उत्सव'।

यह दिन संगीत की विविधता, रचनात्मकता और एकजुटता को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। इसकी शुरुआत साल 1982 में फ्रांस में हुई, जब फ्रांसीसी संस्कृति मंत्री जैक लैंग ने संगीत को जन-जन तक पहुंचाने के लिए इस उत्सव की नींव रखी थी। इसके बाद से ही इस उत्सव को मनाने की शुरुआत हुई।

पहला विश्व संगीत दिवस 21 जून 1982 को फ्रांस में मनाया गया। यह तारीख इसलिए चुनी गई क्योंकि यह ग्रीष्म संक्रांति यानि समर सोलिस्टस का दिन है, जो उत्तरी गोलार्ध में सबसे लंबा दिन होता है और उत्सव के लिए उपयुक्त माना जाता है। 1980 के दशक के अंत तक फ्रांस में इसकी सफलता के बाद, यह उत्सव यूरोप के अन्य देशों जैसे जर्मनी, इटली और स्पेन में फैल गया।

1980 के दशक के अंत तक फ्रांस में इसकी सफलता के बाद, यह उत्सव यूरोप के अन्य देशों जैसे जर्मनी, इटली और स्पेन में फैल गया। 1997 तक इसे विश्व संगीत दिवस के रूप में मान्यता मिली और 100 से अधिक देशों ने इसमें हिस्सा लेना शुरू किया। दुनियाभर के 120 से अधिक देशों में यह दिन उत्सव के रूप में मनाया जाता है। फ्रांस, भारत, अमेरिका, ब्राजील और अफ्रीकी देशों समेत कई स्थानों पर बड़े पैमाने पर आयोजन होते हैं। विश्व संगीत दिवस को मनाने का उद्देश्य अलग-अलग तरीके से लोगों को संगीत के प्रति जागरूक करना है, ताकि लोगों का विश्वास संगीत से न उठे।

वहीं, भारत में यह दिन विभिन्न शहरों में संगीत समारोहों, स्थानीय बैंड परफॉर्मेंस और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया जाता है। शास्त्रीय संगीत, बॉलीवुड और क्षेत्रीय संगीत की प्रस्तुतियां इस अवसर को और भी खास बनाती हैं। कई संगीत स्कूल और संगठन इस दिन विशेष कार्यशालाएं और परफॉर्मेंस भी आयोजित करते हैं। विश्व संगीत दिवस की कोई आधिकारिक थीम नहीं होती है, लेकिन स्थानीय आयोजक अक्सर अपनी थीम चुनते हैं ताकि इस अनमोल कला को पूरी दुनिया में अच्छी तरह से सेलिब्रेट किया जा सके।

## मोटापा, पाचन, त्वचा से जुड़ी हर परेशानी का हल है आरोग्यवर्धिनी वटी

**नई दिल्ली,** 20 जून (एजेंसियां)। आयुर्वेद, भारत की बहुत पुरानी इलाज की विधि है, जो हमें प्रकृति के साथ जुड़कर स्वस्थ रहने की सीख देती है। इसी आयुर्वेद में एक खास दवा है 'आरोग्यवर्धिनी वटी', यह छोटी सी गोली जैसी दवा दिखने में भले ही साधारण लगे, लेकिन इसके फायदे बहुत बड़े हैं। इसका इस्तेमाल लीवर की परेशानी, त्वचा के रोग, पाचन की गड़बड़ी, मोटापा और खून से जुड़ी बीमारियों में किया जाता है। यह दवा शरीर को अंदर से साफ करती है और बीमारियों से लड़ने की ताकत बढ़ाती है। आयुर्वेद में इसे एक ऐसी औषधि माना गया है, जो न केवल बीमारियों को दूर करती है, बल्कि शरीर की आंतरिक ताकत को भी बढ़ाती है। अमेरिका की नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन के मुताबिक, आरोग्यवर्धिनी वटी कई जानी-मानी औषधियों को मिलाकर बनाई जाती है, जो मिलकर इसे एक असरदार और बहुउपयोगी दवा बनाते हैं। इसमें त्रिफला (हरड़, बेहड़ा, आंवला) जैसे पेट साफ करने वाले घटक होते हैं, जो पाचन को ठीक रखते हैं। शुद्ध शिलाजीत और शुद्ध गंधक शरीर को ताकत देते हैं और अंदर की गंदगी को बाहर निकालने में मदद करते हैं। लोहत भस्म और अभ्रक भस्म खून को साफ करते हैं और कमजोरी दूर करते हैं। इसमें तांबे की राख भी मिलाई जाती है, जो चर्बी और टॉक्सिन्स को कम करने में मदद करती है। यह आयुर्वेदिक दवा शरीर के कई हिस्सों पर एक साथ काम करती है। आरोग्यवर्धिनी वटी फैटी लिवर या हेपेटाइटिस में लीवर को साफ करती है। त्वचा रोग की समस्याएं, जैसे पिम्पल्स, फोड़े-फुंसी, खुजली या एक्जिमा में भी यह काफी राहत देती है। जिन लोगों को मोटापा या ज्यादा कोलेस्ट्रॉल की परेशानी है, उनके लिए यह दवा शरीर की चर्बी को घटाने और मेटाबोलिज्म को तेज करने में मदद करती है।



**अयोध्या में राम की तिलोदकी गंगा नदी को भी लील लिया लालची व्यवस्था ने**

# धार्मिक ग्रंथों व सरकारी अभिलेखों में दर्ज नदी के वजूद पर मुखर नहीं संत समाज

■ ओम प्रकाश सिंह

**अयोध्या,** 20 जून (देशबन्धु)। रामनगरी की एक पौराणिक नदी, तिलोदकी गंगा को लालची व्यवस्था ने मार दिया है। आवाज़ उठती है तो कुछ प्रशासनिक प्रयासों के जरिए नदी उद्धार के प्रयास को वेंटिलेटर पर डाल दिया जाता है। अयोध्या में राम के आने का दावा तो ठोंका जा रहा है लेकिन तिलोदकी नदी पर अयोध्या का संत समाज भी मुखर नहीं है। लगभग पैंतालीस किमी लंबी नदी का तेरह किमी हिस्सा अयोध्या नगरनिगम क्षेत्र में आता है। प्रशासन इसे कभी नाला तो कभी नदी बता देता है। एअरपोर्ट की गतिविधियों में रुकावट न हो सो नदी के लगभग पांच किमी हिस्से का भू उपयोग बदलते हुए पक्के नाले में तब्दील कर दिया गया है। नदी को बल प्रदान करने वाले ताल तलैया, झीलें भूमाफियाओं व राजस्व काकस की भेंट चढ़ गईं हैं।

नदियों के प्रवाह में भारतीय मनीषा ने अपने स्व का बहना देखा है। नदियां संस्कृति प्रसूता हैं। नदियां मर जाएंगी, तो स्व का क्षरण हो जाएगा, संस्कृति मर जाएगी। नदियों के सूखने से बस मैदान ही नहीं मरेंगे, परंपराएं भी मर जाएंगी। नदियों का प्रवाह मरेगा तो उसके कलकल से उठा जीवन का संगीत मर जाएगा। तिलोदकी गंगा एक पौराणिक नदी है। देश काल और परिस्थितियों के प्रभाव से जन सामान्य में तिलोदकी गंगा का अपभ्रंश तिलैया नाम प्रचलित हो गया। तिलोदकी नदी का वर्णन स्कंद पुराण के वैष्णव खंड के अयोध्या महात्म में है। इसे सम्भेद नामक तीर्थ से संबोधित किया गया है। सम्भेद तीर्थ की सोमवत्सरी यात्रा के लिए भाद्रपद मास की अमावस्या की तिथि बताई गई है। हजारों वर्षों पहले की यह मान्यता आज भी कायम है। लिखा गया है कि जो मनुष्य तिलोदकी संगम के अतिरिक्त अन्य स्थलों पर भी तिलोदकी में स्नान करता है वह सात जन्मों में अर्जित पापों से विमुक्त हो जाता है।




तिलोदकी गंगा नदी सोहावल ब्लॉक के गौरा ब्रह्मनान, अरथर, पंडितपुर, भिखारीपुर, मोइयाकपूरपुर ग्राम पंचायतपुर से, मसौधा ब्लॉक के हूंसेपुर, मानापुर, रायपुर, बल्लीपुर, सरियावां, गोपालपुर, बिछिया, मउयदुवंशपुर और टोनिया,गंजा, जनौरा पूराबाजार ब्लॉक में रहे, भीखापुर, रानोपाली, आशापुर, मक्खापुर, तकपुरा, जियनपुर, हैबतपुर, बागबिजेसर, काजीपुर, जयसिंहपुर, आशिफ बाग माझा, शाहनेवाजपुर, तिहुरा माझा, माझा रामपुर हलवारा, सरायरासी, राजेपुर मांझा, मणिपर्वत से रामायणा होटल के आगे नव्य अयोध्या होते हुए सरयू में मिलती है। राजस्व अभिलेख, राजस्व विभाग के अधीन होते हैं। नदी राष्ट्रीय संपत्ति है। नदी के जीर्णोद्धार का कार्य प्रशासन और विकास विभाग ने इसे तिलोदकी गंगा नदी मानते हुए ही शुरू कराया था, जो समय, समय पर मीडिया की सुर्खियां बनता रहता है। मनरेगा और प्रशासन के पत्राचार इसकी पुष्टि करते हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम एयरपोर्ट के निर्माण के लिए तिलोदकी गंगा जैसी पौराणिक नदी के अस्तित्व को नष्ट करने का प्रयास करके पर्यावरण को भीषण क्षति पहुंचाई गई है। जिसके कारण केवल सभ्यता, पौराणिकता को क्षति पहुंचाया गया बल्कि जल प्रवाह को बाधित करके इस पर आश्रित आसपास के गांव को के रहन-सहन को प्रभावित किया गया। जल जमाव और फैक्ट्री से निकले दूषित पानी से होने वाली बीमारियों को धकेल दिया गया। नदी पर आश्रित पशु, पक्षियों, जलचर के जीवन को प्रभावित किया गया।



- एअरपोर्ट के लिए नाले में तब्दील कर दिया गया नदी का स्वरूप, गायब हो गईं ताल तलैया झीलें
- नदियों का मरना, मनुष्यता की सबसे बड़ी पराजय-अरुण प्रकाश, धर्मदर्शन विद्वान

धर्म दर्शन के ज्ञाता अरुण प्रकाश तिलोदकी नदी के सवाल पर कहते हैं कि नदियों का मरना मनुष्यता की सबसे बड़ी पराजय है। खोजी पत्रकार उमेश सिंह कहते हैं कि अवध मे एक नदी थी तिलोदकी। इसे तिलोदकी गंगा भी कहते हैं। यह सरयू से मिलने अयोध्या आती थी। अयोध्या मे तिलोदकी मेला अब भी लगता है। फैजाबाद का पंडितपुर गांव उद्गम स्थल है। रमणक ऋषि की तपभूमि है। अंग्रेज़ी राज ने सौ बरस पहले स्थान को खोजा। प्रस्तर स्तंभ भी लगाया लेकिन तिलोदकी तो इतिहास के पन्ने मे चली गई। तिलोदकी गंगा के अस्तित्व को बचाने के लिए कई सामाजिक कार्यकर्ता दुर्गा यादव, अवधेश सिंह, अभिषेक सांवत सक्रिय हैं।

अब जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने तिलोदकी गंगा के जीर्णोद्धार कार्य का बीड़ा उठाया है। यह कार्य बेहद कठिन है।

जिलाधिकारी ने तिलोदकी गंगा उदगम स्थल, ग्राम पंचायत पंडितपुर में ऋषि रमड़ीक तपोस्थली और समदा झील का स्थलीय निरीक्षण कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए हैं। ऐसा हुआ तो अयोध्या की सेहत और सुंदरता में चार चांद लग जाएंगे, क्योंकि पूरी नदी को भूमाफियाओं व व्यवस्था ने लील लिया है। बस वो ना हो जो पूर्व में व अभी तक होता आया है। पूर्व जिलाधिकारी अनिल पाठक के नेतृत्व में भी तमसा के उद्धार का कार्य प्रारंभ किया गया था लेकिन उनके जाने के बाद सब ठप्प पड़ गया। घोषणा हुई थी कि अयोध्या नगर निगम क्षेत्र में तिलोदकी के तट पर चार किलोमीटर की दूरी में रामायणकालीन आठ हजार पौधे रोपे जाएंगे, घोषणा हवाई हो गई। नदी के तटों पर भवन बन गए हैं फिर भी कुछ लोगों को लगता है कि रामलला आ गए हैं तो तिलोदकी गंगा भी आ जाएगी।

# देश विदेश

## होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर सकता है ईरान : सईदी

**तेहरान,** 20 जून (एजेंसियां)। ईरान की संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति समिति के सदस्य बेहनम सईदी ने गुरुवार को कहा कि इजरायल या अन्य देशों के हमले का जवाब देने के लिए उनके देश के पास एक विकल्प होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करना है, जो विश्व बाजारों में तेल आपूर्ति के लिए महत्वपूर्ण है। सईदी ने बताया कि जहां तक ज़ायोनी शासन और उसका समर्थन करने वाले अन्य देशों द्वारा किए गए हमले का जवाब देने की बात है, तो ईरान के पास कई विकल्प हैं जिनमें एक होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करना है। इस्माइल कोवसरी ने कहा कि ईरान इजरायली हमले के जवाब में होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने पर विचार कर रहा है।

### भारत के बाद पाकिस्तान ने भी अमेरिका की मध्यस्थता का दावा नकारा, कहा

# पाकिस्तान के आग्रह पर सऊदी अरब ने कराया सीजफायर

■ **पाकिस्तान की हामी के बाद सऊदी अरब ने भारत से की थी बात**

**नई दिल्ली,** 20 जून (एजेंसियां)। भारत के बाद अब पाकिस्तान ने भी दोनों देशों के बीच सीजफायर कराने में अमेरिका की भूमिका को नकारा है। साथ ही यह भी दावा किया कि पाकिस्तान के आग्रह पर सऊदी अरब ने भारत से सीजफायर के लिए बात की। पाकिस्तान के उप प्रधान मंत्री इशाक डार ने पाकिस्तानी समाचार चैनल में दिए एक इंटरव्यू के दौरान ऐसा दावा किया।

डार ने इंटरव्यू के दौरान यह भी माना कि भारत ने पाकिस्तान के दो बड़े एयरबेस, नूर खान और शोरकोट, पर हमला किया था। उन्होंने खुलासा किया कि 6-7 मई की दरमियानी रात जब पाकिस्तान जवाबी हमले की तैयारी कर रहा था, तभी भारत ने दोबारा एयर स्ट्राइक किया और नूर खान-शोरकोट एयरबेस को नुकसान पहुंचाया।

डार ने दोनों देशों के बीच सीजफायर कराने की भूमिका में सऊदी अरब की पहल की बात स्वीकारी। उन्होंने बताया कि भारत के हमलों के बाद सऊदी अरब के प्रिंस ने



**भारत ने पाकिस्तान के एयरबेस, नूर खान और शोरकोट, पर हमला कर नुकसान पहुंचाया : इशाक डार, उप प्रधान मंत्री, पाकिस्तान**

भारत से फोन पर बात करने का प्रस्ताव दिया था। फिर पाकिस्तान की हामी के बाद सऊदी अरब ने भारत से बात की थी।

उप-प्रधानमंत्री ने बताया कि भारतीय हमलों के करीब 45 मिनट बाद सऊदी अरब के प्रिंस फैसल ने मुझसे फोन पर बात की। प्रिंस ने कहा कि क्या मैं भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर से बात करूं? अगर पाकिस्तान रुकने के लिए तैयार है तो भारत भी रुक सकता है। इस पर मैंने उन्हें हां कह दिया। फिर प्रिंस का कुछ देर बाद दोबारा कॉल आया और बताया कि जयशंकर को सारी बातें बता दी हैं।

डार के इस दावे से अब यह साफ हो गया कि सऊदी अरब ने भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते आक्रोश को शांत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

उल्लेखनीय है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पीओके (पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर) और पाकिस्तान स्थित नौ आतंकी ठिकानों पर सटीक हमला करके 100 से अधिक आतंकियों को मार गिराया था। इसके बाद पाक के नाकाम हमलों के कारण दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ता गया। बाद में पाकिस्तान के अनुरोध पर सीजफायर हुआ। लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कई बार अंतरराष्ट्रीय मंचों से दोनों देशों के बीच सीजफायर कराने का दावा करते नजर आए, जबकि भारत इसको लगातार नकारता रहा।

वहीं, अब यह पहला मौका है, जब पाकिस्तान ने भी दोनों पड़ोसी देशों के बीच अमेरिका की मध्यस्थता की भूमिका को नकारा और साफ किया कि सऊदी अरब दोनों देशों के बीच तनाव को कम करने के लिए आगे आया था।

## ट्रंप दो सप्ताह में ईरान पर कार्रवाई का फैसला करेंगे : कैरोलिन



■ **अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत जारी**

**न्यूयॉर्क।** व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने एक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अगले दो सप्ताह में ईरान पर हमला करने का आदेश देंगे या नहीं, इस पर फैसला करेंगे। लेविट ने गुरुवार को ट्रंप की ओर से एक बयान पढ़ा, जिसमें उन्होंने इस अटकलों का जवाब दिया कि क्या अमेरिका सीधे ईरान और इजरायल के बीच संघर्ष में शामिल होगा। लेविट ने कहा कि अगर ईरान के साथ कोई राजनयिक समझौता होता है, तो ईरान को यूरेनियम संवर्धन पर सहमत होना होगा और उसे परमाणु हथियार बनाने की अनुमति नहीं होगी। लेविट ने बताया कि अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत जारी है। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया कि 13 जून को इजरायल के ईरान पर हमलों के बाद से अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ और ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कई बार फोन पर बात की है ताकि इस संकट का राजनयिक समाधान निकाला जा सके। स्थानीय मीडिया ने तीन राजनयिकों (नाम न बताने की शर्त पर) के हवाले से बताया कि इस बातचीत में अमेरिका ने एक प्रस्ताव रखा, जिसमें ईरान के बाहर एक क्षेत्रीय समूह द्वारा यूरेनियम संवर्धन की बात थी, लेकिन ईरान ने इसे ठुकरा दिया है। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ से कहा कि अगर अमेरिका इजरायल पर युद्ध खत्म करने का दबाव डाले, तो तेहरान परमाणु मुद्दे पर विचार कर सकता है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि जब तक इजरायल हमले बंद नहीं करता, ईरान बातचीत में वापस नहीं आएगा। यह जानकारी एक क्षेत्रीय राजनयिक के हवाले से स्थानीय मीडिया ने दी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मंगलवार रात को ट्रंप ने ईरान पर हमले की योजनाओं को मंजूरी दी थी। हालांकि, ईरान द्वारा अपने परमाणु कार्यक्रम को छोड़ने की स्थिति में उन्होंने अंतिम फैसला टाल दिया है। बता दें कि इजरायल और ईरान के बीच तनाव काफी बढ़ गया है। दोनों देश लगातार एक-दूसरे को निशाना बना रहे हैं।


## सुडोकू 6950

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | | 5 | 7 | | 3 | | |
| | 8 | | 9 | | | | | |
| | 4 | 3 | | | 1 | | | |
| | | 2 | 8 | | | | | 9 |
| | 6 | | 1 | | 9 | | 4 | |
| 9 | | | | | 2 | 1 | | |
| | | | 4 | | | 5 | 6 | |
| | | | | | 6 | | 9 | |
| | | 6 | | 9 | 5 | | 8 | 1 |

**: नियम :**
1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6950



**बायें से दायें:-**
१. सुध-बुध खोया हुआ जिसके होश हवास ठिकाने में न हो (उर्दू)
४. आह्लादकारक, आनंद कारक, पारस्परिक सद्भाव
६. सीमा, प्रतिष्ठा
७. उत्तराधिकारी (उर्दू)
८. परिमाण, माप तौल (उर्दू)
१०. बिजली, गाज
११. आवश्यक
१३. हारा हुआ, जिस पर किसी ने विजय पा ली हो (उर्दू)
१४. गड़बड़, गोलमाल
१५. सज्जन, भलामानुस
१७. काल, अवसर
१९. यतीम
२१. एक तरह की चपाती जिसे तेल आदि में तलकर या आग में भूनकर खाया जाता है
२२. कन्नी काटना
२४. ख्यातिप्राप्त करना (मुहावरा)

**ऊपर से नीचे:-**
१. शक्तिशाली
२. सहयात्री
३. बुद्धिमान
४. गाज, बिजली
५. मध्य भारत की एक नदी
९. चांदी का बना हुआ
११. निर्धन, कंगाल
१२. जंगल, वन
१३. चमकना, व्यक्त होना, प्रणय क्रीड़ा, आनंद
१४. कम होना, वृतांत, वाकिया
१५. भर पाने या चुकता हो जाने का भाव
१६. कस कर बांधना,
१८. शराब
१९. ज्यादा, बहुत
२०. अत्यधिक श्रम से शरीर शिथिल होना
२३. स्त्री, महिला

### वर्ग पहेली-6949

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ अ | सा | २ मा | जि | ३ क | ■ | ४ अ | नु | ५ दा | न |
| ट्टा | ■ | न | ■ | ६ था | म | ना | ■ | य | ■ |
| ७ हा | कि | म | ■ | ना | ■ | ८ ग | द | रा | ९ ना |
| स | ■ | दिं | ■ | १० य | ती | म | ■ | ■ | मु |
| ■ | ११ वि | त | १२ र | क | ■ | ■ | १३ मा | र | ना |
| ■ | प | ■ | क्ष | ■ | १४ अ | पि | तु | ■ | सि |
| १५ वि | दा | १६ र | क | ■ | यो | ■ | १७ ल | १८ क | ब |
| ष | ■ | स | ■ | १९ अ | ध्या | २० य | ■ | फ | ■ |
| २१ म | ना | ही | ■ | ध | ■ | २२ म | हा | न | २३ ता |
| ता | ■ | २४ न | त | म | स्त | क | ■ | ■ | ल |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : शनिवार 21 जून, 2025 आषाढ़ कृष्ण पक्ष 10**

### राशिफल

मेष - आज जो भी काम करेंगे, उसमें उत्साह बना रहेगा। शारीरिक और मानसिक रूप से ताजगी और बनी रहेगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। मित्रों और स्वजनों के साथ खुशी के पल गुजार सकेंगे।

वृषभ - आप के भीतर क्रोध और हताशा हावी होगी। स्वास्थ्य खराब हो सकता है। परिवार और आर्थिक मामलों में चिंता बनी रहेगी। स्वभाव की उग्रता के कारण किसी के साथ मतभेद या झगड़े होने की संभावना है।

मिथुन - आपके परिवार में सुख- शांति बनी रहेगी। व्यापार या नौकरी में लाभ हो सकेगा। उच्च अधिकारी आपके काम की सराहना करेंगे। विवाह के इच्छुक लोगों के विवाह की संभावना है। मित्रों से लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

कर्क - घर की साज-सजावट पर विशेष ध्यान देंगे। नए घरेलू सामान खरीदने की संभावना है। व्यापारियों और नौकरी पेशा लोगों को लाभ तथा पदोन्नति मिल सकती है। पारिवारिक सुख-शांति बनी रहेगी। सरकारी लाभ होगा।

सिंह - आज गुस्से वाला स्वभाव होने के कारण किसी भी काम में मन नहीं लगेगा। संघर्ष या विवाद के कारण किसी के नाराज होने की आशंका बनी रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा।

कन्या - नए काम को शुरू करने के लिए आज का दिन अच्छा नहीं है। बाहर के खाने से परहेज करें अन्यथा तबीयत खराब हो सकती है। गुस्से को काबू करने के लिए ज्यादातर समय मौन ही रहें। खर्च में वृद्धि होगी।

तुला - आज का दिन मौज- मस्ती, मनोरंजन, रोमांस में गुजरेगा। आपको कई जगह विशेष सम्मान मिलेगा। पार्टनरशिप के काम से लाभ होगा। अच्छे वस्त्र आदि खरीद सकते हैं। वाहन सुख का अच्छी तरह आनंद ले सकेंगे।

वृश्चिक - आज कुछ आकस्मिक घटनाएं घटेंगी। पूर्वनिर्धारित मुलाकात रद्द होने से हताशा और क्रोध की भावनाएं पैदा होंगी। आपके हाथ में आए हुए अवसर हाथ से सरकते हुए प्रतीत होंगे। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद होंगे।

धनु - संतान के स्वास्थ्य और पढ़ाई की चिंता से मन व्यग्र रहेगा। पेट संबंधी बीमारियां परेशान करेंगी। काम की असफलता से आपके अंदर हताशा होगी। क्रोध को काबू में रखें। साहित्य, लेखन तथा कला के प्रति गहरी रुचि रखेंगे।

मकर - आज आपको शारीरिक अस्वस्थता और मानसिक बेचैनी का अनुभव होगा। पारिवारिक वातावरण क्लेशमय रहने से मन उदास रहेगा। स्फूर्ति और ताजगी का अभाव रहेगा।

कुंभ - आपके मन पर छाए हुए चिंता के बादल दूर होने से आप मानसिक राहत अनुभव करेंगे। काम करने में आपको उत्साह रहेगा। भाई- बंधुओं के साथ घरेलू मामलों पर चर्चा या आयोजन करेंगे और आनंदपूर्वक समय व्यतीत करेंगे।

मीन - आज क्रोध पर काबू रखकर मौन धारण करना अधिक अच्छा रहेगा, अन्यथा किसी से मनमुटाव होने की संभावना है। पैसे खर्च करते समय भी संयम रखना आवश्यक है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## यूक्रेन को लगातार सैन्य सहायता देने की यूरोप में सामर्थ्य नहीं : क्रेग मुरे

**लंदन,** 20 जून (एजेंसियां)। उज्बेकिस्तान में ब्रिटेन के पूर्व राजदूत क्रेग मुरे ने कहा है कि रूस को हराने के लिए यूक्रेन को सतत तौर पर आवश्यक सैन्य सहायता देने की यूरोप के पास क्षमता नहीं है।



श्री मुरे ने मीडिया से बातचीत में कहा कि उन्हें लगता है कि यूरोप का लगातार बढ़ता रक्षा खर्च अस्थिर होता जा रहा है और उसकी अर्थव्यवस्था पर भारी दबाव डाल रहा है। श्री मुरे ने कहा कि इस युद्ध में लंबे समय तक यूक्रेन को समर्थन देना यूरोप के लिए संभव नहीं है। जब उनसे पूछा गया कि क्या भविष्य में यूक्रेन को यूरोप की सहायता जरूरी है तो उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से हम विशेष रूप से ब्रिटेन और जर्मनी में भी रक्षा खर्च को प्राथमिकता दिए जाने को एक आर्थिक बदलाव के तौर पर देख रहे हैं। पूर्व राजनयिक के अनुसार राजनेताओं के लिए रक्षा व्यय को प्राथमिकता देना आम बात है क्योंकि यह सबसे भ्रष्ट उद्योग है। उन्होंने कहा कि यूरोप के पास रूस को हराने के लिए यूक्रेन को आवश्यक पैमाने पर गोला-बारूद की आपूर्ति करने की क्षमता नहीं है।

## बांग्लादेश में पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री की गिरफ्तारी, अन्य नेताओं के खिलाफ भी कार्रवाई

**ढाका,** 20 जून (एजेंसियां)। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने अवामी लीग नेताओं को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। बांग्लादेश के पूर्व योजना राज्य मंत्री शम्सुल आलम को गुरुवार को ढाका पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री आलम को अर्थशास्त्र में उनके योगदान के लिए 2020 में देश के दूसरे सबसे बड़े नागरिक पुरस्कार 'एकुशे पदक' से भी सम्मानित किया गया था। उन्होंने 35 वर्षों तक बांग्लादेश कृषि विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के रूप में कार्य किया, और पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के कार्यकाल के दौरान योजना आयोग के सामान्य अर्थशास्त्र प्रभाग (जीईडी) के वरिष्ठ सचिव के रूप में भी कार्य किया।

बांग्लादेशी ने ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस (डीएमपी) के संयुक्त आयुक्त नसीरुल इस्लाम ने आलम की गिरफ्तारी की पुष्टि की। रिपोर्टों से पता चलता है कि पुलिस ने अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं की है कि उसे किस आधार पर गिरफ्तार किया गया था।

शम्सुल आलम को जिस मामले के तहत गिरफ्तार किया गया था, उसके बारे में पूछे



जाने पर इस्लाम ने कहा कि उसे वर्तमान में मिंटो रोड पर डिटेक्टिव ब्रांच (डीबी) कार्यालय में रखा गया है। उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है, और उसे अदालत में पेश किया जाएगा।

अवामी लीग पर जारी कार्रवाई में, पार्टी के कई नेताओं को बुधवार को यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार द्वारा पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर रखा गया था। बांग्लादेश की एक अदालत ने चकरिया उपजिला के पूर्व सांसद और अवामी लीग के अध्यक्ष जफर आलम को सात अलग-अलग मामलों के सिलसिले में 18 दिन की रिमांड पर भेजने का आदेश दिया है। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, यह आदेश चकरिया के वरिष्ठ न्यायिक मजिस्ट्रेट अनवारुल कबीर ने जांच अधिकारियों द्वारा दायर याचिकाओं के बाद जारी किया।

## ईरान में सत्ता परिवर्तन की बात 'अकल्पनीय' : दिमित्री पेसकोव

**मास्को,** 20 जून (एजेंसियां)। रूस ने ईरान में सत्ता परिवर्तन की किसी भी संभावित बातचीत का समर्थन करने से इनकार करने के साथ ही ईरानी सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के प्रयासों को अस्वीकार्य बताया है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने 'स्काई न्यूज' के साथ एक साक्षात्कार में यह बात कही।



**स्थिति अत्यंत तनावपूर्ण है और यह न उस केवल क्षेत्र के लिए बल्कि पूरे विश्व के लिए खतरनाक है : पेसकोव**

श्री पेसकोव ने कहा कि यह अकल्पनीय है, और इस बारे में बात करना भी सभी के लिए अस्वीकार्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्थिति अत्यंत तनावपूर्ण है और यह न उस केवल क्षेत्र के लिए बल्कि पूरे विश्व के लिए खतरनाक है। उन्होंने कहा कि कोई भी अतिरिक्त भागीदार तनाव को और बढ़ाएगा, जो कि वाशिंगटन द्वारा इजरायल को प्रत्यक्ष सैन्य सहायता प्रदान करने की संभावनाओं का परोक्ष संदर्भ में था।

हालांकि श्री पेसकोव ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की कि खामेनेई की हत्या होने पर रूस क्या कार्रवाई करेगा, इसके बजाय उन्होंने कहा कि यह ईरान के अंदर से कार्रवाई को बढ़ावा देगा। उन्होंने कहा कि इससे ईरान के अंदर चरमपंथी भावनाएं पैदा होंगी और जो लोग (खामेनेई की हत्या) के बारे में बोल रहे हैं, उन्हें इसे ध्यान में रखना चाहिए। वे भानुमती का पिटारा खोल देंगे। संघर्ष को समाप्त करने के लिए मध्यस्थता करने के रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के प्रस्तावों को अब तक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अस्वीकार कर दिया है। ट्रम्प ने रूसी राष्ट्रपति से कहा था कि उन्हें अपने संघर्ष की मध्यस्थता करनी चाहिए। श्री पेसकोव ने इस बात से इनकार किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति के शब्द अपमानजनक थे। उन्होंने कहा, हर किसी की एक अलग भाषा होती है। राष्ट्रपति ट्रम्प के बोलने का अपना अनूठा तरीका और अपनी अनूठी भाषा है।

## 'ऑपरेशन सिंधु' का हिस्सा बनने पर इंडिगो ने भारत सरकार का जताया आभार

**नई दिल्ली,** 20 जून (एजेंसियां)। इंडिगो ने शुक्रवार को इजरायल-ईरान युद्ध के बीच भारतीय नागरिकों की निकासी के लिए शुरू हुए ऑपरेशन सिंधु में अपनी भागीदारी के लिए भारत सरकार का आभार व्यक्त किया है। कंपनी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ऑपरेशन सिंधु के तहत निकासी प्रयासों में योगदान देकर हम बहुत सम्मानित महसूस कर रहे हैं।



इंडिगो ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि हमें इजरायल-ईरान युद्ध के कारण फंसे अपने नागरिकों को भारत वापस लाने में ऑपरेशन सिंधु का हिस्सा बनकर निकासी प्रयासों में योगदान देने पर गर्व है।

एयरलाइन ने भारत सरकार और नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू को इस अवसर के लिए धन्यवाद व्यक्त किया। इंडिगो ने सेवा की भावना दर्शाते हुए कहा कि नागरिकों की मदद करने के लिए हम फ्लाइट के जरिए अधिक से अधिक भारतीयों को घर ला रहे हैं।

## सुडोकू 6950 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | 1 | 5 | 7 | 4 | 3 | 2 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 9 | 6 | 3 | 7 | 1 | 4 |
| 7 | 4 | 3 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 |
| 4 | 1 | 2 | 8 | 5 | 7 | 6 | 3 | 9 |
| 5 | 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 8 | 6 | 4 | 2 | 1 | 7 | 5 |
| 1 | 7 | 9 | 4 | 2 | 8 | 5 | 6 | 3 |
| 8 | 5 | 4 | 3 | 1 | 6 | 2 | 9 | 7 |
| 3 | 2 | 6 | 7 | 9 | 5 | 4 | 8 | 1 |

## आज का इतिहास

1862-ज्ञानेंद्र मोहन टैगोर 'लिंकन्स इन' से वकालत की डिग्री हासिल करने वाले प्रथम भारतीय बने।

1900- चीन औपचारिक रूप से अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस और जापान पर युद्ध की घोषणा करता है। यह एक साम्राज्यवाद-विरोधी विद्रोह था, जो चीन में 1899 और 1901 के बीच किंग राजवंश के अंत की ओर हुआ।

1911-जहाज आरएमएस ओलंपिक ने 5 दिनों, 16 घंटे और 42 मिनट की यात्रा के बाद न्यूयॉर्क में अपनी पहली ट्रान्साटलांटिक यात्रा पूरी की।

1919-एडमिरल लुडविग वॉन रेउटर ने जहाजों को जब्त करने और मित्र देशों की शक्तियों के बीच विभाजित होने से रोकने के लिए जर्मन हाई सीस फ्लीटिन स्काप फ्लो को स्कैटल किया।

1919-विन्निपेग, मैनिटोबा, कनाडा में विन्निपेग की सामान्य हड़ताल के दौरान, रॉयल नॉर्थवेस्ट माउंटेड पुलिस के सदस्यों ने घोड़ों पर स्ट्राइकरों की भीड़ में घुसने का आरोप लगाया, उन्हें क्लबों और फायरिंगवैपों से पीटा।

1948-मैनचेस्टर स्माल-स्केल एक्सपेरिमेंटल मशीन, जो दुनिया का पहला स्टोर प्रोग्राम कंप्यूटर है, ने अपना पहला कंप्यूटर प्रोग्राम चलाया।

1948-सी. राजगोपालाचारी भारत के अंतिम गर्वनर जनरल बने।

1953-पाकिस्तान के इतिहास में लगातार दो बार चुनी जाने वाली इकलौती प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो का जन्म हुआ। वह किसी भी इस्लामी देश की पहली प्रधानमंत्री भी थीं।

1957-एलेन फेयरक्लो ने कनाडा की पहली महिला कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली।

**चिंताजनक** बांग्लादेश में तेजी से बढ़ रहे कोविड-19 के मामले

## बांग्लादेश में वैक्सीन की कमी, नए वैरिएंट से बढ़ा खतरा

**ढाका,** 20 जून (एजेंसियां)। बांग्लादेश में कोविड-19 के ओमिक्रॉन सब-वैरिएंट्स के बढ़ते मामलों के बीच वैक्सीन की गंभीर कमी हो गई है। देश के स्वास्थ्य सेवा निदेशालय ने यह जानकारी दी। स्वास्थ्य सेवा निदेशालय (डीजीएचएस) ने बताया कि देश में केवल 32 लाख पुरानी वैक्सीन खुराक बची हैं, जो कुछ महीनों में खत्म हो जाएंगी। नए वैरिएंट्स के लिए अभी तक कोई नई वैक्सीन नहीं आई है। स्थानीय मीडिया यूएनबी की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले एक महीने में बांग्लादेश में कोविड-19 के मामले तेजी से बढ़े हैं।

■ **लोगों में टीका लगवाने के प्रति उदासीनता भी चिंता का विषय**

ढाका के इंस्टीट्यूट ऑफ एपिडेमियोलॉजी, डिजीज कंट्रोल एंड रिसर्च (आईईडीसीआर) के आंकड़ों के मुताबिक, मई में 1,409 नमूनों में से 134 लोग पॉजिटिव पाए गए। यह संक्रमण दर 9.51 प्रतिशत है, जो जनवरी से मई 2023 तक की सबसे ज्यादा है। गुरुवार सुबह तक 28 नए मामले दर्ज किए गए, जिससे कुल मामले 20,51,932 हो गए हैं।

डीजीएचएस की संचारी रोग नियंत्रण इकाई के लाइन डायरेक्टर हलीमुर राशिद ने कहा कि हमारे पास 32 लाख वैक्सीन खुराक हैं। नए वैरिएंट्स के लिए वैक्सीन की खरीद चल रही है। जल्द ही एक वैक्सीन समिति बनाई जाएगी, जो मामले में तुरंत निर्णय लेगी।




हालांकि, वैक्सीन की कमी के साथ-साथ लोगों में टीका लगवाने के प्रति उदासीनता भी चिंता का विषय है। राशिद ने बताया, वैक्सीन को लेकर कई अफवाहें फैली हैं, जिनका कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है। इस बीच, 5 जून को ढाका में एक व्यक्ति की कोविड-19 से मृत्यु हुई, जो इस साल की पहली कोविड मौत थी। डीजीएचएस के अनुसार, महामारी से अब तक बांग्लादेश में 29,500 से ज्यादा लोग इस वायरस से जान गंवा चुके हैं।

## सिडनी में खसरे को लेकर स्वास्थ्य चेतावनी जारी

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में खसरे को लेकर स्वास्थ्य चेतावनी जारी की गई है। बताया जा रहा है कि एक शख्स में खसरे की पुष्टि की गई थी, उसने संक्रमित होने के बावजूद शहर के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से यात्रा की। न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) के स्वास्थ्य विभाग ने शुक्रवार को बताया कि यह संक्रमित व्यक्ति सोमवार को दक्षिण-पूर्व एशिया से सिडनी पहुंचा था, जहां कई देशों में खसरे के मामले सामने आ रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने वियतनाम एयरलाइंस की फ्लाइट वीएन773 में सवार होकर सिडनी पहुंचने वाले यात्रियों को खसरे के लक्षणों पर नजर रखने की सलाह दी है।साउथ वेस्टर्न सिडनी लोकल हेल्थ डिस्ट्रिक्ट के कार्यवाहक सार्वजनिक स्वास्थ्य निदेशक मिशेल स्मिथ ने कहा कि शुरुआती लक्षणों में बुखार, आंखों में दर्द, नाक बहना और खांसी शामिल हैं।

## दुनिया को जानें

### खुनमिंग का अंतिम बचा ऐतिहासिक जिला ओल्ड स्ट्रीट, एक शहर की स्मृति व पुनर्जन्म

**बीजिंग,** 20 जून (एजेंसियां)। चीन के युन्नान प्रांत की राजधानी खुनमिग शहर में स्थित खुनमिंग ओल्ड स्ट्रीट चीन में एक ऐसी जिला परियोजना है जिसका नाम एक एकीकृत स्थान के नाम पर रखा गया है। यह खुनमिंग का अंतिम बचा ऐतिहासिक जिला है।

खुनमिंग ओल्ड स्ट्रीट के वास्तुशिल्प परिसरों में सबसे पुराने परिसर का इतिहास लगभग 900 वर्ष पुराना है। इन इमारतों में इस शहर की ढेर सारी यादें और कहानियां हैं, साथ ही बचपन की ढेर सारी खुशियां और समकालीन लोगों की वर्तमान जीवन संबंधी रुचियां भी हैं। खुनमिंग की पुरानी सड़क, गुआंह्वाआ स्ट्रीट, 435 मीटर लंबी है। यहां लोग प्रामाणिक क्रॉस-ब्रिज चावल के बने नूडल्स खा सकते हैं, विचित्र युन्नान प्राचीन वस्तुएं पा सकते हैं, और सदियों पुरानी दवाइयों की दुकानें देख सकते हैं। गुआंह्वाआ स्ट्रीट अपने विचित्र और प्राचीन हृदय से खुनमिंग के अतीत और वर्तमान को समेटे हुए है। 1983 में, खुनमिंग की पुरानी सड़क योंगदाओ स्ट्रीट पर खुनमिंग का सबसे पहला फूल और पक्षी बाजार लगा था। अब जब योंगदाओ स्ट्रीट का नवीनीकरण और उन्नयन पूरा हो गया है, तो वे व्यापारी जो एक बार स्थानांतरित हो गए थे, अपने उन्नत उत्पादों के साथ वापस आ गए हैं।

# खेल जगत

## ब्रिस्बेन हीट के लिए खेलेंगी जेमिमाह रॉड्रिग्स

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम की स्टार बल्लेबाज जेमिमाह रॉड्रिग्स महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) 2025 में हिट ब्रिस्बेन के लिए खेलेंगी। डब्ल्यूबीबीएल के गुरुवार को हुए ड्राफ्ट के दौरान रॉड्रिग्स को मेलबर्न स्टार्स ने अपनी पहली पसंद के रूप में चुना था, लेकिन ब्रिस्बेन हीट ने उन्हें रिटेन कर अपनी टीम में बनाये रखा। पिछले वर्ष हीट के लिए खेलते हुए रॉड्रिग्स ने 10 पारियों में 33 की औसत और 139 के स्ट्राइक रेट से एक अर्धशतक सहित कुल 267 रन बनाए थे। रॉड्रिग्स ने रिटेन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर लिखा, मैं अपने परिवार के साथ वापस जुड़ गई हूं और टीम से जुड़ने के लिए और इंतजार नहीं कर सकती। यह रॉड्रिग्स का चौथा डब्ल्यूबीबीएल सत्र होगा। इससे पहले वह 2021-22 में रेनगेड्स और 2022-23 में स्टार्स की ओर से खेल चुकी हैं।



# यशस्वी व केएल राहुल की मजबूत शुरुआत के बाद भारत ने दो विकेट गंवा लाभ गंवाया

## इंग्लैंड ने लंच से पहले दो ओवर में दो विकेट खो की वापसी

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 20 जून (देशबन्धु)। यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल की सलामी जोड़ी ने इंग्लैंड द्वारा टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी की दावत दिए जाने पर एजबेस्टन, लीडस में पहले क्रिकेट टेस्ट में भारत ने संभल कर आगाज कर 91 रन जोड़ने के बाद लंच से पहले दो ओवर में दो विकेट गंवा पहली पारी में दो विकेट खोकर 92 रन बना बढ़िया आगाज का लाभ कुछ हद तक गंवा दिया। भारत का इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट की तेंडुलकर एंडरसन ट्रॉफी और यह नई वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025 -27 साइकिल का पहला टेस्ट है। तब यशस्वी जायसवाल 74 गेंद खेल कर आठ चौकों की मदद से 42 रन बना कर क्रीज पर टिके थे। केएल राहुल यदि लंच से इंग्लैंड ने पहले तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स की गेंद को ड्राइव करने से बचते तो भारत लंच तक बिना कोई विकेट खोए लंच तक मैदान से लौटता। पांच महीने के बाद अपना पहला टेस्ट मैच खेल रही भारतीय क्रिकेट टीम को इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स द्वारा टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी की दावत दिए जाने पर यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल की जोड़ी ने जिस सकारात्मक अंदाज में बल्लेबाजी कर अपनी टीम को जैसी मजबूत शुरुआत दी उसके लिए इन दोनों की जरूर तारीफ की जानी चाहिए। यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड की धरती पर अपना



पहला टेस्ट मैच खेलते हुए कुछ गेंदों पर परास्त होने के बावजूद सकारात्मक अंदाज दिखाया और ढीली गेंदों पर प्रहार कर अपने और भारतीय टीम के लिए केएल राहुल के साथ रन जोड़े। यशस्वी व केएल राहुल की सलामी जोड़ी ने भारत की पहली पारी का आगाज कर 15ओवर में पहले घंटे मे 52 रन जोड़े। भारत ने लंच से छह मिनट पहले पारी के 25 वें ओवर की अंतिम पूर्व गेंद पर केएल राहुल (42 रन, 78 गेंद, आठ चौके) के रूप में पहला विकेट 91 रन खोया। केएल राहुल ने कार्स की देर से मूव होती गेंद को ड्राइव करने की कोशिश की लेकिन गेंद उनके बल्ले का बाहरी किनारा लेकर पहली स्लिप में उनका कैच लपक आउट कर पैवेलियन लौटाया।

## भारत के लिए दोबारा टेस्ट क्रिकेट खेलने की भूख ने मुझे आगे बढ़ाया : नायर

**लीड्स।** भारतीय टीम में वापसी करने वाले करुण नायर शुक्रवार से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में भारत के लिए अच्छा प्रदर्शन करने को बेताब हैं। आठ साल के अंतराल के बाद भारतीय टेस्ट टीम में वापसी करते हुए, नायर ने खुलासा किया कि देश के लिए फिर से खेलने के उनके दृढ़ निश्चय ने उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। बीसीसीआई की ओर से शेयर किए गए वीडियो में नायर ने कहा कि जब मैं उठा तो मेरा पहला विचार यह था कि मैं टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहता हूं, मैं फिर से भारत के लिए खेलना चाहता हूं। शायद यही बात मुझे आगे बढ़ने और भूख बनाए रखने में मदद करती रही। यह हर दिन प्रशिक्षण के लिए जाने और हर दिन अभ्यास करने के लिए प्रेरित करती रही। उस विश्वास को कभी न खोना और उस लक्ष्य को प्राप्त करना कुछ ऐसा था जिसने मेरी मदद की। इस जर्सी को पहनकर और अपने देश का प्रतिनिधित्व करके सम्मानित महसूस कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि जब मैंने पहली बार सभी को देखा, तब मुझे वास्तव में लगा कि मैं आखिरकार टीम में हूं। तब तक यह मेरे लिए एक तरह से इंतजार था।

# अहमदाबाद विमान हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि काली पट्टी बांध कर मैदान में उतरे खिलाड़ी

**लीड्स,** 20 जून (एजेंसियां)। अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में मारे गए लोगों के सम्मान में हेडिंग्ले में एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के पहले टेस्ट के पहले दिन भारत और इंग्लैंड टेस्ट टीम के खिलाड़ी काली पट्टी बांधकर मैदान में उतरे। दोनों टीम के बीच सीरीज का पहला मुकाबला शुरू होने से पहले खिलाड़ियों ने स्टेडियम में मौन भी रखा। दोनों टीमों ने पिछले सप्ताह अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान हादसे में मारे गए लोगों की याद में टेस्ट मैच के पहले दिन काली पट्टियां बांधी।

ईसीबी ने कहा कि दोनों देशों के राष्ट्रगान से पहले एक मिनट का मौन रखा गया। हमारी संवेदनाएं पिछले सप्ताह अहमदाबाद में हुई भयानक घटनाओं से प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं। विमान हादसे में 200 से अधिक लोगों की मौत हुई। इसमें भारतीयों के साथ ब्रिटिश नागरिक थे।

एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी



अहमदाबाद विमान हादसे के कारण माहौल गमगीन हो गया है। इस सीरीज में खिलाड़ी देश को फिर से खुश करने का तरीका ढूंढेंगे : ऋषभ पंत, उपकप्तान,

भारतीय टेस्ट टीम के उपकप्तान ऋषभ पंत ने सीरीज से पहले प्रेस कांफ्रेंस में बताया था कि अहमदाबाद विमान हादसे के कारण माहौल गमगीन हो गया है। इस सीरीज में खिलाड़ी देश को फिर से खुश करने का तरीका ढूंढेंगे। उन्होंने कहा, ''विमान हादसे में जो कुछ हुआ, मुझे लगता है कि पूरा भारत इससे निराश है। लेकिन हमारी तरफ से एकमात्र बात यह है कि हम उनके साथ हैं और हम देशवासियों को फिर से कैसे खुश कर सकते हैं। हम इस पर काम जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि आप भारत को हर समय खुश रखना चाहते हैं, लेकिन एक क्रिकेटर के तौर पर यह हर समय संभव नहीं है। लेकिन मैं अपनी तरफ से यह वादा कर सकता हूं कि हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे और अपना 200 प्रतिशत देंगे। बता दें कि भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में मेजबान इंग्लैंड ने टॉस जीतकर भारत को बल्लेबाजी के लिए मैदान पर बुलाया है। इस टेस्ट के साथ दोनों टीमों के लिए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के नए चक्र की भी शुरुआत हो चुकी है।

# ड्रॉ की तरफ बढ़ रहा श्रीलंका-बांग्लादेश गॉल टेस्ट

**गॉल,** 20 जून (एजेंसियां)। श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच गॉल में खेला जा रहा टेस्ट चौथे दिन की समाप्ति के बाद ड्रॉ की तरफ बढ़ता दिख रहा है। स्टंप्स के समय बांग्लादेश ने दूसरी पारी में तीन विकेट के नुकसान पर 177 रन बनाकर कुल बढ़त 187 रन की कर ली थी। कप्तान नजमूल हसन शांतो 56 और मुशफिकुर रहीम 22 रन पर नाबाद हैं। बांग्लादेश को दूसरी पारी में पहला झटका सिर्फ 24 के स्कोर पर लगा जब अनामुल हक 4 रन बनाकर आउट हो गए। लेकिन, शादमान इस्लाम ने एक छोड़ संभालकर रखा। टीम का स्कोर जब 128 था, तब वह 76 रन बनाकर तीसरे विकेट के रूप में आउट हुए। मोमिनुल हक 14 रन बनाकर दूसरे विकेट के रूप में आउट हुए थे। नजमुल हसन शांतो 56 और मुशफिकुर रहीम 22 रन पर नाबाद हैं। दोनों चौथे विकेट के लिए अब तक नाबाद 49 रन जोड़ चुके हैं। इन दोनों बल्लेबाजों ने पिछली पारी में भी शतक लगाए थे। शांतो ने 148 और रहीम ने 163 रन की पारी खेली थी। गॉल टेस्ट के पांचवें दिन अगर श्रीलंकाई स्पिनर्स का जादू चला और बांग्लादेश ने दिन के शुरुआती घंटे में विकेट गंवाए तो यह मैच रोमांचक हो सकता है और नतीजे की अपेक्षा की जा सकती है, अन्यथा टेस्ट ड्रॉ की तरफ बढ़ रहा है। श्रीलंका ने अपनी पहली पारी में 485 रन बनाए थे और बांग्लादेश से 10 रन से पिछड़ गई थी। श्रीलंका के लिए पाथुम निसांका ने 187, कामिंदु मेंडिस ने 87 और दिनेश चांदीमल ने 54 रन की पारी खेली थी। बांग्लादेश के लिए नईम हसन ने पांच विकेट लिए थे, जबकि हसन महमूद ने तीन विकेट चटकाए। बांग्लादेश ने अपनी पहली पारी में 495 रन बनाए थे।



■ कप्तान नजमूल हसन शांतो 56 और मुशफिकुर रहीम 22 रन पर नाबाद हैं।

# कैरेबियन टेस्ट सीरीज में नंबर चार पर बल्लेबाजी कर सकते हैं जोश इंग्लिश : एडम

**मेलबर्न,** 20 जून (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज एडम वोग्स ने जोश इंग्लिश को आगामी कैरेबियन टेस्ट सीरीज में नंबर चार पर बल्लेबाजी के लिए समर्थन दिया है। वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के कोच वोग्स का मानना है कि विकेटकीपर-बल्लेबाज टेस्ट स्तर पर शीर्ष चार में शानदार प्रदर्शन कर सकता है, भले ही उनका प्रथम श्रेणी क्रिकेट में इस स्थान पर अनुभव कम हो।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया द्वारा मार्नस लाबुशेन को टीम से बाहर करने के ऐलान के बाद इंग्लिश को वेस्टइंडीज के खिलाफ बारबाडोस में होने वाले पहले टेस्ट के लिए शामिल किया गया है। चयनकर्ताओं ने यह भी पुष्टि की है कि स्टीव स्मिथ चोट के कारण बाहर रहेंगे। इंग्लिश और सैम कोंस्टस को सीधे रिप्लेसमेंट के रूप में शामिल किया गया है। हालांकि, प्लेइंग इलेवन और बल्लेबाजी क्रम अभी तय नहीं है। सैम कोंस्टस के उस्मान ख्वाजा के साथ ओपनिंग करने की उम्मीद है, क्योंकि चयनकर्ता वेस्टइंडीज दौरे और एशेज के



लिए एक स्थिर सलामी जोड़ी बनाना चाहते हैं, जो 12 टेस्ट मैचों में पांच अलग-अलग संयोजनों के साथ खेला जाएगा। स्मिथ के ग्रेनाडा में होने वाले दूसरे टेस्ट में वापस आने की उम्मीद है। इसलिए संभावना है कि कैमरून ग्रीन हाल ही में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में विफल होने के बावजूद तीसरे नंबर पर ही रहेंगे। इससे इंग्लिश को नंबर 4 पर जगह मिल सकती है, ताकि स्मिथ की वापसी पर ज्यादा बदलाव न करना पड़े। ट्रेविस हेड पांचवें नंबर पर मजबूती से टिके हुए हैं। ईएसपीएनक्रिकइन्फो ने वोग्स के हवाले से कहा कि विकेटकीपर होने के कारण आमतौर पर नीचे बल्लेबाजी करनी पड़ती है। हमने कुछ साल पहले जोश को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग के लिए आजमाया था, जो हमेशा मुश्किल होता है। उन्होंने कहा कि हमने ऐसा इसलिए किया, क्योंकि हमें लगा कि तकनीकी रूप से वह इस भूमिका को निभाने में सक्षम हैं। मुझे लगता है कि बिना विकेटकीपिंग के बोझ के, वह इस भूमिका को भर सकते हैं और अगर आप एशेज सीजन के दौरान टेस्ट टीम की संरचना की बात करें, तो मुझे लगता है कि ये तीन टेस्ट कई खिलाड़ियों के लिए और खास तौर पर जोश के लिए इस भूमिका में अपनी दावेदारी पेश करने का शानदार मौका हैं। 30 साल की उम्र में इंग्लिश इस साल सभी प्रारूपों में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में से एक रहे हैं। उन्होंने श्रीलंका में अपने टेस्ट डेब्यू पर नंबर पांच पर बल्लेबाजी करते हुए शतक बनाया था, यह उस पोजीशन पर उनका पहला शतक था। नंबर तीन और नंबर चार पर उनका अनुभव भी कम है। 2019 में वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के लिए नंबर तीन पर छह पारियों में उनका औसत 12.66 रहा और नंबर चार पर उन्होंने सिर्फ एक बार 2015 में 44 रन बनाए।

## सार संक्षेप

### क्रिकेट पर सट्टेबाजी कर रहे दो आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा।** राजस्थान में भीलवाड़ा जिले के सदर थाना क्षेत्र में पुलिस ने लाखों रुपए के ऑनलाइन सट्टेबाजी के कारोबार का भंडाफोड़ करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार को रात में ईरास फुट रोड पर तमिलनाडु क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाते हुए विनोद जाट को गिरफ्तार किया। जांच के बाद तीन और नाम सामने आए जिनमें मनीष, फजल और दीपक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। एक अन्य कार्रवाई के तहत पुलिस ने ईरास रोड पर गोपी सिंधी को ऑनलाइन सट्टे के आरोप में पकड़ा है। गोपी ने यह काम आजाद नगर स्थित एक कारोबारी के लिए करना बताया है। पुलिस इन मामलों की जांच कर रही है।

### बुब्लिक ने सिनर को हराकर हाले ओपन में किया उलटफेर

**बर्लिन।** कजाकिस्तान के टेनिस खिलाड़ी अलेक्जेंडर बुब्लिक ने हाले ओपन में बड़ा उलटफेर करते हुए इटली के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर को हराकर टूर्नामेंट अगले दौर में जगह बना ली है। गत चैंपियन सिनर गुरुवार को कजाकिस्तान के बुब्लिक से 3-6, 6-3, 6-4 से हार गए। अगस्त 223 के बाद रैंकिंग के हिसाब से सिनर की यह बहुत बड़ी हार है। अगस्त 224 के बाद से यह पहली बार है जब सिनर दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज के



अलावा किसी अन्य खिलाड़ी से हारे हैं। फ्रेंच ओपन चैंपियन कोको गॉफ को भी ग्रास-कोर्ट सीजन के अपने पहले मैच में आश्चर्यजनक हार का सामना करना पड़ा, बर्लिन ओपन में उन्हें चीन की वांग जिन्यू से 6-3, 6-3 से हार का सामना करना पड़ा। दुनिया की 48वें नंबर की खिलाड़ी वांग ने रोलांड गैरोस में जीत के 12 दिन बाद गॉफ को हराकर उनके सात मैचों की जीत का सिलसिला खत्म कर दिया। बर्लिन में खेले जा रहे हाले ओपन में ही दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने दो दिनों तक चले मैच में स्विस रेबेका मासरोवा को 6-2, 7-6 (8-6) से हराया।

# चोटिल स्मिथ, लाबुशेन बाहर, कोंस्टास और इंग्लिस की हुई पहले टेस्ट मैच में वापसी

**सिडनी,** 20 जून (एजेंसियां)। वेस्टइंडीज के खिलाफ अगले सप्ताह से शुरु होने वाले पहले टेस्ट मैच के लिए जहां ऑस्ट्रेलिया की टीम में सैम कोंस्टास और जॉश इंग्लिस की वापसी हुई है वहीं चोटिल बल्लेबाज स्टीव स्मिथ और मार्नस लाबुशेन वेस्टइंडीज के खिलाफ बारबाडोस में होने वाले पहले टेस्ट मैच से बाहर रखा गया है। ऑस्ट्रेलियाई चयन समिति ने बुधवार से शुरु होने वाले पहले टेस्ट से लगभग एक सप्ताह पहले सैम कोंस्टास और जॉश इंग्लिस की टीम में वापसी की घोषणा की है। स्मिथ को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में स्लिप पर क्षेत्ररक्षण के दौरान चोट लगी थी। समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने शुक्रवार सुबह जारी एक बयान में कहा कि अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर लाबुशेन इस टीम का एक बहुत ही महत्त्वपूर्ण सदस्य हो सकता है। उसे पता है कि उसका प्रदर्शन उस स्तर पर नहीं रहा है जिसकी हम या वह उम्मीद करते हैं। हम उसके खेल के उन क्षेत्रों पर उसके साथ काम करना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि हमने स्टीव और लाबुशेन की जगह जोश और सैम को मौका देने का फैसला किया है। हम उन्हें अपने नवोदित टेस्ट करियर को आगे बढ़ाने का मौका मिलने पर उत्साहित हैं।



# सीपीएल 2025 से पहले ट्रिनबागो नाइट राइडर्स ने ब्रावो को मुख्य कोच नियुक्त किया

**त्रिनिदाद एंड टोबैगो,** 20 जून (एजेंसियां)। ट्रिनबागो नाइट राइडर्स (टीकेआर) ने कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) 2025 के आगामी सीजन के लिए वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो को अपना नया हेड कोच नियुक्त किया है। ब्रावो के नेतृत्व में टीकेआर 17 अगस्त से ऐतिहासिक 5वें सीपीएल खिताब की तलाश में अपनी यात्रा शुरू करेगी। फ्रेंचाइजी ने एक बयान में कहा कि मैच जिताने वाले प्रदर्शनों और चैंपियनशिप क्षणों से भरे एक शानदार खेल करियर के बाद, ब्रावो अब एक नई भूमिका में बागडोर संभालेंगे, और डगआउट से नाइट्स की अगली पीढ़ी को प्रेरित और प्रशिक्षित करने के लिए तैयार हैं ब्रावो ने 2013 से 2024 के बीच सीपीएल में 107 मैच खेले। उन्होंने 11 में से नौ सीजन में टीकेआर का प्रतिनिधित्व किया और पांच बार खिताब अपने नाम किया। जिसमें 2021 भी शामिल है, जब उन्होंने सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रियट्स का नेतृत्व किया था। 129 सीपीएल विकेट और 1,155 रन के साथ, ब्रावो सीपीएल इतिहास के सबसे सफल क्रिकेटरों में से एक हैं। ब्रावो ने कहा कि टीकेआर का मुख्य कोच बनने का अवसर मिलना मेरे लिए सम्मान की बात है, यह एक ऐसी टीम है जो मेरे दिल के बहुत करीब है।



■ ब्रावो के नेतृत्व में टीकेआर 17 अगस्त से ऐतिहासिक 5वें सीपीएल खिताब की तलाश में अपनी यात्रा शुरू करेगी

# पंजाब, हरियाणा ने महिला वर्ग में, महाराष्ट्र और ओडिशा ने जीते पुरुष वर्ग के मुकाबले

**चेन्नई,** 19 जून (एजेंसियां)। प्रथम हॉकी इंडिया मास्टर्स कप 2025 के दूसरे दिन महिला वर्ग में पंजाब और हरियाणा ने अपने-अपने मैच जीते, जबकि पुरुष वर्ग में महाराष्ट्र और ओडिशा ने जीत दर्ज की। आज यहां खेले गये पहले मुकाबले में पंजाब ने महिला वर्ग में ओडिशा को 3-1 से हराया। पंजाब के लिए संगीता मिंज ने (तीसरे) मिनट, कैप्टन अमनदीप कौर ने (पांचवें) मिनट और नीति ने (26वें) मिनट में गोल किए, जबकि रंजीता बेक ने (50वें) हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा के लिए एकमात्र सांत्वना गोल ही कर सकीं। दूसरे मैच में हरियाणा ने महिला वर्ग में तमिलनाडु को 8-4 से हराया। तमिलनाडु के लिए सुरेश रसना बाबू ने (दूसरे, 20वें) मिनट में गोल किए, जबकि क्रिस्टी एलेना एडवर्ड ने (40वें) और सौम्या ने (56वें) मिनट में एक-एक गोल किया। दूसरी ओर, चिंगखुबाम संगाई इबेमहाल ने (तीसरे, 10वें, 13वें) मिनट और सोनिका यादव ने (32वें, 49वें, 51वें) मिनट में गोलकर हैट्रिक बनाकर मैच को अपने प्रतिद्वंद्वी से दूर कर दिया। सुमन लता चुम्बक ने (26वें) और नीतू कुमारी (44वें) मिनट में एक-एक गोल करके टूर्नामेंट में पहली जीत सुनिश्चित की। पुरुष वर्ग में महाराष्ट्र ने मणिपुर को 7-1 से हराया। कप्तान धनंजय महादिक ने (34वें, 36वें) मिनट में दो गोल करके शीर्ष गोल स्कोरर रहे।



# टिम पेन को ऑस्ट्रेलिया 'ए' पुरुष टीम का हेड कोच नियुक्त किया गया

**मेलबर्न,** 20 जून (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट कप्तान टिम पेन को बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। उन्हें श्रीलंका के खिलाफ होने वाली सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया ए पुरुष टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। इस सीरीज की शुरुआत 4 जुलाई से डार्विन में श्रीलंका ए के खिलाफ सीरीज से होगी। डार्विन में श्रीलंका ए के खिलाफ सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया ए के कोचिंग समूह में टिम पेन के साथ राष्ट्रीय तेज गेंदबाजी कोच एडम ग्रिफिथ, ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम के सहायक कोच स्कॉट प्रेस्टिज, और नॉर्दर्न टेरिटरी क्रिकेट के पाथवे और डेवलपमेंट कोच ट्रेंट कोप शामिल होंगे। राष्ट्रीय टीमों के सीए कार्यकारी महाप्रबंधक बेन ओलिवर ने टिम पेन के ऑस्ट्रेलिया ए के मुख्य कोच के रूप में नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि टिम पिछले दो वर्षों से राष्ट्रीय कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं और अब इस भूमिका में भविष्य के ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटरों को निखारने के लिए अपने पैशन और आधुनिक कोचिंग अनुभव का उपयोग करेंगे। टिम का समृद्ध खेल और कोचिंग अनुभव उभरते खिलाड़ियों को अगले स्तर तक ले जाने में महत्त्वपूर्ण होगा। पेन ने 2009 और 2021 के बीच राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व किया था। वह



ऑस्ट्रेलिया ए और एडिलेड स्ट्राइकर्स के लिए अपनी कोचिंग प्रतिबद्धताओं के अलावा आगामी सत्र में ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम को कोचिंग सहायता प्रदान करना जारी रखेंगे। उन्होंने पिछले दो वर्षों के दौरान ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम और ऑस्ट्रेलिया ए पुरुष कार्यक्रम के साथ सहायक

पिछले दो वर्षों से राष्ट्रीय कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं और अब इस भूमिका में भविष्य के ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटरों को निखारने के लिए अपने पैशन और आधुनिक कोचिंग अनुभव का उपयोग करेंगे : टिम टिम पेन

क्षमता में काम किया है और गत दिसंबर में भारत के खिलाफ पीएम इलेवन को कोचिंग दी थी। इस बीच, गैर-अनुबंधित बाएं हाथ के स्पिनर जेडेन जेह को भी डार्विन में श्रीलंका के खिलाफ मल्टी-फॉर्मेट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया ए की टीम में शामिल किया गया है। जेह ने पिछले सीजन में एसीटी के खिलाफ अपने पहले सेकंड इलेवन मैच में 27 रन देकर पांच विकेट लिए थे। उसके बाद जंक्शन ओवल में हुए मैच में ग्लेन मैक्सवेल को बाउंड्री पर कैच आउट कराया था। उन्होंने साउथ ब्रिसबेन के लिए प्रीमियर क्रिकेट में 27 विकेट लिए हैं और 465 रन बनाए हैं। श्रीलंका ए सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया ए टीम कुछ इस प्रकार है: सैम इलियट, मैट गिलकेस, ब्राइस जैक्सन, जेडेन जेह, कैम्पबेल केलावे, नाथन मैकस्वीनी, जैक निस्बेट, मिच पेरी, कर्टिस पैटरसन, ओलिवर पीक, जोश फिलिप, मैट रेनशॉ, जेसन संघा, लियाम स्कॉट, बिली स्टेनलेक, हेनरी थोर्नटन, जेक वेदरल्ड

# जिंबाब्वे टेस्ट सीरीज बावुमा बाहर, केशव महाराज करेंगे कप्तानी

**जोहान्सबर्ग,** 20 जून (एजेंसियां)। हाल ही में साउथ अफ्रीका को अपनी कप्तानी में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब दिलाने वाले टेंबा बावुमा जिंबाब्वे के खिलाफ होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह स्पिन गेंदबाज केशव महाराज कप्तानी करेंगे। टेंबा बावुमा बाएं टखने में खिंचाव की वजह से जिंबाब्वे के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर हुए हैं। यह इंजरी उन्हें विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के दौरान ही हुई थी, हालांकि तब उन्होंने इंजरी के साथ बैटिंग की थी और दूसरी पारी में 66 रन बनाकर टीम को चैंपियन बनाने में बड़ी भूमिका निभाई थी। क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, कि दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के कप्तान टेंबा बावुमा बाएं पैर में हैमस्ट्रिंग खिंचाव के कारण जिम्बाब्वे के खिलाफ आगामी दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। बावुमा को लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के तीसरे दिन दक्षिण अफ्रीका की दूसरी पारी के दौरान बल्लेबाजी करते समय चोट लगी थी। चोट की गंभीरता का आंकलन करने के लिए, उनका स्कैन किया जाएगा। उनकी अनुपस्थिति में केशव महाराज टीम की कप्तानी करेंगे। यह दो साल से कम समय में बावुमा की तीसरी हैमस्ट्रिंग इंजरी है। इससे पहले 2023 वनडे विश्व कप के दौरान चोट लगी थी। इंजरी के साथ वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल खेले थे। भारत के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट के दौरान भी उन्हें चोट लगी थी।
--आईएएनएस



■ टेंबा बावुमा बाएं टखने में खिंचाव की वजह से जिंबाब्वे के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर हुए हैं

# [अर्थ जगत]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| भारती एयरटेल | 3.27 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 2.93 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 2.38 प्रतिशत |
| रिलायंस | 2.16 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 1.97 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| श्री एम इंडिया | 1.36 प्रतिशत |
| आदित्य बिड़ला रे | 1.24 प्रतिशत |
| अडानी पावर | 0.90 प्रतिशत |
| अडानी टोटल गैस | 0.79 प्रतिशत |
| एसीसी | 0.08 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 98,691 |
| बिटुर | 88,730 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,06,775 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.85 | 90.26 |
| पौंड स्टर्लिंग | 105.22 | 122.04 |
| यूरो | 88.88 | 103.09 |
| चीन युआन | 8.4 | 13.63 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5700-5900 |
| दाल चना | 6700-6800 |
| मसूर काली | 7500-7600 |
| उड़द दाल | 9200-9300 |
| मूंग दाल | 9500-9600 |
| अरहर दाल | 8600-8700 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# इजरायल-ईरान संघर्ष से देश के चावल निर्यातकों को हो रहा नुकसान

**नई दिल्ली,** 20 जून (एजेंसियां)। इजरायल-ईरान संघर्ष का देश के चावल निर्यात पर काफी असर पड़ा है और ईरान जाने वाले चावल की शिपमेंट करीब रुक गई है। चावल निर्यातकों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

चावल निर्यातक नरेंद्र मिगलानी ने कहा कि ईरान और इजरायल के बीच चल रहे युद्ध का असर भारत के चावल निर्यातकों पर पड़ा है। संघर्ष के कारण ईरान के रास्ते जाने वाले चावल का निर्यात बंद हो गया है, जिससे हरियाणा, पंजाब, दिल्ली व यूपी से निर्यात होने वाला करीब 1 लाख मीट्रिक टन चावल बंदरगाहों पर ही रुक गया है। उन्होंने आगे कहा कि भारत, ईरान को सबसे ज्यादा बासमती चावल का निर्यात करता है। उसके बाद सऊदी अरब और तीसरे नंबर पर इराक को चावल निर्यात करता है।

मिगलानी ने आगे बताया कि युद्ध के कारण निर्यात होने वाले चावल की कीमतों में करीब 1200 प्रति क्विंटल की गिरावट आ गई है। निर्यातकों की सबसे बड़ी चिंता ईरान में फंसे उनके चावल के पैसे और पोर्ट लैंड पर खड़े उनके चावल कंटेनर को लेकर है, क्योंकि ईरान में निर्यात होने वाले चावल का कोई इंश्योरेंस नहीं होता, जिस कारण अब निर्यातकों को



■ ईरान को सबसे ज्यादा बासमती चावल का निर्यात करता है भारत
■ करीब एक लाख मीट्रिक टन चावल बंदरगाहों पर ही रुका


करोड़ों रुपए के चावल खराब होने का डर सता रहा है। दूसरी ओर ईरान जाने वाले चावल के निर्यात के लिए परमिट सिर्फ चार महीने के लिए बनता है, जिसमें तय समय सीमा के अंदर निर्यातकों को चावल की डिलीवरी देनी होती है। यदि तय समय पर चावल नहीं पहुंचता तो परमिट कैंसिल हो जाता है। इससे निर्यातकों को नुकसान होता है।

हाल ही में जारी क्रिसिल की रिपोर्ट में कहा गया कि इजरायल और ईरान के साथ भारत का सीधा व्यापार कुल व्यापार का 1 प्रतिशत से भी कम है। ईरान को भारत का मुख्य निर्यात बासमती चावल है, इजरायल के साथ व्यापार अधिक विविधतापूर्ण है और इसमें उर्वरक, हीरे और बिजली के उपकरण शामिल हैं।

रिपोर्ट में आगे कहा गया कि वित्त वर्ष 2025 में भारत के बासमती चावल निर्यात में ईरान और इजरायल का योगदान लगभग 14 प्रतिशत है।

## मध्य पूर्व में तनाव का भारतीय कंपनियों पर छोटी अवधि में होगा सीमित असर

**नई दिल्ली।** मध्य पूर्व में तनाव का अधिकांश भारतीय कंपनियों पर प्रभाव निकट भविष्य में सीमित रहने की उम्मीद है, क्योंकि कम पूंजीगत व्यय और कंपनियों की बैलेंस शीट की मजबूती संभावित कमजोरियों से सुरक्षा प्रदान करेगी। शुक्रवार को जारी क्रिसिल की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट में बताया गया कि अगर यह विवाद लंबा चलता है तो कच्चे तेल की कीमतें बढ़ेंगी और इससे महंगाई में इजाफा होगा। रिपोर्ट में कहा गया कि अभी तक मध्य पूर्व में जारी अनिश्चितताओं का भारतीय उद्योगों के वैश्विक व्यापार पर कोई खास असर नहीं पड़ा है। हालांकि, अगर स्थिति बिगड़ती है, तो बासमती चावल जैसे कुछ क्षेत्रों पर इसका ज्यादा असर पड़ सकता है और इस पर निगरानी की जरूरत होगी, जबकि उर्वरक और हीरे जैसे अन्य क्षेत्रों पर भी इसका कुछ असर पड़ सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, मध्य पूर्व क्षेत्र में अनिश्चितताओं ने वैश्विक कच्चे तेल के बाजारों को प्रभावित किया है, पिछले एक सप्ताह में ब्रेंट क्रूड 73-76 डॉलर प्रति बैरल (बीबीएल) की सीमा में बना हुआ है। वहीं, अप्रैल-मई 2025 के दौरान ब्रेंट क्रूड की औसत कीमत 65 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर थी। अगर कच्चे तेल की कीमतें लंबी अवधि तक ऊंची बनी रहती हैं, तो इससे भारत कंपनियों के मुनाफे पर असर पड़ सकता है। इसके अलावा, रिपोर्ट में कहा गया है कि लंबे समय तक अनिश्चितताओं के परिणामस्वरूप निर्यात/आयात आधारित क्षेत्रों के लिए हवाई/समुद्री माल ढुलाई लागत और बीमा प्रीमियम में वृद्धि हो सकती है।



## केंद्र ने सोना युक्त कीमती मिश्र धातुओं के आयात पर लगाया प्रतिबंध

**नई दिल्ली,** 20 जून (एजेंसियां)। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के संगठन विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने वजन के हिसाब से 1 प्रतिशत से अधिक सोने वाले पैलेडियम, रोडियम और इरिडियम के मिश्रधातुओं के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है। वाणिज्य मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, यह उपाय प्लेटिनम के आयात पर मौजूदा प्रतिबंध का विस्तार करता है।




बयान में कहा गया है कि इसमें अब 4 अंकों के स्तर पर संपूर्ण कस्टम्स टैरिफ हेडिंग (सीटीएच) 7110 शामिल है, जिससे कीमती धातुओं और उनके मिश्र धातुओं को नियंत्रित करने वाली आयात नीति में एकरूपता सुनिश्चित होती है। बयान में आगे कहा गया है कि यह नीति 1 प्रतिशत से कम सोने वाले मिश्र धातुओं के मुफ्त आयात की अनुमति देकर व्यापार को सुविधाजनक बनाती है, जिससे इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटो कंपोनेंट और स्पेशल केमिकल इंडस्ट्री सहित औद्योगिक और विनिर्माण क्षेत्रों के लिए बिना किसी व्यवधान के इनपुट की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित होती है। यह कैलिब्रेटेड दृष्टिकोण व्यापार सुविधा को नियामक निगरानी की आवश्यकता के साथ संतुलित करता है।

इसके अलावा, डीजीएफटी ने सीटीएच 2843 के अंतर्गत आने वाले कोलाइडल मेटल और कंपाउंड के आयात को प्रतिबंधित करने के लिए एक अधिसूचना जारी की है।

कैमिकल कंपाउंड की आड़ में सोने के आयात को विनियमित करने के लिए यह आवश्यक था। डीजीएफटी ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल और स्पेशल केमिकल इंडस्ट्री सहित औद्योगिक और विनिर्माण क्षेत्रों के लिए आयात प्राधिकरण के विरुद्ध आयात की अनुमति दी जाएगी, जिससे वास्तविक उपयोग के लिए बिना किसी व्यवधान के घरेलू उद्योग की आवश्यकता को पूरा किया जा सके।

## मई में आठ मुख्य उद्योगों ने दर्ज की`.7 प्रतिशत की वृद्धि

**नई दिल्ली,** 20 जून (एजेंसियां)। मई में आठ मुख्य उद्योगों (आईसीआई) के संयुक्त सूचकांक में पिछले साल के इसी महीने की तुलना में 0.7 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। यह जानकारी वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को जारी किए गए डेटा से मिली। सीमेंट, स्टील, कोयला और रिफाइनरी उत्पादों के उत्पादन में पिछले महीने सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई।

मंत्रालय ने कहा कि फरवरी, मार्च और अप्रैल के लिए आठ कोर उद्योगों के सूचकांक की अंतिम वृद्धि दर क्रमशः 3.4, 4.5 और एक प्रतिशत रही है। वित्त वर्ष 2025-26 के अप्रैल से मई के दौरान आईसीआई की संचयी



■ सीमेंट व स्टील रहे सबसे आगे

वृद्धि दर पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 0.8 प्रतिशत (अनंतिम) है।

मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, मई 2025 में कोयला उत्पादन में पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 2.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वित्त वर्ष 2025-26 के अप्रैल से मई के दौरान इसका संचयी सूचकांक पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 3.1 प्रतिशत बढ़ा है।

## भारतीय परिधान क्षेत्र में वर्ष 24-29 के दौरान 11 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान : एचएसबीसी

**नई दिल्ली,** 20 जून (एजेंसियां)। भारतीय परिधान क्षेत्र में वित्त वर्ष 2024-29 के दौरान 11 प्रतिशत के सीएजीआर से वृद्धि होने का अनुमान है। एचएसबीसी ग्लोबल इन्वेस्टमेंट रिसर्च के अनुसार, भारत के परिधान क्षेत्र में वित्त वर्ष 2020-24 के दौरान 11 प्रतिशत की सीएजीआर की वृद्धि हुई है, जो नॉमिनल जीडीपी और निजी अंतिम उपभोग व्यय (पीएफसीई) वृद्धि के अनुरूप है।

बढ़ती पहुंच और सामर्थ्य के कारण ब्रांडेड सेगमेंट में वित्त वर्ष 2012-24 के दौरान 16 प्रतिशत सीएजीआर देखी गई है। आगे बढ़ते हुए, विभिन्न परिधान सब-सेगमेंट में, गैर-औपचारिक परिधानों में सक्रिय परिधान (वित्त वर्ष 2024-29 में 25 प्रतिशत सीएजीआर



कोरोना के बाद के कैजुअल वियर के चलन से प्रेरित है) और संगठित मूल्य खुदरा (वित्त वर्ष 24-29 में 16 प्रतिशत सीएजीआर, असंगठित से बदलाव का सबसे बड़ा लाभार्थी) के साथ उच्च वृद्धि की उम्मीद है। रिपोर्ट में कहा गया है कि परिधान हालांकि ई-कॉमर्स, विदेशी ब्रांडों और बदलते फैशन साइकल से बाधित एक प्रतिस्पर्धी बाजार बना हुआ है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि हमारा

■ ई-कॉमर्स, विदेशी ब्रांडों व बदलते फैशन से बाधित एक प्रतिस्पर्धी बाजार बना हुआ है परिधान

मानना है कि फॉर्मेट मॉडल को इसके ग्राहक आधार और उनकी आपूर्ति श्रृंखलाओं पर बेहतर नियंत्रण के कारण लाभ प्राप्त है। साथ ही, परिधान क्षेत्र में उभरते जोखिमों को नेविगेट करने के लिए फॉर्मेट बेहतर हैं। रिपोर्ट में रिटेल अवसर के आकार और ई-कॉमर्स से सीमित व्यवधान को देखते हुए वैल्यू फैशन फॉर्मेट को प्राथमिकता दी गई है।

इस बीच, भारत का कपड़ा और परिधान निर्यात पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में अप्रैल 2025 में 7.45 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करता है।

## सार संक्षेप

### मोंट्रा इलेक्ट्रिक ने लांच किया तिपहिया वाहन 'सुपर कार्गो'

**नई दिल्ली।** मुरुगप्पा ग्रुप के स्वच्छ मोबिलिटी ब्रांड मोंट्रा इलेक्ट्रिक ने सुपर कार्गो इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर (तिपहिया वाहन) लॉन्च करने की घोषणा की जिसकी दिल्ली में शुरूआती एक्स शोरूम कीमत 4.37 लाख रुपए है। टीआई क्लीन मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक जलज गुप्ता ने सुपर कार्गो को यहां लांच किया। नया सुपर कार्गो आकर्षक मूल्य प्रस्ताव के साथ अंतिम-मील (लास्ट माइल) 3डब्ल्यू कार्गो खंड में आमूल बदलाव लाने के लिए तैयार है। ग्राहकों को सशक्त बनाने के लिए तैयार यह वाहन बेजोड़ रेंज और शक्ति प्रदान करता है, जो विभिन्न इलाकों में अधिक कमाई और सहज प्रदर्शन सुनिश्चित करता है। इस मौके पर कंपनी ने 2` से अधिक सुपर कार्गो की आपूर्ति के लिए समझौता भी किया। सुपर कार्गो में 13.8 केडब्ल्यूएच की लिथियम-आयन बैटरी है जो 1 7 किलोमीटर की श्रेणी में ऑन-रोड रेंज प्रदान करती है।

### यूटेलसैट में भारती स्पेस करेगी 3.14 करोड़ यूरो का निवेश

**नई दिल्ली।** फ्रांसीसी उपग्रह ऑपरेटर यूटेलसैट के 1.35 अरब यूरो (1125 करोड़ रुपए) की पूंजी जुटाने की योजना के तहत भारती एंटरप्राइजेज का अंतरिक्ष उद्यम भारती स्पेस लिमिटेड 3.14 करोड़ यूरो का निवेश करेगा जो लगभग 313 करोड़ रुपए या 3.6 करोड़ डॉलर के बराबर है। पूंजी जुटाने का काम ऐसे समय में किया जा रहा है, जब सैटेलाइट इंटरनेट क्षेत्र में, खास तौर पर भारत में, गतिविधियां बढ़ गई हैं। यूटेलसैट द्वारा गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, कंपनी का लक्ष्य नए फंड का इस्तेमाल कर्ज कम करने और सैटेलाइट तारामंडल में निवेश बढ़ाना है, क्योंकि यह वैश्विक अंतरिक्ष संचार बाजार में अपनी भूमिका को मजबूत करने के लिए काम कर रही है। यूटेलसैट 71.6 करोड़ यूरो (6,865 करोड़ रुपए) की आरक्षित पूंजी वृद्धि और 63.4 करोड़ यूरो (6,33 करोड़ रुपए) के राइट्स इश्यू के मिश्रण के माध्यम से पूंजी जुटा रहा है।

### सोना-चांदी की कीमतों में हुई गिरावट

**नई दिल्ली।** सोना और चांदी खरीदारों के लिए अच्छी खबर है। दोनों कीमती धातुओं की कीमतों में शुक्रवार को गिरावट देखने को मिली है। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट के 1` ग्राम सोने का दाम 57 रुपए कम होकर 98,691 रुपए हो गया है, जो कि पहले 99,261 रुपए था। 22 कैरेट सोने का दाम कम होकर 9,41 रुपए प्रति 1` ग्राम हो गया है, जो कि पहले 9,923 रुपए पर था। वहीं, 18 कैरेट सोने की कीमत 74,446 रुपए प्रति 1` ग्राम से कम होकर 74`,18 रुपए प्रति 1` ग्राम हो गई है। सोने के साथ चांदी की कीमतों में भी गिरावट हुई है। चांदी का दाम 68 रुपए कम होकर 1`,6,775 रुपए प्रति किलो हो गया है, जो कि पहले 1`,7,383 रुपए प्रति किलो था।


# लिवाली की बदौलत गिरावट से उबरा बाजार

■ सेंसेक्स 1.29 प्रतिशत की छलांग लगाकर 82408.17 अंक पर
■ निफ्टी 1.29 प्रतिशत की तेजी के साथ 25112.40 अंक पर बंद

**मुंबई,** 20 जून (एजेंसियां)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के इजराइल-ईरान संघर्ष में अमेरिकी सैन्य भागीदारी का निर्णय वापस लेने से यूरोपीय बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत पिछले लगातार तीन दिनों की गिरावट से उबरकर आज शेयर बाजार एक प्रतिशत से अधिक उछल गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1046.30 अंक अर्थात 1.29 प्रतिशत की छलांग लगाकर 82408.17 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 319.15 अंक यानी 1.29 प्रतिशत की तेजी के साथ 25112.40 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.20 प्रतिशत उछलकर 45,480.26 अंक और स्मॉलकैप 0.55 प्रतिशत मजबूत होकर 52,378.52 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4094 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2463 में तेजी जबकि 1484 में गिरावट रही वहीं 147 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2954 कंपनियों के शेयरों में से 1912 में लिवाली जबकि 963 में बिकवाली हुई वहीं 79 में टिकाव रहा।




बीएसई के सभी 21 समूहों का रुझान सकारात्मक रहा। इससे कमोडिटीज 0.54, सीडी 1.12, ऊर्जा 0.99, एफएमसीजी 0.52, वित्तीय सेवाएं 1.35, हेल्थकेयर 0.78, इंडस्ट्रियल्स 1.21, आईटी 0.65, दूरसंचार 2.73, यूटिलिटीज 1.62, ऑटो 0.84, बैंकिंग 1.15, कैपिटल गुड्स 1.17, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.84, धातु 1.10, तेल एवं गैस 0.61, पावर 1.46, रियल्टी 2.22, टेक 1.42, सर्विसेज 0.99 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.83 प्रतिशत उछल गए।

शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स सात अंक फिसलकर 81,354.85 अंक पर लगभग सपाट खुला और बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 81,323.20 अंक के निचले स्तर पर आ गया। वहीं, लिवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 82,494.49 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 81,361.87 अंक के मुकाबले 1.29 प्रतिशत की छलांग लगाकर 82408.17 अंक हो गया।

इसी तरह निफ्टी भी छह अंक उतरकर 24,787.65 अंक पर सपाट खुला और सत्र के दौरान 24,783.65 अंक के निचले जबकि 25,136.20 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले दिवस के 24,793.25 अंक की तुलना में 1.29 प्रतिशत की तेजी के साथ 25,112.40 अंक पर बंद हुआ।

इस दौरान सेंसेक्स में मारुति की 0.02 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर अन्य कंपनियों में तेजी रही। भारती एयरटेल 3.27, महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.93, पावरग्रिड 2.38, रिलायंस 2.16, नेस्ले इंडिया 1.97, एनटीपीसी 1.70, इटरनल 1.62, एचडीएफसी बैंक 1.60, एचसीएल टेक 1.51, एसबीआई 1.44, आईसीआईसीआई बैंक 1.13, कोटक बैंक 1.13, एलटी 1.12, सन फार्मा 1.01 और अडानी पोर्ट्स के शेयर 0.99 प्रतिशत लाभ में रहे। बजाज फिनसर्व 0.85, टेक महिंद्रा 0.78, एशियन पेंट 0.73, टाटा स्टील 0.63, आईटीसी 0.59, टाटा मोटर्स 0.58 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

## 2025 की पहली तिमाही में ग्लोबल सुपर-प्राइम प्रॉपर्टी की बिक्री में 6 प्रतिशत की वृद्धि

**नई दिल्ली,** 20 जून (एजेंसियां)। सुपर-प्राइम आवासीय संपत्तियों के वैश्विक बाजार में 2025 की पहली तिमाही के दौरान लेनदेन में 6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। यह जानकारी शुक्रवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई।



रियल एस्टेट कंसल्टेंसी नाइट फ्रैंक द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, 2025 की पहली तिमाही में 12 वैश्विक शहरों में 9.43 बिलियन डॉलर के कुल 527 सुपर-प्राइम सौदे दर्ज किए गए। इन लग्जरी घरों की औसत बिक्री कीमत 17.9 मिलियन डॉलर रही। दुबई ने 111 सौदों के साथ एक बार फिर वैश्विक रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया, जिसमें सबसे अधिक लेनदेन और सबसे अधिक लेनदेन मात्रा दर्ज की गई। पाम बीच और मियामी ने भी मजबूत प्रदर्शन किया। पाम बीच में 2025 की पहली तिमाही में 74 डील के साथ शानदार वृद्धि देखी गई, जो 2023 की चौथी तिमाही में केवल 21 डील से अपनी रिकवरी जारी रखती है। मियामी में डील की संख्या में सालाना आधार पर 35 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जिसमें पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में लेन-देन की मात्रा लगभग दोगुनी हो गई। न्यूयॉर्क में 75 लेन-देन दर्ज किए गए, जबकि लंदन और हांगकांग में 2023 के अंत में मजबूत समापन के बाद कुछ कमी आई। हांगकांग में डील की संख्या घटकर 42 हो गई।

# अधिकांश खाद्य तेलों में तेजी, चीनी सस्ती व अन्य जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 20 जून (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर मांग निकलने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में अधिकांश खाद्य तेलों में तेजी रही जबकि चीनी सस्ती हो गई वहीं अन्य जिंसों में टिकाव रहा।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जुलाई वायदा 11 रिंगिट फिसलकर 4067 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.45 सेंट की गिरावट के साथ 55.22 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सूरजमुखी तेल 365 रुपए, सोया रिफाइंड 183 रुपए और पाम ऑयल 333 रुपए प्रति क्विंटल महंगे हो गए। वहीं, सरसों तेल, मूंगफली तेल और वनस्पति तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चीनी 300 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हो गई। वहीं, गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 5700-5900, दाल चना 6700-6800, मसूर काली 7600-7700, मूंग दाल 9350-9450, उड़द दाल 9300-9400, अरहर दाल 8600-8700 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3650-3750 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

# इंजीनियरिंग निर्यात में 6 प्रतिशत का उछाल

**नई दिल्ली,** 20 जून (एजेंसियां)। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि 2014 से भारत के इंजीनियरिंग सामानों के निर्यात में 60 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

'मेक इन इंडिया' पहल की सफलता पर प्रकाश डालते हुए केंद्रीय मंत्री गोयल ने इंजीनियरिंग निर्यात में लगातार वृद्धि का श्रेय पिछले एक दशक में सरकार के केंद्रित प्रयासों को दिया। केंद्रीय मंत्री गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, भारत 2014 से मोदी सरकार के तहत आगे बढ़ रहा है! इंजीनियरिंग सामान के निर्यात में 60 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो मेक इन इंडिया की मजबूत सफलता को दर्शाता है।

इंजीनियरिंग निर्यात में यह वृद्धि ऐसे समय में हुई है जब भारत का व्यापक औद्योगिक प्रदर्शन भी लगातार सुधार दर्ज करवा रहा है।

सांख्यिकी मंत्रालय के पिछले आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल 2025 में औद्योगिक उत्पादन में सालाना आधार पर 2.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई। भारत की आर्थिक वृद्धि का एक प्रमुख स्तंभ, मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर ने अप्रैल में 3.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जो मार्च में 3 प्रतिशत की वृद्धि से बेहतर है। इस वृद्धि में बेसिक मेटल, मोटर व्हीकल और मशीनरी जैसे क्षेत्र सबसे अधिक योगदान देने वाले क्षेत्रों में से थे। अकेले मशीनरी और उपकरणों के निर्माण में 17 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो घरेलू और निर्यात दोनों बाजारों में मजबूत मांग की ओर इशारा करता है। औद्योगिक और इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं में उपयोग किए जाने वाले उपकरणों के उत्पादन में 20.3 प्रतिशत की तीव्र वृद्धि देखी गई। यह न केवल उच्च निवेश गतिविधि का संकेत देता है।

## पीयूष गोयल ने की ब्रिटिश अधिकारियों व उद्योग जगत के नेताओं से मुलाकात

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कई शीर्ष ब्रिटिश अधिकारियों और उद्योग जगत के नेताओं से मुलाकात की। उन्होंने फाइनेंशियल फ्रेमवर्क और एआई जैसी उभरती तकनीकों में सहयोग के अवसरों पर चर्चा की। केंद्रीय मंत्री ने ब्रिटेन में एक्सचेकर की चांसलर रेचल रीव्स से मुलाकात की और भारत-ब्रिटेन आर्थिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए फाइनेंशियल फ्रेमवर्क्स, सस्टेनेबल फाइनेंस और नए व्यापार अवसरों को पेश करने में सहयोग के अवसरों पर चर्चा की। केंद्रीय मंत्री गोयल ने ब्रिटेन स्थित बिजनेस फाइनेंशियल प्लेटफॉर्म टाइड के सीईओ ओलिवर प्रिल के साथ भी महत्वपूर्ण चर्चा की। केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि डिजिटल दुनिया में भारत की प्रगति के साथ, हमने फिनटेक इकोसिस्टम, डिजिटल सशक्तीकरण और दोनों अर्थव्यवस्थाओं में एसएमई के नेतृत्व वाली वृद्धि को बढ़ावा देने पर चर्चा की।



# जमीन बंटवारा की बात पर छोटी बहन के पुत्र ने ही की अपनी बड़ी मां की हत्या

## ग्राम खुरदुर में बुजुर्ग महिला के हुए अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में पुलिस को मिली सफलता

### अपने नाना के जमीन पर बड़ी मां (मृतिका) द्वारा हिस्सा नहीं दिए जाने को लेकर था नाराज

**बिलासपुर**, 20 जून (देशबन्धु)। कोटा थाना अंतर्गत खुरदुर ग्राम में बुजुर्ग महिला की हत्या का मामला कोटा पुलिस ने 24 घंटे के भीतर ही सुलझा लिया है ।मृतका की छोटी बहन के बेटे ने ही जमीन बंटवारा को लेकर मृतका की हत्या की थी ।पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

18.जून को थाना कोटा में सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम खुरदुर के होल्हे मैदान में बुजुर्ग महिला श्रीमती कुंवारियां बाई बघेल की अज्ञात व्यक्ति के द्वारा धारदार कुल्हाड़ी से सिर एवं गला के पास वार कर हत्या कर दिया है , जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया , वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के द्वारा मामले को गंभीरता एवं संवेदनशीलता पूर्वक लेते हुए तत्काल इसमें वैज्ञानिक विवेचना करते हुए अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिया गया।

घटना की सूचना मिलते ही, श्रीमती अर्चना झा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं श्रीमती नूपुर उपाध्याय अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कोटा , थाना प्रभारी कोटा एवं थाने की टीम घटनास्थल पर पहुंचे। फोरेंसिक की टीम एवं डॉग स्कॉट के द्वारा भी घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। घटनास्थल निरीक्षण उपरांत मर्ग पंचनामा कर, थाना कोटा में



अपराध क्रमांक 593/2025 धारा 103(1) बी.एन.एस. कायम किया गया है। विवेचना दौरान घटना के आसपास निवासरत ग्राम वासियों तथा मृतका के परिजनों से पूछताछ की गई। पूछताछ में पता चला कि मृतिका लगभग 60 वर्षीय थी एवं अकेले निवास करती थी, उसके पति एवं कोई संतान नहीं थे। उसकी स्वयं की एवं पिता की लगभग चार एकड़ जमीन थी, जिसकी कृषि से प्राप्त आय से जीवन यापन करती थी। मृतिका पांच बहने थी, जिनमें जमीन का बंटवारा नहीं हुआ था। उसके घर के पास ही उसकी बहन का बेटा सौखी नवरंग अपने परिवार के साथ रहता था। संदेह के आधार पर मृतका के कुछ रिश्तेदारों से पूछताछ प्रारंभ की गई, तथा घटना के संबंध में साक्षी एकत्रित किए गए। संदेही सौखी नवरंग को तलब कर घटना के संबंध में बारीकी से पूछताछ किया गया जो अपनी बड़ी मां मृतिका श्रीमती कुंवारियां बाई बघेल पिता समेलाल उम्र 60 वर्ष के साथ जमीन बटवारा की बात पर विवाद होना पिछले दो-तीन साल से बातचीत बंद होना एवं इसी नाराजगी में मौका देखकर धारदार टांगिया से सिर एवं गले पर वार कर हत्या करना कबूल किया। आरोपी सौखी नवरंग पिता भगत राम नवरंग उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम खुरदुर थाना कोटा को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।



उक्त विवेचना कार्यवाही में निरीक्षक थाना प्रभारी तोप सिंह नवरंग , सहायक उप निरीक्षक ओंकार प्रसाद बंजारे, प्रधान आरक्षक 938 घनश्याम आडिल , आरक्षक 1086 भोप साहू, आरक्षक 252 जलेश्वर साहू , आरक्षक 1206 सोमेश्वर साहू, आरक्षक 1507 अजय सोनी एवं अन्य स्टाफ का विशेष भूमिका रही।

# डीआरएम ने यात्री सुविधा विकास को बताया मंडल की सर्वोच्च प्राथमिकता



### मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न

**बिलासपुर**, 20 जून (देशबन्धु)। मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति की बैठक मंडल सभाकक्ष में आज 20 जून को प्रात: 11.30 बजे से मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉबी जमकियार, वरिष्ठ मंडल अभियंता(समन्वय) राजीव कुमार, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता (समन्वय) गिरिजा शंकर, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक विशाल गर्ग एवं अन्य शाखाधिकारियों सहित मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति के कुल 14 सदस्यों में से अखिलेश सोनथालिया बिलासपुर, जी रविकुमार बिलासपुर, अजय कुमार भट्ट बिलासपुर, अखिल अग्रवाल कोरबा, अनुज सेन उमरिया, राकेश गुप्ता शहडोल, अजय कुमार शुक्ला चंदियारोड, सुनील खरे शहडोल, विकास कुमार अग्रवाल बेलपहाड़, शक्ति अग्रवाल रायगढ़, प्रांजल संजय तामस्कर रायगढ़ सहित 11 सदस्य शामिल हुए। बैठक में प्रमुख रूप से सभी गाड़ियों के ठहराव और स्टेशनों में यात्रियों की अनुकूल सुविधाओं के विस्तार को लेकर चर्चा के साथ ही अन्य कई मुद्दे शामिल किए गई।

### सुविधाओं और विकास पर चर्चा

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह द्वारा स्वागत अभिभाषण व परिचय के साथ बैठक की शुरुआत की गई। इसके पश्चात मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्यों द्वारा भेजे गये एजेंन्डा तथा सुझावों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। सदस्यों द्वारा मंडल में हो रहे विकास कार्यों, उपलब्ध यात्री सुविधाओं की प्रशंसा की गई।

साथ ही सदस्यों द्वारा अपने क्षेत्रों से संबन्धित मुद्दों के माध्यम से स्थानीय स्तर की समस्याओं तथा जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप विभिन्न स्टेशनों में यात्री सुविधा का विस्तार करने की आवश्कताओं से अवगत कराया गया। विभिन्न स्टेशनों में यात्री सुविधाओं तथा रेलवे विकास से संबंधित अनेक मुद्दों पर भी चर्चा हुई।

### सहयोग और सुझावों के लिए धन्यवाद किया

बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल ने समिति के सहयोग एवं सुझावों के लिए धन्यवाद करते हुए कहा कि यात्रियों की सुविधा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और यात्री सुविधाओं का सतत विकास के साथ हम सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार हेतु प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने मंडल के अंतर्गत चल रहे अमृत भारत स्टेशन योजना, रेल सुविधाओं के डिजिटलीकरण, स्वच्छता, सुरक्षा, खानपान सेवाओं एवं यात्री सुविधाओं के विस्तार से समिति को अवगत कराया।

### अंबिकापुर का पुनर्विकास राष्ट्र को समर्पित

मंडल रेल प्रबंधक ने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा 22 मई 2025 को अम्बिकापुर स्टेशन का पुनर्विकसित स्वरूप राष्ट्र को समर्पित किया गया, जो मंडल की एक प्रमुख उपलब्धि है। साथ ही अन्य 17 स्टेशनों पर भी पुनर्विकास का कार्य तीव्र गति से प्रगति पर है। बैठक में समिति के सदस्यों द्वारा यात्री सुविधाओं से संबंधित सुझाव एवं समस्याएं रखी गईं, जिन पर मंडल प्रशासन ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए समाधान का भरोसा दिलाया। बैठक खुशहाल एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में विचार-विमर्श, सहयोग और समाधान की भावना के साथ संपन्न हुई।

# पत्नी से अवैध संबंध के शक में मारपीट कर हत्या करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर**, 20 जून (देशबन्धु)। दो दिन पूर्व 18 जून की रात्रि 08 बजे करीबन मृतक नंद किशोर वैष्णव को आरोपीगण गौकरण गेंदले , गजेन्द्र सेंगर, शैलेन्द्र सेंगर द्वारा मारपीट करने पर मृतक के हाथ, पैर, कंधा, चेहरा, पीठ में चोट आया था जिसे डायल 112 द्वारा बिल्हा अस्पताल ले जाया गया था जहाँ ईलाज कराकर वापस अपने वर्तमान निवास सब्जी मार्केट पानी टंकी के पास चकरभाठा छोडा गया था। रात्रि करीबन 12.30 बजे पुन: तबीयत खराब होने पर इसे डायल 112 द्वारा ईलाज हेतु बिल्हा अस्पताल ले जाया गया जहाँ डाक्टर द्वारा इसे मृत घोषित कर दिया गया। आरोपीगणो को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर मारपीट करना कबूल किये है।



आरोपी गौकरण गेंदले की पत्नी से मृतक का पुरानी जान पहचान होने के कारण मृतक उससे मिलने उसके घर गया था उसी समय गौकरण वहां पहुंच गया और उसने अपनी पत्नी से संबंध होने की शंका में आरोपियों के साथ मिलकर मृतक को हाथ मुक्का लात और लकड़ी के बत्ता से मारपीट करने से मृतक को चोट लगा था जिसके कारण उसकी मृत्यु हो गई। प्रकरण में तीनों आरोपियों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 103 (हत्या) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। उक्त अपराध में तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है जिन्हें न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया है।

**आरोपी**-शैलेंद्र सेंगर पिता राधेलाल सेंगर उम्र 21 वर्ष निवासी अनुराग स्कूल के पास वार्ड क्रमांक 7 चकरभाठा बिलासपुर। गजेंद्र सेंगर पिता राधेलाल सेंगर उम्र 23 वर्ष निवासी अनुराग स्कूल के पास वार्ड क्रमांक 7 चकरभाठा बिलासपुर। गौकरण गेंदले पिता सुखीराम गेंदले उम्र 36 वर्ष निवासी गुमा पोस्ट बिटकुली थाना बिल्हा जिला बिलासपुर।


**NECC**

| 21.06.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 521 | 85 | 165 |
| चिल्हर | 6.75 | 100 | 190 |
| डिलीवरी | 535 सैकड़ा | | |

दर्जन अंडा 75 रु.

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.

CSPFA




प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 फोन- 07752 422771